स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बुधवार
3 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 3
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 281 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

आलोचनाओं के बाद बीसीसीआई का बड़ा फैसला अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में आकीब नबी को किया शामिल



मुख्यमंत्री ने कुशीनगर में किया 278 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

# यूपी से माफिया व मच्छर खत्म : योगी

**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 278 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने तमकुही राज और पावा नगर की पवित्र भूमि पर आने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के बाद यह उनका पहला दौरा है। यह स्थान भगवान राम

- सीएम बोले पहले जंगल पार्टी का आतंक था

के पुत्र कुश से जुड़ा हुआ है। यह भूमि भगवान बुद्ध और भगवान महावीर से भी संबंधित है। कुशीनगर ऐसी समृद्ध और गौरवशाली विरासत का साक्षी है।

मुख्यमंत्री ने नौ-दस साल पहले की स्थितियों को याद किया। उन्होंने बताया कि तब पहचान का संकट और बीमारी का संकट था। हर तरह के माफियाओं, जैसे रेत माफिया और खनन माफिया, का आतंक था। जंगल पार्टी का भी



खौफ फैला हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ-दस साल पहले कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी। जंगल पार्टी के आतंक से लोग भयभीत रहते थे। उस समय अराजकता और कानूनहीनता का माहौल था। आज की पीढ़ी, खासकर 25 साल से कम उम्र के लोग, शायद उस डर को नहीं जानते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने माफिया को उत्तर प्रदेश से समाप्त किया है और मच्छरों को भी समाप्त किया है। मच्छर बीमारियां लाते हैं और माफिया बेरोजगारी लाते हैं। बीमारी और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करके आज उत्तर प्रदेश में जब कोई नौकरी निकलती है तो उसमें हमारे कुशीनगर के नौजवान भी नियुक्ति पत्र प्राप्त करते हैं।

### फाजिल नगर अब होगा पावागढ़

सीएम योगी ने इस दौरान बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि फाजिल नगर का नाम अब पावागढ़ होगा।

# केंद्र ने बदले अप्रवासन और विदेशी नागरिक संबंधी नियम

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अप्रवासन और विदेशी नागरिक संबंधी नियमों (इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स रूल्स, 2025) में संशोधन करते हुए विदेशी नागरिकों के पंजीकरण संबंधी नियमों में बदलाव किया है। नए प्रावधान के तहत 180 दिन या उससे कम अवधि के वीजा पर भारत आने वाले विदेशी नागरिकों को, अगर वे वीजा अवधि से अधिक समय तक भारत में रहना चाहते हैं, तो 180 दिन की समयसीमा खत्म

- समयसीमा खत्म होने से पहले अनिवार्य होगा पंजीकरण

होने से पहले अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। गृह मंत्रालय की ओर से सोमवार को अधिसूचित किए गए इस संशोधन ने पहले के उस प्रावधान की जगह ली है, जिसके तहत भारत आने के 180 दिन पूरे होने के बाद विदेशी नागरिक समयसीमा खत्म होने के बाद 14 दिनों के भीतर पंजीकरण करा सकते थे। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, नियम 12 में संशोधन करते हुए भारत आगमन के 180 दिन पूरे होने के 14 दिनों के भीतर शब्दों के स्थान पर 180 दिनों की अवधि समाप्त होने से पहले किसी भी समय शब्द जोड़े गए हैं।

नए नियमों में साफ किया गया है कि ऐसे मामलों में पंजीकरण केवल आपात परिस्थितियों में ही मंजूर किया जाएगा। संशोधित नियमों में उन बच्चों को भी आंशिक राहत दी गई है जिनके माता-पिता में से एक या दोनों



विदेशी नागरिक हैं। पहले के नियमों के अनुसार, ऐसे बच्चे के जन्म पर माता-पिता को वीजा सेवाओं, नए वीजा या एग्जिट परमिट जैसी सुविधाओं के लिए 30 दिनों के भीतर ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण अधिकारी को सूचना देनी होती थी। नई अधिसूचना के मुताबिक, अगर माता-पिता में से एक भारतीय नागरिक है और वह बच्चे की भारतीय नागरिकता बनाए रखना चाहता है, तो यह प्रावधान लागू नहीं होगा। हालांकि, अगर बच्चा बाद में भारत में रहते हुए किसी विदेशी देश की नागरिकता प्राप्त कर लेता है, तो माता-पिता में से किसी एक को बच्चे द्वारा विदेशी नागरिकता हासिल करने के 30 दिनों के भीतर इसकी सूचना पंजीकरण अधिकारी को देनी होगी।

# बंगाल में टीएमसी तोड़ सकते हैं निकाले गए विधायक

**कोलकाता।** ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस दो गुटों में बंट सकती है। पार्टी से निकाले गए नेता रिजू

- बोले- हम असली तृणमूल, 50 से ज्यादा एमएलए साथ
- नेता विपक्ष हमारा हो, चुनाव चिन्ह भी मिले

दत्ता ने दावा किया कि 80 में से 50 से ज्यादा विधायक खुद को असली तृणमूल बताने की तैयारी कर रहे हैं। रिजू ने दावा किया है कि आज ये सभी विधायक विधानसभा स्पीकर के पास जाएंगे और तीन मुद्दे उठाएंगे। पहला- हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है 50 विधायक हमारे साथ हैं। हम ही असली तृणमूल कांग्रेस हैं। दूसरा, विपक्ष के नेता ऋतुब्रत होंगे, न कि शोभनदेव। तीसरा, हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है, इसलिए चुनाव चिह्न हमारा होना चाहिए।

बंगाल में टीएमसी के 80 विधायक हैं। नए गुट को मान्यता के लिए दो-तिहाई यानी 54 विधायकों की जरूरत होगी। इससे कम विधायक होने पर स्पीकर नए गुट को मान्यता नहीं देंगे। टूट का दावा करने वाले रिजू दत्ता विधायक नहीं है।

# ईरान ने रोकी अमेरिका से सीजफायर वार्ता

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ सीजफायर वार्ता फिलहाल रोक दी है। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, तेहरान ने कहा है कि जब तक लेबनान में इजराइली हमले नहीं रुकते,

- होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद करने की तैयारी
- लेबनान पर हमलों के विरोध में फैसला

तब तक मध्यस्थों के जरिए अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान का कहना है कि लेबनान में शांति बनाए रखना सीजफायर की अहम शर्तों में शामिल था। लेकिन अब लेबनान समेत कई मोर्चों पर इस समझौते का उल्लंघन हो रहा है। ईरान ने गाजा और लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकने और लेबनानी क्षेत्र से



इजराइली सेना की पूरी वापसी की मांग की है। तेहरान का कहना है कि जब तक इन मुद्दों पर उसकी और उसके सहयोगियों मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक बातचीत दोबारा शुरू नहीं होगी। तस्नीम की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान और उसके सहयोगी होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह बंद करने और अन्य मोर्चों को एक्टिव करने के ऑप्शन पर भी विचार कर रहे हैं। इनमें लाल सागर के दक्षिणी हिस्से में स्थित बाब अल-मंदेब स्ट्रेट भी शामिल है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि उनका देश होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही आसान बनाए रखने के लिए तैयार है। जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची के साथ फोन पर बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान चाहता है कि जहाज बिना किसी परेशानी के अपने रास्ते से गुजर सकें। पजशकियान ने कहा कि मौजूदा दिक्कतों की बड़ी वजह अमेरिका की तरफ से ईरान पर लगाए गए प्रतिबंध हैं। ईरान कोशिश करेगा कि जापान के जहाज आसानी से और सुरक्षित तरीके से होर्मुज स्ट्रेट से गुजर सकें। ईरान ने अमेरिका के साथ चल रही बातचीत रोक दी है। इसके बाद दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 6 प्रतिशत बढ़कर 97 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। वहीं अमेरिकी कच्चा तेल (डब्ल्यूटीआई) लगभग 7.5 प्रतिशत बढ़कर 94 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। दरअसल, बाजार को उम्मीद थी कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौता हो सकता है, जिससे क्षेत्र में तनाव कम होगा। लेकिन बातचीत रुकने की खबर के बाद यह उम्मीद कमजोर पड़ गई। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि कुवैत में तैनात अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाकर दागी गईं दो ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया। सेना ने कहा कि दोनों मिसाइलों को तुरंत इंटरसेप्ट कर लिया गया। इस घटना में किसी भी अमेरिकी सैनिक को नुकसान नहीं पहुंचा। इस बीच ईरान ने अपने रुख का बचाव किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि ईरान को उन क्षेत्रीय सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई का अधिकार।

# मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने रंगदारी वसूली और स्थानीय लोगों को धमकाने के आरोप में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन पीएलए के दो कैडरों को सोमवार को इंफाल पूर्व जिले से गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान 49 वर्षीय मैबम अरुण सिंह और 30 वर्षीय थांगजाम सुरंकुमार सिंह के रूप में हुई है। इसके अलावा, केवाईकेएल के एक सदस्य को इंफाल पश्चिम जिले के एक कार्यालय परिसर से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 38 वर्षीय ब्रमाचारिमायुम सना शर्मा उर्फ इबुंगो उर्फ मनिसाना के रूप में हुई है।

# भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात कर अन्नामलाई ने सौंपा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत की सियासत एक बार फिर सुर्खियों में है। तमिलनाडु में चुनाव के बाद टीवीके प्रमुख विजय के नेतृत्व में

- अमित शाह से की मुलाकात

नई सरकार बन चुकी है। इसी बीच तमिलनाडु भाजपा के बड़े नेता के अन्नामलाई दिल्ली पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस्तीफा देने के बाद



अन्नामलाई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें अपनी बातों से अवगत कराया। राजनीतिक गलियारों में अन्नामलाई के इस्तीफे को लेकर काफी समय से चर्चा चल रही थी। पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई और पार्टी के बीच कुछ मनभेद की खबरें भी सामने आ रही थीं। सूत्रों के मुताबिक, अन्नामलाई अगले हफ्ते से अपने एक नए राजनीतिक सफर की शुरुआत कर सकते हैं। वे जब चेन्नई से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे, तभी से यह तय माना जा रहा था कि वे अपना इस्तीफा साथ लेकर जा रहे हैं।

# सीबीएसई में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल लोखंडे प्रशांत सीताराम नए चेयरमैन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीबीएसई से जुड़े मामलों में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। इन अधिकारियों के स्थान पर नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम सीबीएसई के नए प्रमुख नियुक्त किया गया है। वहीं, सीनियर ब्यूरोक्रैट वरुण भारद्वाज सीबीएसई के नए सचिव होंगे। गृह मंत्रालय के गृह विभाग के तहत अतिरिक्त सचिव के रूप में सेवा दे रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम अब सीबीएसई की कमान संभालेंगे। वहीं, राहुल सिंह को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने इस निर्णय को मंजूरी दी है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक वरुण भारद्वाज को सीबीएसई के सचिव (निदेशक स्तर) के पद पर नियुक्त किया गया है।

# सीबीएसई साइट पर बड़ा साइबर हमला

**नई दिल्ली।** सीबीएसई के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर मंगलवार को भारी ट्रैफिक के बीच साइबर अटैक की कोशिश की गई। बोर्ड के अनुसार

- दो मिनट में आए 15 लाख हिट

कुछ दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने पोर्टल की सेवाओं को बाधित करने के लिए लगातार साइबर हमले किए। इसके बावजूद हजारों छात्रों ने सफलतापूर्वक अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी की। सीबीएसई ने जानकारी दी कि फिलहाल री-इवैल्यूएशन पोर्टल एक समय में 8,000 से अधिक रीयल टाइम यूजर्स को सपोर्ट कर रहा है। मंगलवार दोपहर 3 बजे तक 16,000 से ज्यादा छात्र सफलतापूर्वक अपने आवेदन जमा कर चुके थे।

**2 मिनट में 15 लाख हिट, अनधिकृत एक्सेस की भी कोशिश**

बोर्ड के अनुसार हाल ही में पोर्टल पर डिनायल ऑफ सर्विस अटैक की कोशिश की गई। इस दौरान महज 2 मिनट के भीतर पोर्टल पर करीब 15 लाख हिट दर्ज किए गए। इसके अलावा 1 लाख से अधिक बार अनधिकृत फाइल एक्सेस करने की कोशिश भी की गई। सीबीएसई ने कहा कि उसकी तकनीकी टीमें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं ताकि छात्रों को किसी तरह की परेशानी न हो। सीबीएसई ने बताया कि छात्रों से मिले सुझावों और फीडबैक के आधार पर पोर्टल में कुछ सुधार भी किए गए हैं। इसमें सत्र की समय सीमा बढ़ाना भी शामिल है ताकि छात्र बिना किसी जल्दबाजी के आसानी से आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकें। बोर्ड का कहना है कि प्लेटफॉर्म को अधिक सुविधाजनक और सुचारु बनाने के लिए लगातार सुधार किए जा रहे हैं।

# मुंबई : डिब्बावालों का वजूद संकट में

**मुंबई।** जब मुंबई पूरी तरह जागी भी नहीं होती, सफेद टोपी और कुर्ते में कुछ लोग साइकिलों पर ऊंचे-ऊंचे टिफिन के ढेर लेकर रेलवे स्टेशनों पर पहुंच जाते हैं। ट्रेन में चढ़ते हैं, शहर पार करते हैं और फिर पैदल या साइकिल से घर का बना गरम खाना दफ्तरों तक पहुंचाते हैं। ये हैं मुंबई के डिब्बावाले- एक ऐसी व्यवस्था,

- हार्वर्ड ने कभी लॉजिस्टिक्स का मास्टरक्लास बताया था
- प्रिंस चार्ल्स खुद देखने आए थे

जिसे हार्वर्ड बिजनेस स्कूल ने कम लागत के लॉजिस्टिक्स का मास्टरक्लास बताया और जिसे देखने 2003 में तत्कालीन प्रिंस चार्ल्स खुद मुंबई आए थे। लेकिन आज यही डिब्बावाले वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं। डिब्बावाला व्यवस्था की शुरुआत 19वीं सदी के आखिर में हुई, जब ब्रिटिश राज के दौरान बॉम्बे (अब मुंबई) तेजी से फैल रहा था। दफ्तर जाने वाले लोगों को घर का खाना चाहिए था।



बीबीसी वर्ल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, 1890 में महादेव बाचचे ने 100 कामगारों के साथ इसे व्यवस्थित रूप दिया। धीरे-धीरे यह व्यवस्था इतनी सटीक हो गई कि बिना किसी एप या जीपीएस के रोज हजारों टिफिन सही पते पर पहुंचने लगे। अपने चरम पर 4,500 डिब्बावाले रोज 50,000 से ज्यादा टिफिन पहुंचाते थे। फिर कोरोना आया और सब बदल गया। दफ्तर बंद हुए, वर्क फ्रॉम होम शुरू हुआ और टिफिन की जरूरत अचानक खत्म हो गई। रिपोर्ट में मुंबई टिफिन बॉक्स सप्लायर्स एसोसिएशन के सचिव किरण गवंडे के हवाले से कहा गया है, 'लॉकडाउन के बाद से कई लोग हफ्ते में सिर्फ 2-3 दिन दफ्तर जाते हैं।

## कल केरल पहुंचेगा मानसून

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग का कहना है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए हालात अनुकूल बन रहे हैं और 4 जून तक इसके केरल पहुंचने के आसार हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने तमिलनाडु के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों के 15 से अधिक जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं उत्तर भारत में बारिश से मिली राहत अब खत्म होने वाली है और अगला हफ्ता भीषण गर्मी सताएगी। हालांकि कुछ जगहों पर हल्की बारिश के भी आसार हैं, लेकिन तापमान में 3-4 डिग्री की बढ़ोतरी देखी जाएगी। यूपी में मौसम का मिजाज बदला रहा। कई जिलों में आंधी और बारिश का सिलसिला चला। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। राजधानी लखनऊ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में दिन भर बादलों की आवाजाही बनी रही।

## वेदांता समूह पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को वेदांता समूह के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान ईडी ने कई जगहों पर छापेमारी की। कारोबारी अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह पर ईडी ने फेमा उल्लंघन मामले में यह कार्रवाई की है। अधिकारियों ने बताया कि ये तलाशी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन की जांच का हिस्सा हैं। ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली और मुंबई में वेदांता समूह से जुड़े दो ठिकानों पर तलाशी ली। अधिकारियों के अनुसार, ये तलाशी अभियान, जो अब संपन्न हो चुके हैं, समूह की कंपनियों द्वारा अपनी मूल कंपनी को कथित तौर पर किए गए ब्रांड शुल्क भुगतान से संबंधित हैं।

## इबोला पर भारत की नई एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को इबोला वायरस को लेकर वैश्विक स्तर पर व्याप्त भय के बीच एक नई सलाह जारी की, जिसमें प्रभावित देशों से यात्रा करने वाले या वहां से होकर गुजरने वाले लोगों से खुद को अलग-थलग करने का आग्रह किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक विस्तृत बयान में स्पष्ट किया कि भारत में इबोला का कोई पुष्ट मामला नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि इबोला प्रभावित देशों की यात्रा करने वाले और कुछ विशेष लक्षण विकसित होने पर लोगों को खुद को आइसोलेट कर लेना चाहिए और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित करना चाहिए। सलाह में कहा गया है कि यदि आपने पिछले 21 दिनों में इबोला प्रभावित देश से यात्रा की है या वहां से होकर गुजरे हैं।

साजिश | एनआईए की जांच में सामने आया नया खुलासा

# पहलगाम आतंकियों के मोबाइल कराची-लाहौर में डिलीवर हुए थे

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नया खुलासा किया

- फोन में बैसरन की जानकारियां थीं
- एनआईए ने चीनी कंपनी से जानकारी हासिल की

है। एनआईए के मुताबिक हमले में शामिल आतंकियों का 28 जुलाई को एनकाउंटर हुआ था। इनके पास से दो मोबाइल रेडमी 9टी (ऑरेंज) और दूसरा रेडमी नोट 12 (ब्लैक) बरामद हुए थे।

एनआईए के मुताबिक दोनों फोन की जानकारी निकाली गई। इसमें सामने आया कि मोबाइल चीन की कंपनी जिओमी की सप्लाई चेन के जरिए पाकिस्तान पहुंचाए गए थे। कराची की कंपनी टेक सिरत ने इन्हें इम्पोर्ट कराकर कराची और लाहौर के पतों पर डिलीवर कराया था। एनआईए ने बताया कि आतंकियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में हमले की प्लानिंग पहले से कर रखी थी। फोरेंसिक जांच के दौरान मोबाइल के नेविगेशन एप में बैसरन की लोकेशन सेव मिली।




साथ ही बैसरन घाटी के कई स्क्रीनशॉट भी मिले जो 15-16 अप्रैल को लिए गए थे। 22 अप्रैल को अटैक हुआ था। एनआईए ने बताया था कि पहलगाम आतंकी हमले के आरोपी आतंकियों के पास से अमेरिकी कंपनी गो प्रो का कैमरा बरामद हुआ था, जो चीन के रास्ते लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकियों तक पहुंचा था। जांच एजेंसी का मानना है कि इस कैमरे का रास्ता समझने से उन नेटवर्कों का खुलासा हो सकता है, जो जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों तक फंड, उपकरण और दूसरे संसाधन पहुंचाते हैं। यह हाई-टेक कैमरा पिछले साल जुलाई में पहलगाम हमले के बाद दाचीगाम के जंगलों में हुई मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों से बरामद हुआ था।

एनआईए अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन हमलों की रिकॉर्डिंग और बाद में प्रचार के लिए बॉडी कैमरा और एक्शन कैमरा जैसे उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। आतंकियों के पास कैमरा कैसे पहुंचा, इसके लिए एनआईए ने अमेरिकी कंपनी गो प्रो इंक. से संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि यह कैमरा चीन में हमारे ऑथराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर को भेजा गया था। अब जांच की जा रही है कि चीन से यह कैमरा आतंकियों तक कैसे पहुंचा। अधिकारी गुप्त खरीद नेटवर्क, बिचौलियों और इसमें शामिल लोकल सपोर्ट की जांच कर रहे हैं। एनआईए ने 15 दिसंबर 2025 को पहलगाम अटैक केस में चार्जशीट दाखिल की थी। इसके डिटेल हाल ही में सामने आई। इसमें खुलासा हुआ है कि कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था।



# सौतेले पिता पर मासूम बच्ची की मौत का आरोप

**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** आरसी मिशन इलाके के मोहल्ला ताहवरगंज में सौतेले पिता पर एक तीन वर्षीय बच्ची की हत्या के आरोप का मामला सामने आया है। इस आशय से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें मोहल्ले वालों के मुताबिक एक माह पूर्व प्रेम विवाह कर यहां दंपति रहने आए थे। आरोप है कि सौतेले पिता ने बच्ची को मार दिया और पत्नी को अंबाला ले गया। वहां उसे अकेला छोड़कर फरार हो गया। सोमवार की रात कांट पुलिस ने यहां आकर छानबीन की थी। हत्या के संबंध में कांट पुलिस मामला आरसी मिशन क्षेत्र का बता रही है। वहीं आरसी मिशन पुलिस इस आशय से किसी भी सूचना या तहरीर से इंकार कर रही है। हालांकि स्वतंत्र भारत समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। थाना तिलहर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने चार माह पूर्व कांट क्षेत्र के एक युवक से प्रेम विवाह किया था। महिला अपनी तीन वर्षीय पुत्री और पति के साथ आरसी मिशन इलाके के मोहल्ला ताहवरगंज में किराए के मकान में रहती थी। वायरल वीडियो में मोहल्ले वालों के मुताबिक सौतेला पिता बच्ची को बैल्टों से पीटता था। बच्ची डरी सहमी रहती थी। जिसका मोहल्ले वालों ने विरोध किया। आरोप है कि सौतेले पिता ने बच्ची को मार दिया और पत्नी को लेकर अंबाला पंजाब चला गया। वहां पहुंचकर पत्नी को भी चकमा देकर फरार हो गया। महिला ने मायके वालों को इसकी जानकारी दी। तब भाई वहां से महिला को ले आया और कांट पुलिस को मामले की तहरीर दी। सोमवार को कांट पुलिस ने यहां ताहवरगंज आकर मामले की छानबीन की। तब बच्ची की हत्या की बात सामने आई। प्रभारी निरीक्षक थाना कांट विजय प्रताप सिंह के मुताबिक महिला की ओर से मारपीट और शादी कर फरार हो जाने की तहरीर दी गई थी। इस पर जांच के लिए पुलिस को भेजा गया था। बच्ची के हत्या के संबंध में घटना स्थल आरसी मिशन क्षेत्र का है। इस आशय से वहीं की पुलिस जांच करेगी। वहीं आरसी मिशन इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि कांट पुलिस की ओर से यहां आने के संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई है। जानकारी होने पर चीता मोबाइल मौके पर पहुंची थी। बच्ची की हत्या के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। मामला कांट क्षेत्र से संबंधित है।

# फार्मर रजिस्ट्री न होने के कारण किसानों को नहीं मिल रही खाद

## किसानों को उठानी पड़ रही है भारी किल्लत

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। रजिस्ट्रेशन ना हो पाने के चलते किसानों को खाद वितरण में हो रही भारी दिक्कत।किसान कई दिन से खतौनी आधार जमा होने के बावजूद रजिस्ट्रेशन न किए जाने के आरोप कर्मचारियों पर लगा रहे हैं।किसान खाद मिलने की आस में समिति के चक्कर लगा रहे हैं। खाद वितरण के लिए फार्मर रजिस्ट्री होना आवश्यक किया गया है। नगर की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति एम पैक्स बतलैया के परिसर में किसानों की भारी भीड़ लगी हुई है।किसानों का आरोप है कि उनका कई दिनों से



खतौनी और आधार जमा होने के बावजूद खाद वितरण के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है।जिससे उनके कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। समिति पर उपस्थित किसानों ने भाजपा सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति भी नाराजगी दिखाई दी जो लगातार पर्याप्त मात्रा में खाद गोदाम में उपलब्ध होने के दावे करते रहे हैं।इस समिति के अंतर्गत 24 ग्राम पंचायतें और नगर क्षेत्र के कृषक आते हैं जिन्हें यहां से प्रति वर्ष इस सीजन में खाद वितरण की जाती है।गौरतलब है कि समिति के माध्यम से उन्हीं किसानों को अब खाद वितरण करने का फरमान है जिनकी फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। किसानों ने बताया कि शुक्रवार से उनके कागज समिति कर्मचारियों के पास जमा है। यहां पर रहने के चलते उनके घरेलू काम प्रभावित हो रहे हैं। गुर्गिया निवासी रामनिवास ने बताया कि बीते सोमवार से उनके कागज समिति में जमा है,लेकिन अभी तक उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है।खाद न मिलने से गन्ने की फसल प्रभावित हो रही है। समिति सचिव मनीष गंगवार ने बताया कि खाद गोदाम में पर्याप्त संख्या में मौजूद है अभी उनके पास 1046 बोरी यूरिया उपलब्ध है।खाद वितरण में पूरी पारदर्शिता बनाए रखी जा रही है। एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि फार्मार रजिस्ट्री वालों को खाद वितरित होगी ऐसा कोई आदेश नहीं है सभी को खाद मिलेगी।एआर कोऑपरेटिव और कृषि अधिकारी से वार्ता कर किसानों को सुलभ तरीके खाद उपलब्ध हो इसके लिए सचिव को निर्देशित किया गया है।

# भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा



**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** नौगवा खलौली गांव में भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निलाली गई अनुपम मिश्रा उनकी पत्नी एवं गांव की बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा में लिया भाग। क्षेत्र के गांव नौगवा खुलौली में भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई।यात्रा में यजमान अनुपम मिश्रा ने भागवत पुराण और उनकी पत्नी पूजा मिश्रा ने अन्य महिलाओ के साथ कलश में जल भरकर यात्रा में शामिल हुई।यात्रा गांव के विभिन्न मंदिरों से होकर कथा स्थल पर संपन्न हुई। जिसके बाद आचार्य आशीष वाजपेई ने पूजन कर व्यास गद्दी के पास कलश स्थापित किये।यात्रा में संदीप पांडे,संतोष मिश्रा,राम प्रकाश तिवारी,आरती देवी आदि मौजूद रही।

# बनवास एवं अज्ञातवास से लौटे पांडवों ने की राजपाठ की मांग

## दुर्योधन के हठ का प्रसंग सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर। कुर्रिया कलाँ के शिव मन्दिर पर आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिन नैमिष धाम से आये पंडित संपति कुमार त्रिपाठी ने दुर्योधन के हठ का प्रसंग सुनाया। कहा जब पांडव वनवास एवं अज्ञातवास काटकर वापस आए तो उन्होंने राज पाठ की मांग की लेकिन दुर्योधन ने अज्ञातवास भंग होने की बात कह कर पुनः वनवास जाने को कहा।

क्षेत्र के कुर्रिया कलां के शिव मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान नैमिष धाम से पधारे पंडित संपत्ति कुमार त्रिपाठी ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पांडव जब वनवास एवं अज्ञातवास काटकर वापस आये।तो अपने राजपाठ की माँग दुर्योधन से



की।लेकिन दुर्योधन ने अज्ञातवास भंग होने की बात कहकर पुनः वनवास जाने को कहा।परन्तु विदुर और भीष्म पितामह ने दुर्योधन को समझाया कि समय पूरा हो चुका है पांडवों का अब वो वनबास दुबारा नहीं जायेंगे।फिर पांडवों ने श्रीकृष्ण जी को शान्ति दूत बनाकर भेजा और अपने लिये सिर्फ पाँच गाँव की ही माँग की।भगवान श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से पांडवों के लिये पाँच गाँव देने का प्रस्ताव रखा।लेकिन दुर्योधन ने सुई की नोक के बराबर भूमि देने से भी इंकार कर दिया।श्री कृष्ण ने सभा में उपस्थित सभी के समक्ष कहा कि इसके दुष्परिणाम भुगतने होंगे।तभी क्रोध में आकर दुर्योधन ने श्री कृष्ण को बंदी बना लेने का आदेश दिया।उसी समय भगवान ने अपने विराट रुप धारण कर सभी को उसके दर्शन कराये।ओमप्रकाश पाण्डे ने भगवान की आरती उतारी।कथा श्रवण में संजीव उर्फ हनुमान,सतीश कुमार,श्रवण पाण्डे,दीपक आदि मौजूद रहे।

# मधु क्लीनिक पर हुआ शर्बत वितरण



स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर। निगोही उदारा मोड स्थित मधु क्लीनिक प्रतिष्ठान के संचालक डॉक्टर आनंत सिंह उर्फ शम्मी ने बड़े मंगल के दिन राम भक्त हनुमान जी की कथा पूजन के उपरांत फल मिष्ठान एवं शर्वत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया! बालाजी महाराज के परम भक्त डॉक्टर आनन्त सिंह उर्फ शम्मी ने श्री हनुमान चरित्र पे व्याख्या करते हुए बताया की हनुमान जी महावीर हैं, और यह महावीर नाम श्री हनुमान जी को भगवान राम ने दिया है! श्री हनुमान जी के बारे में बात करते हुए श्री डा0शम्मी ने बताया कि कलयुग में साक्षात कोई देवता विराज मान है, तो ये श्री हनुमान जी महाराज हैं !कोई लौकिक या पारलौकिक बस्तु देने में हनुमान जी सक्षम है ! डॉ0शम्मी जी ने कहा श्री हनुमान चालीसा पढ़ने मात्र से भक्तों का हर प्रकार से मंगल होता है ! इस लिए सुद्धी बुद्धी के साथ वाला जी का पूजा पाठ करना चाहिए! क्षेत्र पंचायत सदस्य कटैया उस्मानपुर निवासी डॉ0 आनंत सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष भी वालाजी महाराज की कथा प्रसाद का लाभ निगोही क्षेत्र के भक्त जनों को प्राप्त हुआ था! कार्यक्रम में विक्रांत सिंह,फरमान खां विशाल वर्मा साकेत सत्यवान रिजवान आदित्य प्रजापति राकेश सिंह राहुल सोनू सिंह बड़काई कुशवाहा मुनेंद्र सिंह मेवाराम वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे!

# श्री राधाकृष्ण की रासलीला का हुआ मंचन



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर श्री राधा रानी सेवा समिति के आयोजकत्व में वृंदावन धाम से पधारे श्री राम श्याम लीला संस्थान द्वारा भगवान श्री राधाकृष्ण की रासलीला का भव्य मंचन कर भक्तों को भक्ति धारा से सराबोर कर दिया। यह आयोजन आगामी सात जून तक चलेगा। वृंदावन धाम के पंडित लेखराज ओम प्रकाश शर्मा के संचालन में संस्थान के स्वरूपों ने नगर पालिका परिसर स्थित गांधी ग्राउंड में सोमवार रात्रि नौ बजे भगवान श्री राधाकृष्ण की भव्य झांकी के अलौकिक छटा के दर्शन के साथ रासलीला का शुभारंभ हुआ । संस्थान के संचालक पण्डित ओम प्रकाश शर्मा के सानिध्य में समिति सदस्यों ने मंच पर विराजमान बाल स्वरूप श्री राधाकृष्ण का पूजन अर्चन कर आरती उतारी । तदोपरांत भगवान की रास में बृजेश्वरी श्री राधा रानी को रिझाने के लिए भगवान के गोपकों के साथ मनोहारी मयूर नृत्य से भक्त गण भाव विभोर हो गए । जय जय श्री राधे के जय घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया । बाल कृष्ण की माखन चोरी लीला के दर्शन उपरांत मथुरेश कंस के अत्याचार प्रासंगिक मंचन में यज्ञ कर्म करने वाले ब्रह्माण्डों व संतजनों पर अत्याचार के साथ ही महाराजा उग्रसेन को बंदीगृह में डलबाने के दौरान महाराज उग्रसेन की पीड़ा बखान और कंस के स्वरूप में संस्थान संचालक पण्डित ओम प्रकाश शर्मा की अट्टहास गर्जना देखते ही बनती थी । कार्यक्रम आयोजक समिति के मुताबिक आगामी सात जून तक प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से रात्रि 11 बजे तक रासलीला का मंचन होगा । जिसमें सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करें । कार्यक्रम में आयोजक समिति के मनोज प्रबल , सुमित गुप्ता , हरी मोहन गुप्ता , केशरी नंदन गुप्ता , कमलेश गुप्ता , सतीश गुप्ता , सौरभ गुप्ता रवि , राकेश गुप्ता , साहू मनोज गुप्ता ,राजाराम गुप्ता, अविनाश गुप्ता , कुलदीप गुप्ता , तुषार रस्तोगी , प्रदीप रस्तोगी , मुकेश गुप्ता , प्रेम कुमार , हरीश गुप्ता , ब्रजेश गुप्ता समेत तमाम श्रद्धालुजन शामिल रहे ।

# पूर्व मंत्री ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ मल्हपुर गांव पहुंचकर बलवीर शुक्ला के पुत्र शिवम शुक्ला के दसवां संस्कार में शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं परिजनों को सांत्वना दी। हुसैनपुर माधौपुर गांव में चल रही भागवत कथा में प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने ददरौल विधानसभा क्षेत्र के गांव मल्हपुर में पहुंचकर बालवीर शुक्ला के पुत्र शिवम शुक्ला के दसवां संस्कार में शामिल हुए एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किये इस दौरान सपा के पर ब्लाक प्रमुख सर्वेश कुमार वर्मा, कांति राम शुक्ला, सत्यम शुक्ला ,सुंदरम शुक्ला, शुभम शुक्ला ,एवं कार्यकर्ता



मौजूद रहे। क्षेत्र के गांव हुसैनपुर माधौपुर में चल रही भागवत कथा में पहुंचकर कथा वाचक रजनीश मधुकर शिव प्रसाद ग्रहण किया एवं आशीर्वाद इस दौरान उनके साथ आदर्श राजपूत सियाराम वर्मा शिव शरण वर्मा कमलेश्वर वर्मा संतोष वर्मा साहब सिंह वर्मा बबलू गंगा सहाय फकीरा लाल पूर्व प्रमुख सर्वेश कुमार, वर्मा ,शिवपाल वर्मा, विमलेश बलराम, पप्पू वर्मा ,मेवाराम राजेश कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कछियानी खेड़ा मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर पर मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के चरणों में माथा टेककर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर और आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराकर व्यवस्थित ढंग से दर्शन कराए, जिससे मंदिर परिसर में किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए।मंदिर पहुंचने वाले भक्तों ने बजरंगबली को प्रसाद अर्पित कर अपनी-अपनी मनोकामनाएं मांगीं। कई श्रद्धालुओं ने परिवार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर और उसके बाहर पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा।इस अवसर पर तमाम श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से भंडारों का आयोजन भी किया गया। हनुमानजी को भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया।दूर-दराज के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। जयकारों और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। पुलिस और मंदिर प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था के चलते श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण एवं सुगम तरीके से दर्शन किए।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में उप निरीक्षक हरिकिशोर मौर्य,सुश्री नेहा सैनी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# पुत्र को घर से उठा ले जाने की धमकी, हवाई फायर

**ददरौल शाहजहांपुर।** रौसर कोठी में महिला के घर के आगे गाली-गलौज और पुत्र को घर से उठा ले जाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। आरसी मिशन पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरसी मिशन थाना क्षेत्र के गांव रौसर कोठी निवासी नीलम कन्नौजिया पत्नी राजेश कन्नौजिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में ही रहने वाला एक व्यक्ति अपने साथियों के साथ मिलकर आए दिन नशे की हालत में उनके घर के बाहर गाली-गलौज करता है। उनके पुत्र को घर से उठा ले जाने की धमकी देता है। इस संबंध में कई बार पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे उनका पूरा परिवार डरा हुआ है। महिला ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बड़े मंगल पर जगह जगह हुआ भंडारा

**शाहजहांपुर।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के पावन अवसर पर सुभाष चौराहा स्थित लंगोटी बाबा मंदिर, घंटाघर, मंडी बाजार सहित महानगर के कई स्थान पर भंडारे और शरबत वितरण किया गया। भंडारे के प्रमुख आयोजक राम भक्त हनुमान के भजनों का काम कर रहे थे आयोजन में शामिल श्रद्धालुओं और राहगीरों ने भंडारे की सराहना करते हुए आयोजकों एवं सेवादारों का धन्यवाद व्यक्त किया। भंडारे के सफल संचालन एवं प्रसाद वितरण में राम भक्त सहित कई सेवादारों ने सक्रिय सहयोग दिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, सेवा और जनकल्याण की भावना का माहौल बना रहा।

# यादव समाज पर टिप्पणी से नाराज विश्व यादव परिषद ने सौंपा ज्ञापन

## ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** विश्व यादव परिषद के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मंत्री ओमप्रकाश राजभर के एक कथित बयान पर कड़ा विरोध जताते हुए एसडीएम जीत सिंह राय और क्राइम इंस्पेक्टर सुनील यादव को ज्ञापन सौंपा।संगठन ने मंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।विश्व यादव परिषद के जिलाध्यक्ष मोनू यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन में कहा गया कि 28 मई को आजमगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सार्वजनिक मंच, मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से यादव समाज के संबंध में कथित रूप से यह बयान दिया कि ÷95 प्रतिशत अपराध और हत्याएं यादव करते हैं।÷ संगठन का आरोप है कि इस प्रकार का बयान न केवल यादव समाज की भावनाओं को



आहत करता है, बल्कि पूरे समाज की प्रतिष्ठा,सम्मान और सामाजिक छवि को धूमिल करने का प्रयास भी है।पदाधिकारियों ने कहा कि यादव समाज का देश व प्रदेश के विकास, सामाजिक समरसता तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। किसी एक वर्ग या समुदाय के प्रति इस तरह की टिप्पणी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली है। उन्होंने प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर मंत्री के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।जिलाध्यक्ष मोनू यादव ने कहा कि किसी भी समाज विशेष के प्रति अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं की जाएगी यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूरन संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगा।ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्व यादव परिषद के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले को संबंधित स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया।

# प्राचीन हनुमान मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भंडारा आयोजित

स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर। नगर के मुख्य बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य खिचड़ी भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर सुबह से ही भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। हनुमान जी के जयकारों, भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।



श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेककर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे परिसर की शोभा देखते ही बन रही थी। नगर का यह प्राचीन हनुमान मंदिर पिछले पांच दशकों से लोगों की आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि प्रत्येक मंगलवार को नगर एवं दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर दर्शन-पूजन करते हैं और हनुमान जी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं। भक्तजन हनुमान जी को वस्त्र, चोला, भोग और प्रसाद अर्पित कर अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु विशेष रूप से मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना के साथ प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन भी कराते हैं। मंगलवार के दिन मंदिर परिसर में मेले जैसा दृश्य देखने को मिलता है, जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित खिचड़ी भोज एवं भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने मंदिर की गौरवशाली परंपरा, धार्मिक महत्व और सामाजिक योगदान को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी प्रमुख केंद्र है, जहां समय-समय पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा में मंदिर समिति एवं नगर के गणमान्य लोग पूरे उत्साह के साथ जुटे रहे। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, दीपक राठौर, शेखर गुप्ता, संजीव सिंह, सनी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। क्षेत्र की उन्नति, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की तथा मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त किया

# विकास कार्यों पर घमासान, 22 सभासदों ने किया बोर्ड बैठक का बहिष्कार

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** नगर पालिका द्वारा विकास कार्यों को लेकर असंतोष मंगलवार को खुलकर सामने आ गया। नगर पालिका के मीटिंग हॉल में मंगलवार सुबह 10 बजे चेयरपर्सन हाजरा बेगम और अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक शुरू होने से पहले ही 22 सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कार्य न होने का आरोप लगाते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। सभासदों के सामूहिक विरोध के चलते बैठक शुरू ही नहीं हो सकी और चेयरपर्सन सहित नगर पालिका प्रशासन को वापस लौटना पड़ा।सभासदों का आरोप था कि नगर के अधिकांश वार्डों में लंबे समय से सड़क, नाली, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और



अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य लंबित पड़े हैं। कई बार मांग उठाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। उनका कहना था कि जब तक वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी, तब तक बोर्ड बैठकों में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं है।दूसरी बार भी नहीं चल सकी बैठक नगर में चर्चा का विषय यह भी बना हुआ है कि नगर पालिका द्वारा आयोजित बोर्ड बैठक का यह दूसरा मौका है, जब सभासदों के विरोध के कारण बैठक सफल नहीं हो सकी। लगातार दूसरी बार बैठक का बहिष्कार होने से नगर पालिका की कार्यप्रणाली और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल उठने लगे हैं। ÷जमीन पर नहीं दिख रहा विकास÷ नगर के लोगों का कहना है कि विकास कार्यों के दावे तो लगातार किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर उनकी झलक दिखाई नहीं देती। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई योजनाएं कागजों में तो पूरी दिखाई जाती हैं, लेकिन वास्तविक स्थिति अलग है।वार्डों में टूटी सड़कें,जर्जर नालियां और जलभराव जैसी समस्याएं आज भी बनी हुई हैं।सभासदों के कदम को जनता का समर्थन नगर के कई लोगों ने सभासदों के बहिष्कार को जनहित से जुड़ा कदम बताया। उनका कहना है कि यदि चुने हुए जनप्रतिनिधि अपने वार्डों की समस्याओं को लेकर आवाज नहीं उठाएंगे तो जनता की परेशानियां कैसे दूर होंगी।लोगों का मानना है कि सभासदों ने विकास कार्यों का मुद्दा उठाकर नगर की वास्तविक समस्याओं को प्रशासन के सामने रखने का काम किया है।बढ़ सकता है राजनीतिक दबाव लगातार दूसरी बार बोर्ड बैठक का बहिष्कार होने के बाद नगर पालिका प्रशासन पर विकास कार्यों को लेकर दबाव बढ़ गया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच गतिरोध कब समाप्त होगा और नगर के विकास से जुड़े मुद्दों का समाधान किस प्रकार निकाला जाएगा।नगर में फिलहाल यही चर्चा है कि विकास कार्यों को लेकर उठे सवालों ने नगर पालिका की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया है और जनता अब कागजी दावों के बजाय धरातल पर काम देखने की अपेक्षा कर रही है।

# रेलवे अस्पताल में घुसी महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा




**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** मुरादाबाद डिविजन के रोज हेल्थ यूनिट रेलवे अस्पताल के एक रूम में एक महिला घुस गई और उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया रेलवे अस्पताल में कार्य कर्मचारी जब अंदर आए और उन्होंने दरवाजा बंद देखा तो दरवाजा खुलवाने की कोशिश की लेकिन दरवाजा नहीं खुला काफी देर तक दरवाजा जब नहीं खोला तो पीछे की खिड़की से झांक कर देखा कमरे के अंदर एक महिला थी यह देखकर ड्यूटी पर कार्यरत कर्मचारियों ने डिविजनल मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर हर्षित को बताया महिला कमरे में अंदर बंद होने की जानकारी पाकर डॉक्टर हर्षित मौके पर गए और उन्होंने देखा देखने पर जानकारी ली और जानकारी मालूम करने पर उन्होंने तुरंत रेलवे पुलिस को फोन किया रोज आरपीएफ चौकी प्रभारी विकास कुमार मीणा मौके पर गए और उन्होंने भी कमरा खोलाने की कोशिश की लेकिन कमरा नहीं खुला बाद में दरवाजा तोड़ा गया और कब महिला को बाहर निकल गया यह देखकर आसपास के लोग एकत्र हो गए कुछ लोग वीडियो बनाने लगे जिनको सुरक्षा कर्मियों ने मना कर दिया महिला पुलिसकर्मियों की वजह से महिला को बाहर निकाला गया जब महिला अस्पताल से बाहर निकल गई तो अस्पताल के कर्मचारियों ने और डॉक्टर हर्षित ने राहत की सांस ली

## किसने क्या कहा

अस्पताल से फोन आया था कोई महिला कमरे के अंदर बंद है मौके पर जाकर देखा दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकाला महिला मानसिक रूप से विकसित थी और उसको बाहर निकाल कर अस्पताल का कमरा बंद कर दिया। **विकास कुमार मीणा रेलवे चौकी प्रभारी उत्तर रेलवे रोजा जंक्शन**

अस्पताल के अंदर महिला बंद होने की सूचना मिली थी मौके पर जाकर देखा और रेलवे पुलिस को बुलाकर कमरे का दरवाजा तुड़वाकर महिला को बाहर निकाला महिला मानसिक रूप से की छुट्टी **डॉक्टर हर्षित डिविजनल मेडिकल ऑफीसर उत्तर रेलवे रोजा जंक्शन**

# दहेज हत्या के आरोप में पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

पुवायां। थाना क्षेत्र के गांव नहिरोला खुर्द निवासी बृजलाल पुत्र सुंदरलाल की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बृजलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी 26 वर्षीय पुत्री अलका की शादी तीन वर्ष पूर्व बड़ागांव चौकी क्षेत्र के गांव बगडेर निवासी अनिल कुमार पुत्र आसाराम के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में एक बाइक और सोने की चेन की मांग कर रहे थे। मांग पूरी



न होने पर अलका को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि सोमवार रात पति अनिल कुमार, ससुर आसाराम, सास मुन्नी देवी और देवर शोभित ने मिलकर अलका को प्रताड़ित किया और उसे जहरीला पदार्थ देकर मार डाला। मृतका अपने पीछे एक वर्ष की पुत्री को छोड़ गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** मोहल्ला राठान स्थित होलिका स्थान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा होलिका स्थान मंदिर से प्रारंभ होकर देवहा नदी तट तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलशों में पवित्र जल भरा। इसके बाद यात्रा पुनः नगर भ्रमण करते हुए होलिका स्थान मंदिर, मोहल्ला राठान पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। इस अवसर पर राकेश अवस्थी, रामनिवास शर्मा, मुन्ना लाल, हरपाल बाबा जी, राम बहादुर कश्यप (जय गुरुदेव) सहित नगर के दर्जनों गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु धर्म एवं अध्यात्म का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

# किसान सम्मान निधि पाने वाले कृषक कराएं केवाईसी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जनपद के समस्त कृषक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत निरन्तर लाभ प्राप्त करने हेतु वास्तविक एवं जीवित लाभार्थियों को ही लाभ प्राप्त हो सके, यह सुनिश्चित किये जाने हेतु सभी पी0एम0 किसान लाभार्थियों के लिए वार्षिक ई-केवाईसी 30जून से पूर्व अनिवार्य रूप से कराया जाना आवश्यक है।कृषक ई-केवाईसी की प्रक्रिया बॉयोमेट्रिक ई-केवाईसी0 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पंजीकृत प्रत्येक पात्र लाभार्थी कृषक परिवार अपनी ई-के0वाई0सी0 की प्रकिया बॉयोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन के माध्यम से नजदीकी जन सेवा केन्द्र से करा सकते हैं। फेशियल ई-के0वाईसी0 फेशियल ई-के0वाई0सी0 हेतु पी0एम0 किसान मोबाइल ऐप का उपयोग करके या ग्राम नोडल अधिकारी (वी0एन0ओ0) / फील्ड कार्मिकों से सम्पर्क कर पूर्ण करा सकते हैं।यदि कृषक ई-के0वाई0सी0 की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती है तो वह कृषक स्वयं ही अपात्रता की श्रेणी में आ जायेंगे एवं उनकी आगामी किस्तों के भुगतान पर भारत सरकार के स्तर से स्वतः ही रोक लग जायेगी, जो कृषक अपनी ई-के0वाई0सी0 पूर्ण कर लेंगें उन्हीं कृषकों को भारत सरकार के स्तर से आगामी किस्त हस्तान्तरित हो सकेगी जनपद में जिन कृषकों द्वारा अभी तक ई0-के0वाई0सी0 नहीं करायी गयी है, वह कृषक -30 जून तक स्वंय / जन सेवा केन्द्र से ई0 के0वाई0सी0 करा लें अन्यथा की स्थिति में उनकी आगामी किस्त अवरूद्ध हो जायेगी।

## जगह-जगह हुआ भंडारा

**खुटार।** जेठ माह के बड़े मंगलवार के अवसर पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद में सब्जी, पूड़ी, खीर ग्रहण की। क्षेत्र के रामपुर कलां में सिद्ध बाबा स्थान के पास रामपुर कला के लोगों ने खीर, पूड़ी, सब्जी का भंडारा किया। जहां पर खुटार पुवाया हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। भंडारा सुबह से शाम तक चलता रहा। उधर खुटार के मिलन मिश्रा द्वारा खुटार गोला रोड लालगढ़ बाबा स्थान पर चोखावटी का भंडारा किया गया। भंडारे में पहुंचे सैकड़ो की संख्या में लोगों ने चोखावटी का आनंद लिया। उधर नगर के सुप्रसिद्ध मां पंथवारी मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन हुआ। जहां पर नगर के विवेक गुप्ता द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जहां पर पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उधर प्राचीन बालाजी धाम व राम जानकी बालाजी धाम पर भी भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, युवक घायल

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** थाना कटरा क्षेत्र के गांव पट्टी बॉक्स निवासी बरकत अली मंगलवार शाम बाइक से अपने घर लौट रहे थे। खैरपुर चौराहे के पास अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर कटरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल तिलहर सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।कटरा प्रभारी निरीक्षक अवधेश सिंगर ने बताया हादसा बाइक के अनियंत्रित होने के कारण हुआ। घायल का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

# छप्परदार घर में लगी आग, घरेलू सामान जलकर राख

## मौके पर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख ने की आग पीड़ित की आर्थिक मदद

**खुटार।** क्षेत्र के गांव महोलिया वीरान स्थित ललतू बाबा स्थान के पास छप्परदार घर बनाकर रह रहे नवाजपुर गांव निवासी रंजीत सिंह के घर में मंगलवार दोपहर के समय घर में अचानक आग लग गई। घर में आग लगने से आग की लपटे उठने लगी। उस समय रंजीत जानवरों के लिए घास काट रहे थे जबकि उनकी पत्नी सुनीता देवी घर के अंदर थी। अचानक आग की लपटों को देख रंजीत सिंह हल्ला मचाते हुए घर की ओर दौड़े। जहां पर उनकी पत्नी घर के अंदर थी व जानवर छप्पर के नीचे बंधे हुए थे । जिन्हें रंजीत सिंह ने जैसे तैसे बाहर निकाला। उधर आग की लपटों को देख पास पड़ोस के सिख फार्मर भी



मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन तब तक घर में रखी पंद्रह हजार की नगदी व घरेलू सामान जलकर रख हो गया। रंजीत सिंह ने बताया कि आग लगने से लगभग चालीस हजार रुपए का नुकसान हुआ है। उधर आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने रंजीत सिंह को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया और आर्थिक मदद भी की। उन्होंने हल्का लेखपाल को सूचना दी, जिस पर मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने आग से हुए नुकसान की जांच की और बताया कि वह रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंपेंगे उसके बाद ही मुआवजा मिल सकेगा।

# बस स्टैंड के सामने से हटवाया अवैध अतिक्रमण

## दुकानदारों ने खुद हटाए टीनशेड

**पुवायां।** खुटार रोड स्थित निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टेशन के सामने सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को मंगलवार को प्रशासन ने हटवा दिया। प्रशासन की सख्ती के चलते अधिकांश दुकानदारों ने अपनी अस्थायी दुकानों और टीनशेड को स्वयं ही हटा लिया। सोमवार को एसडीएम सदानंद सरोज ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए मंगलवार सुबह तक भूमि खाली करने के निर्देश दिए थे। चेतावनी के बाद मंगलवार सुबह से ही दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों के टीनशेड और अस्थायी ढांचे हटाने में जुट गए। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार रोडवेज बस स्टेशन के बाहर सड़क किनारे दशकों से अवैध रूप से अस्थायी दुकानें संचालित की जा रही थीं। अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस, राजस्व, परिवहन, नगर पालिका



और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान रोडवेज बस स्टेशन की भूमि पर बने एक स्थायी भवन में संचालित मेडिकल स्टोर का मामला भी सामने आया। मेडिकल स्टोर संचालक ने बताया कि भवन से संबंधित मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है और अभी तक कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। व्यापार मंडल के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने मेडिकल स्टोर संचालक को तीन दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दिया है। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्धारित समय के बाद भी अतिक्रमण पाए जाने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

## भंडारे में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**स्वतंत्र भारत खुदागंज।** नगर के मोहल्ला साहूकारा निवासी गंगा प्रसाद ने अपने खेत पर स्थित प्राचीन ब्रह्मदेव स्थान (झबरा पीपल ) पर विशाल भंडारे का आयोजन किया भंडारे की शुरुआत विधिवत पूजा अर्चना के साथ की गई पौराणिक परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम कन्याओं को भोजन कराकर भंडारे की शुरुआत की गई क्षेत्र के सैकड़ो भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पूर्ण लाभ अर्जित किया। आयोजन के दौरान मुख्य रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह, गंगा प्रसाद, धर्मेंद्र तुलाराम आदि भक्ति मौजूद रहे वहीं नगर में कटरा खुदागंज मार्ग स्थित हिंदुस्तान पेट्रोल पंप पर शिव ओम मिश्रा द्वारा हलवा चना एवं शरबत का प्रसाद वितरण किया गया एवं नगर में जगह-जगह भक्तों द्वारा सरवत का वितरण किया गया

# अखिलेश प्रताप को पदोन्नति पर दी गई भावभीनी विदाई

शाहजहाँपुर। सहकारिता विभाग में अपनी उत्कृष्ट सेवाएँ देने वाले सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक (सहकारिता) अखिलेश प्रताप सिंह को पदोन्नत होकर बरेली मंडल का उप आयुक्त एवं उपनिबंधक बनाए जाने पर जिला सहकारी बैंक और सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों द्वारा एक भव्य एवं भावभीनी विदाई दी गई। जिला सहकारी बैंक मुख्यालय पर आयोजित इस गरिमामयी समारोह में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अखिलेश प्रताप सिंह को बुके, स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उनकी नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने अखिलेश प्रताप सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि शाहजहाँपुर में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने और किसानों के हित में किए गए उनके कार्य हमेशा अनुकरणीय रहेंगे। उनकी कार्यकुशलता और मिलनसार व्यवहार के कारण उन्हें हमेशा याद किया जाएगा और पूर्ण विश्वास है कि बरेली के उप आयुक्त के रूप में भी उनका



कार्यकाल ऐतिहासिक रहेगा। वहीं विदाई की बेला पर भावुक होते हुए नवनियुक्त उप आयुक्त अखिलेश प्रताप सिंह ने सभी का आभार जताते हुए अपना धन्यवाद वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि शाहजहाँपुर के सहकारिता परिवार, बैंक प्रबंधन और जिले के जागरूक किसानों से उन्हें जो अपार स्नेह, सम्मान और सहयोग मिला, उसके लिए वे सभी के सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने सभी सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि टीम भावना और आपसी समन्वय के कारण ही वे अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने में सफल रहे और शाहजहाँपुर में बिताया समय उनके सेवाकाल का सबसे बेहतरीन दौर रहेगा। समारोह में सहकारिता विभाग के अधिकारी, जिला सहकारी बैंक के संचालक मंडल के सदस्य, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता उपाध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भन्नू एडीसीओ दिनेश कुमार हरिकेश परमार संजय सिंह शिवरतन लाल ओमप्रकाश मौर्य उपमहाप्रबंधक शकील अहमद राजेश कुशवाहा जिलाप्रबंधक पीसीएफ यशवीर चौधरी पीसीयू के प्रवीण सोनकर यूपीएसएस के प्रवीण पाल इफ़को के रामरतन सिंह एडीओ अनिल कुमार सिंह राकेश सिंह रजनीश त्रिपाठी शाखा प्रबंधक ओम्बीर सिंह पूर्णिमा सिंपल शहरबानो बैंकिंग कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि और भारी संख्या में सहकारिता से जुड़े पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवा उद्यमी ध्रुव चंदेल ने छोटे बच्चों के साथ मनाई खुशियां

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर -शाहजहापुर।** आज के दौर में जहां जन्मदिन के अवसर पर भव्य पार्टियों, महंगे आयोजनों और दिखावे का चलन बढ़ता जा रहा है, वहीं युवा उद्यमी एवं इनविसियाएक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव प्रताप सिंह ने अपने जन्मदिन को एक अलग और प्रेरणादायक स्वरूप देते हुए बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने बड़े होटलों, महंगी पार्टियों और चमक-दमक से दूर रहकर बच्चों के बीच समय बिताया तथा उनके साथ जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर ध्रुव प्रताप सिंह ने बच्चों के साथ केक काटा, उनसे आत्मीयता से बातचीत की और उनके साथ कई यादगार पल बिताए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी और



उत्साह साफ दिखाई दे रहा था। बच्चों ने भी ध्रुव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं।ध्रुव प्रताप सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता केवल धन, पद और प्रतिष्ठा से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से भी तय होती है कि हम समाज को क्या लौटाते हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर केवल स्वयं के लिए नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में भी खुशियां लाने का माध्यम बनने चाहिए।बच्चों के साथ संवाद के दौरान उन्होंने उन्हें शिक्षा के महत्व, अनुशासन, आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और बड़े सपने देखने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उन्होंने बच्चों को जीवन में ईमानदारी, सकारात्मक सोच और निरंतर सीखते रहने का संदेश भी दिया।ध्रुव प्रताप सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्षों का सामना करना पड़ता है, लेकिन वही संघर्ष आगे चलकर सफलता की नींव बनते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें, अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करें तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए लगातार प्रयास करते रहें।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने ध्रुव के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवाओं द्वारा इस प्रकार के सामाजिक संदेश समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करते हैं। उनका मानना था कि विशेष अवसरों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ जुड़ना और खुशियां बांटना एक सराहनीय पहल है।उल्लेखनीय है कि ध्रुव प्रताप सिंह भारत के पहले स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इनविसियाएक्स के निर्माण में जुटे हुए हैं। उनका उद्देश्य भारत को तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ युवाओं को एक सुरक्षित, विश्वसनीय और स्वदेशी डिजिटल मंच उपलब्ध कराना है। वे लंबे समय से युवाओं को नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करते रहे हैं।जन्मदिन के अवसर पर ध्रुव प्रताप सिंह ने सभी शुभचिंतकों, मित्रों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन का वास्तविक आनंद दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने में है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी वे समाज, युवाओं और राष्ट्र के हित में सकारात्मक कार्य करते रहेंगे तथा अपने प्रयासों से लोगों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास करेंगे।

# ट्रक ने बाइक सवार दम्पत्ति को कुचला पत्नी की मौत, पत्नी गंभीर घायल

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर -शाहजहापुर** थाना क्षेत्र के ग्राम जरियनपुर के अतिव्यस्त तारापुर तिराहे पर कंटेनर (ट्रक) ने बदायूं जिले के उसहैत थाना क्षेत्र के ग्राम बीलामई निवासी बाइक सवार दम्पत्ति को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी पत्नी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर (मिर्ज़ापुर) से गंभीर हालत में बदायूं जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मृतका के परिवार के देवर मनोज कुमार निवासी बीलामई,थाना उसहैत (बदायूं) ने बताया कि उसके तहेरे भाई 35 वर्षीय रनवीर अपनी पत्नी 32 वर्षीय पूजा के साथ बाइक से शाहजहांपुर जिले के कांट थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयां कटैया में अपनी मौसिया सास के यहां गए थे। वहां से वापस लौटते समय



रोते बिलखते मृतक के परिजन व घायल रनवीर

मिर्ज़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम जरियनपुर के तारापुर तिराहे पर सामने से आ रहे कंटेनर (ट्रक) ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी 32 वर्षीय भाभी पूजा पत्नी रनवीर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि उसके भाई रनवीर की हालत गंभीर है। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर (मिर्ज़ापुर) से बदायूं जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर मिर्जापुर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर दुर्घटना करने वाले कंटेनर (ट्रक) को चालक सहित कब्जे में लेकर घायल रनवीर और उसकी मृतक पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही गंभीर घायल को परिजनों की सलाह पर जिला अस्पताल/मेडिकल कालेज बदायूं रेफर किया गया है। मां की अचानक मृत्यु और पिता के गंभीर घायल हो जाने से दंपत्ति के 11 वर्षीय गौतम और नौ वर्षीय गौरव असहाय हो गए हैं। यहां यह बताना भी जरूरी है कि घटना स्थल जरियनपुर के तारापुर तिराहे पर 24 घंटे शाहजहांपुर,दिल्ली,बदायूं, फरुर्खाबाद,कानपुर, इलाहाबाद,लखनऊ जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ और दो दर्जन से अधिक रोडवेज बसें खड़ी रहती है। इस अतिव्यस्तम तिराहे पर सुरक्षा की दृष्टि से 24 घंटे पुलिस पिकेट और डायल 112 पुलिस की गाड़ी भी तैनात रहती है। फिर भी जलालाबाद,कलान, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद और ढाईघाट,शमशाबाद (फर्रुखाबाद) जाने वाले दर्जनों डग्गामार वाहन ई रिक्शा,थ्री व्हीलर,टैंपो, ईको जीपें जलालाबाद और फर्रुखाबाद रोड पर अतिक्रमण कर सवारियों के इंतजार में खड़े रहते हैं। जिससे इस तिराहे पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। खास बात यह है कि इस तिराहे से तहसील स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी अतिक्रमण को नजरंदाज कर निकलते रहते हैं। कभी किसी पुलिस या प्रशासनिक अधिकारी ने इन डग्गामार वाहनों के अतिक्रमण पर कभी कोई आपत्ति नहीं की है। डग्गामार वाहनों की जाम में अफसरों के वाहन फंस जाने पर उनके गनर और पुलिस पिकेट के जवान रास्ता खुलवा कर निकल जाते हैं।

# रामगंगा नदी में नहाते युवक डूबा

## देर शाम तक नहीं चल सका पता

स्वतंत्र भारत कलान शाहजहांपुर। रामगंगा नदी में नहाते समय एक युवक डूब गया। डूबे युवक का देर शाम तक युवक का पता नहीं चल सका। परौर थाना क्षेत्र के बिचपुरी गांव निवासी एक युवक मंगलवार को रामगंगा नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान शुरू कराया, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। बिचपुरी गांव निवासी राजू उर्फ कन्हैया (25)पुत्र फूल सिंह मंगलवार दोपहर अपने दोस्तों गोपाल और सचिन के साथ रामगंगा नदी में नहाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों युवक नदी में नहा रहे थे। इसी दौरान राजू अचानक गहरे पानी में पहुंच गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन तेज बहाव और गहराई अधिक होने के कारण वह देखते ही देखते नदी में डूब गया। राजू के डूबने के पश्चात उसके दोनों दोस्त गांव पहुंचे और परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते



ही परिजन और ग्रामीण रामगंगा नदी किनारे पहुंच गये।इसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गयी। सूचना पर परौर के प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर तलाश शुरू कर दी। गोताखोरों ने कई घंटों तक नदी में सर्च अभियान चलाया। युवक की तलाश के लिए नदी में जाल भी डलवाया गया,लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को भी दे दी है। तहसील प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी ली। वहीं बरेली से विशेष टीम को भी बुलाया गया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के बड़ी संख्या में लोग नदी किनारे जुटे रहे। समाचार लिखे जाने तक पुलिस और गोताखोरों की टीम युवक की तलाश में जुटी हुई थी।

# बकरी विवाद में पड़ोसी ने दंपति को पीटकर किया लहूलुहान

**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहांपुर।** घर में घुसकर बकरियां द्वारा गेहूं खाने की शिकायत करना पड़ोसी को महंगा पड़ गया शिकायत से तिलमिलाए पड़ोसी ने घर में घुसकर लाठी डंडों से पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया घटना सोमवार देर शाम की है थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव दिवियापुर



निवासी दाताराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घर पर मौजूद था और भैंस का दूध निकाल रहा था इसी दौरान अचानक मोहल्ले के रहने वाले पड़ोसी राजाराम व पुत्र अभिषेक व उसकी पत्नी रामलली व पुत्री प्रभा चारों लोग एक राय होकर हाथों में लोहे के पाइप और लाठी डंडे लेकर घर में घुसे और मारपीट शुरू कर दी इससे पहले कि वह कुछ संभल पाते तब तक उनकी पत्नी सरला लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी तब तक राजाराम ने उनके सिर में एक लोहे का पाइप मारा जिससे वह भी लहूलुहान हो गए और जमीन पर गिर पड़े गाली गलौज करते हुए आरोपी अपने मकसद में कामयाब होकर घर से चले गए और कहा रोज-रोज की शिकायत से आज किस्सा खत्म हो गया पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया बुजुर्ग में भर्ती कराया जहां से उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है

# साइकिल सवार युवक को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहांपुर।** घर का खर्च चलाने और बच्चों का पेट पालने के लिए साइकिल से जंगल में लड़कियां बीनने जा रहा युवक हाई-वे पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी जिसे 108 एंबुलेंस के जरिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसका इलाज चल रहा है घटना मंगलवार दोपहर 1ः00 बजे बरेली रोड की है



थाना क्षेत्र जलालाबाद के गांव सरायं साधौ निवासी वरुण पुत्र विनोद उम्र 25 वर्ष साइकिल पर सवार जंगल से लकड़ियां बीनने जा रहा था जैसे ही वह गंगा मंदिर के पास ढाबे के निकट पहुंचा पीछे से आए तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उछलकर दूर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया युवक की साइकिल पर टूट गई सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए और 108 एंबुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया में भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है मोटरसाइकिल सवार टक्कर मारने के बाद घटनास्थल से रफूचक्कर हो गया मोटरसाइकिल घटनास्थल पर पड़ी हुई है

# व्यापारियों ने नगर आयुक्त के न मिलने पर किया हंगामा

## मेयर ने व्यापारियों से की वार्ता और समस्याओं के निस्तारण का दिया आश्वासन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मडल ने नगर की समस्याओं के विरोध में जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ के नेतृत्व में अनेकों पदाधिकारी एवं व्यापारियों में नगर निगम कार्यालय पर धरना दिया। नगर आयुक्त की ओर से संगठन को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया था लेकिन वार्ता के समय संगठन पदाधिकारीयो के पहुंचने पर नगर आयुक्त ऑफिस में नहीं मिली और ना ही अपरआयुक्त एस के सिंह मिले जिस कारण व्यापारी आक्रोशित हो गए सबका कहना था बुलाए जाने के बाद भी न मिलाना यह व्यापारी समाज का अपमान है। इस कारण व्यापारी धरने पर बैठ गए उप आयुक्त द्वारा समझे जाने पर भी व्यापारी शांत नहीं हुए। तब नगर निगम में मौजूद मेयर वर्मा अर्चना वर्मा द्वारा व्यापारियों को वार्ता के



लिए चेंबर में बुलाया। जहां व्यापारियों ने नगर की तमाम समस्याओं के बारे में प्रश्नों की झड़ी लगा दी । जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने कहा कि नगर की तमाम सड़कों में आज भी छोटे-बड़े गड्ढे बने पड़े हैं जिस कारण आए दिन दुर्घटना होती है गडडो पर कभी डामर नहीं डाली जाती जिस कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। जिला महामंत्री नाजिम खान ने कहा कि आवारा पशु सड़कों पर खुलेआम घूम रहे हैं जिसे भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा ई रिक्शा बेतहाशा बढ़ते जा रहे हैं उनको चलवाने के लिए कोई प्लान नगर निगम अभी तक तैयार नहीं कर पाया। जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता ने कहा नगर निगम बनने के बाद दुकानों मकानो के किरायों और हाउस टैक्स वॉटर टैक्सो मे बेतहाशा बृद्धि कर दी गई है और कई बार कहे जाने पर भी सिर्फ आश्वासन मिला इसको देखेंगे। इसको तो कम किया नही और ऊपर से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा तीन प्रतिशत बढ़ोतरी प्रति वर्ष और कर दी गई इसके बारे में बात करने पर मेयर ने कहा मुझको नहीं पता। संगठन ने कहा यदि नगर आयुक्त जनता की समस्याओं को नहीं सुनेगी तो हम लोग पुनः नगर निगम आकर नगर आयुक्त का घेराव करेंगे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री नाजिम खान नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता महामंत्री अतुल गुप्ता युवा जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता सतनाम चावला चंद्रप्रकाश गुलाटी नबी हसन मोहम्मद रफी राजीव गुप्ता मुकेश गुप्ता रतन सक्सेना सुरेंद्र सेठी शाहबाज खान संजय सेठी कमाल फहीम अरशद खान अभिषेक मोहन राकेश वर्मा संतोष महेंद्रु सहित तमाम व्यापारी मौजूद थे

# पशु से टकराकर बाइक सवार पिता-पुत्र घायल

**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहांपुर।** बाइक सवार अपने घर जा रहे पिता-पुत्र बकरी से टकरा गए और रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के जरिए नगरिया अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा



है घटना मंगलवार श्याम 5.30 बजे की है थाना मदनापुर के गांव नरहा निवासी कल्लू पुत्र केशव उम्र 42 वर्ष व उनका बेटा करन 13 वर्ष रिश्तेदारी में गए थे जहां से वापस लौट रहे थे जैसे ही वह बुधवाना रोड स्थित अकाखेड़ा गांव के पास पहुंचे सड़क पार कर रही बकरियां के विदकने से एक बकरी मोटरसाइकिल से टकरा गई और बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क पर गिर गए व गंभीर रूप से घायल हो गए घायल कल्लू ने बताया कि अकाखेड़ा निवासी आशाराम बकरियां भगाता हुआ अपने घर ले जा रहा था जिसकी लापरवाही से उनके साथ घटना घटी है घटना के बाद मौके पर लोग जमा हो गए और 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई जिसके जरिए नगरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों पिता-पुत्र का इलाज चल रहा है।

# पिकअप से टकराकर टेंपो पलटा एक दर्जन घायल, 2 जिला अस्पताल रेफर

## गंगा एक्सप्रेस-वे के इंटरचेंज के पास कलट्टरगंज गांव की घटना

**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहांपुर।** नामकरण संस्कार में बेटी के घर आई मां, भाई, भाभी और परिवार के लगभग एक दर्जन लोग वापस जाते समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गए जिसमें दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है घटना कलट्टरगंज गांव के पास शाम 6 बजे की है सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नगरिया अस्पताल में भर्ती कराया जहां से जिला अस्पताल रेफर किया थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव सुजावलपुर निवासी काशीराम के घर बेटा हुआ था इस दौरान पत्नी रीना के मायके वाले जनपद जौनपुर के थाना व कस्बा शाहगंज के गांव सबराहत निवासी एक ही परिवार के लगभग एक दर्जन से अधिक लोग नामकरण संस्कार में शिरकत करने आए थे सोमवार को नामकरण संस्कार कार्यक्रम संपन्न होने के बाद आज



मंगलवार को सभी लोग अपने घर जौनपुर जा रहे थे गांव से निकलने के बाद सभी लोग थ्री व्हीलर संख्या यूपी 27 बीटी 7706 में सवार होकर शाहजहांपुर जा रहे थे जैसे ही कलेक्टरगंज गांव के पास पहुंचे गंगा एक्सप्रेस-वे से नीचे उतरकर एक बोलोरो पिकअप चालक अचानक टेंपो के सामने आ गया और टेंपो पिकअप के पिछले हिस्से से टकराता हुआ पलट गया इस दौरान टेंपो में सवार सभी लोग घायल हो गए घायलों में रेनू पत्नी राजेंद्र उम्र 30 वर्ष, रमपत्ती पत्नी हरिहर उम्र 65 वर्ष, देवती पत्नी जांगीलाल उम्र 40 वर्ष, मंजू पत्नी जितेंद्र उम्र 38 वर्ष, चंदा पत्नी दीपचंद उम्र 42 वर्ष, गोपना पुत्री जितेंद्र उम्र 18 वर्ष, आयांश पुत्र दीपचंद उम्र 4 वर्ष घायल हो गए टेंपो में कुल एक दर्जन लोग सवार थे सभी को चोटें आई लेकिन रेनू व रमपत्ती गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है सूचना मिलते ही सुजावलपुर गांव के काशीराम व तमाम रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की वहीं टेंपो चालक टेंपो छोड़कर मौके से फरार हो गया बोलोरो पिकअप चालक भी घटना स्थल से वाहन लेकर गंगा एक्सप्रेसवे पर फरार हो गया पिकअप चालक को पुलिस तलाश कर रही है जबकि टेंपो को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है

# पति को छोड़ प्रेमी संग जाने पर अड़ी महिला

## महिला के दो जवान बेटे और दो शादीशुदा हैं बेटियां

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** क्षेत्र में एक महिला के प्रेम प्रसंग का मामला मंगलवार को दिनभर चर्चा का विषय बना रहा। करीब 12 दिन पहले घर छोड़कर चली गई महिला को पुलिस ने बरामद कर थाने पहुंचाया, जहां पति, दो जवान बेटों दो शादीशुदा बेटियां और दोनों शादीशुदा बेटियों के करीब आधा दर्जन बच्चे उसे घर लौटने के लिए मनाते रहे, लेकिन महिला अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही।जानकारी के अनुसार महिला का बिलसंडा क्षेत्र के एक ठेकेदार से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा दोनों के बीच नज़दीकियां इतनी बढ़ गईं कि साथ जीवन बिताने का फैसला कर लिया। बताया जाता है कि महिला करीब 12 दिन पूर्व अपने घर से चली गई थी। महिला के अचानक लापता होने से परिवार में हड़कंप मच गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर पति ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मंगलवार को पुलिस ने खोजबीन के दौरान महिला को बरामद कर थाने पहुंचाया। इसकी सूचना मिलते ही महिला का पति, दो जवान बेटे, दोनों शादीशुदा बेटियां और दोनों बेटियों के बच्चे भी थाने पहुंच गए। परिवार के लोगों ने महिला को समझाने और घर लौटने के लिए भावनात्मक अपील की। बेटों ने मां को परिवार की जिम्मेदारियों का हवाला दिया, जबकि बेटियों ने भी मां से घर वापस चलने का अनुरोध किया।थाने में घंटों तक मान-मनौवल और समझाने का दौर चलता रहा। इस दौरान माहौल भावुक बना रहा, लेकिन महिला अपने निर्णय पर अडिग रही और प्रेमी के साथ रहने की इच्छा जताती रही। परिवार के तमाम प्रयासों के बावजूद वह घर लौटने को तैयार नहीं हुई।प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि महिला के पति की ओर से करीब दस दिन पूर्व गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया है। महिला के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद महिला की इच्छा और बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** एक युवक ने मंगलवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया क्षेत्र के गांव खिरिया माल निवासी नरेश का 20 वर्षीय पुत्र रनंकज मंगलवार करीब तीन बजे किसी बात को लेकर परेशान था। इसी दौरान उसने घर पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गया। परिजनों में हड़कंप मच गया और उसे तत्काल सीएचसी ले जाया गया।सीएचसी में डाक्टर ने युवक का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना सीएचसी प्रशासन द्वारा पुलिस को भेज दी गई है।प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि सीएचसी प्रशासन की ओर से सूचना प्राप्त हुई है। मामले में तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# परिवार परामर्श केंद्र ने दो दंपतियों का करवाया समझौता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** परिवार परामर्श केंद्र ने दो परिवारों को फिर से एकजुट कर रिश्तों में नई उम्मीद जगा दी। केंद्र में आयोजित बैठक में कुल 28 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें दो दंपतियों के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया। पहला मामला सदर बाजार क्षेत्र का था। करीब एक वर्ष सात माह पूर्व विवाह बंधन में बंधे दंपति के बीच घरेलू कलह के चलते पत्नी पिछले 15 दिनों से मायके में रह रही थी। पत्नी ने पति पर मारपीट करने और खर्च न देने का आरोप लगाया। परिवार परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों की काउंसिलिंग की गई। समझाइश और बातचीत के बाद पति ने पत्नी के भरण-पोषण की जिम्मेदारी निभाने तथा भविष्य में बेहतर व्यवहार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद दोनों ने साथ रहने पर सहमति जताई। दूसरा मामला कोतवाली क्षेत्र से संबंधित था। तीन वर्ष पूर्व विवाह करने वाले दंपति के बीच लंबे समय से मतभेद चले आ रहे थे। पति का आरोप था कि पत्नी बिना बताए मायके चली जाती है और उसकी बातों को नजरअंदाज करती है। परामर्शदाताओं ने दोनों पक्षों को रिश्तों की अहमियत समझाई और संवाद बनाए रखने की सलाह दी। इसके बाद दोनों ने पुराने गिले-शिकवे भुलाकर वैवाहिक जीवन को नई शुरुआत देने का निर्णय लिया। बैठक में कुल 28 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। दो मामलों में सफल समझौता कराया गया, जबकि अन्य प्रकरणों में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। केंद्र की पहल से दो परिवार टूटने से बच गए और दंपतियों ने आपसी विश्वास के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। बैठक में प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र महिला उपनिरीक्षक मधु यादव, परामर्शदात्री शशि प्रभा कौशल, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, महिला आरक्षी मोनिका कुमारी, नेहा चौहान, निशा मिश्रा और रश्मि चौधरी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने सुनी समस्याएं

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 05 समस्यायें / शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर ही 1 समस्या/शिकायत का निस्तारण कराया गया तथा शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, जन-प्रतिनिधिगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।



# शहरी आवास योजना में घपला कर बनवा लिए मकान

**ददरौल शाहजहांपुर।** विकासखंड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत मिश्रीपुर में शहरी आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास अवैध रूप से बनवाए जाने का मामला सामने आया है। इस आशय से ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। प्रेषित पत्र में ग्राम प्रधान माया देवी और भाजपा नेता रूपराम वर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत मिश्रीपुर में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत कराकर दलालों के माध्यम से बनवाए जा रहे हैं। ऐसे कुल पांच आवास हैं। जिसमें से दो मोहल्ला बिजलीपुरा तथा एक मोहल्ला भारद्वाजी का स्वीकृत हुआ है। उक्त पांचों लाभार्थी ग्राम पंचायत मिश्रीपुर के रहने वाले हैं और यहां शहर के मोहल्लों से आवास स्वीकृत कराकर दलालों के माध्यम से बनवा रहे हैं। जोकि नियम विरुद्ध है। प्रधान ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।



# दो घंटे में भोजन नली से निकाला सिक्का

- मेडिकल कॉलेज की टीम ने तीन वर्षीय मासूम की बचाई जान

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर खीरी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध जिला चिकित्सालय मोतीपुर की चिकित्सकीय टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक तीन वर्षीय बच्चे की भोजन नली में फंसा पाँच रुपये का सिक्का सफलतापूर्वक निकालकर उसकी जान बचा ली। पूरे उपचार की प्रक्रिया महज दो घंटे के भीतर पूरी कर ली गई, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली।

मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे परिजन बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि खेलते समय बच्चे ने पाँच रुपये का सिक्का निगल लिया था। ईएनटी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोज शर्मा ने तत्काल जांच कर एक्स-रे कराया, जिसमें सिक्का भोजन नली (इसोफेगस) के शुरुआती हिस्से में फंसा मिला। स्थिति गंभीर होने के कारण बच्चे को प्राथमिकता पर उपचार के लिए ऑपरेशन थिएटर भेजा गया।

प्रो. डॉ. वाणी गुप्ता के निर्देशन में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. मनोज शर्मा, स्टाफ नर्स रेखा सैनी और उनकी टीम ने दोपहर 12:45 बजे बच्चे को सुरक्षित एनेस्थीसिया देकर एंडोस्कोपी तकनीक से बिना किसी चीरे के सिक्का बाहर निकाल लिया। दोपहर एक बजे से पहले ही ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया। सफल उपचार के बाद बच्चे के परिजनों ने चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ का आभार जताया। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि संस्थान क्षेत्रवासियों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की ब्लॉक टीम गठित

स्वतंत्र भारत

**खमरिया-खीरी।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद शुक्ला के निर्देशन और जिला संगठन मंत्री एकलव्य पाठक के नेतृत्व में हसनपुर कटौली स्थित शिव मंदिर परिसर में संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा एवं युवा मोर्चा की ब्लॉक स्तरीय टीम का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए पार्टी को नई दिशा देने तथा जिला से लेकर गांव स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन मंत्री एकलव्य पाठक ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सक्रियता पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आह्वान करते हुए 'एक बूथ, 100 यूथ' के लक्ष्य को सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री के नेतृत्व और उनके कार्यों की सराहना करते हुए संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# गोमती संरक्षण अभियान को एसडीएम का समर्थन



**मोहम्मदी-खीरी।** गोमती श्रमदान मूवमेंट से जुड़े युवाओं ने उपजिलाधिकारी मोहम्मदी चलवुराजु आर. से मुलाकात कर 'एक जिला, एक नदी' अभियान के तहत संचालित श्रमदान, स्वच्छता और जनजागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान युवाओं ने गोमती नदी के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की। उपजिलाधिकारी चलवुराजु आर. ने गोमती नदी की स्वच्छता और संरक्षण के लिए युवाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में युवाओं की सक्रिय भागीदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ लोगों में जागरूकता बढ़ाने का भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। मूवमेंट के प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रत्येक रविवार को गोमती नदी तट पर श्रमदान, सफाई अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा नदी किनारे व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने की भी योजना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को और मजबूती मिल सके।

## पांचवें मंगलवार पर बिजुआ में जगह-जगह भंडारे



**बिजुआ-खीरी।** ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगलवार के अवसर पर विकास खंड बिजुआ क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर भंडारे एवं शीतल जल वितरण का आयोजन किया गया। दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ धार्मिक स्थलों पर उमड़ती रही और लोगों ने बजरंगबली की पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। पड़रिया तुला स्थित बालाजी पावन धाम में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं खजांची लाल गुप्ता के प्रतिष्ठान पर भी बड़े स्तर पर भंडारा आयोजित हुआ, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भीरा थाना परिसर में थानाध्यक्ष रोहित दुबे के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने मिलकर श्रद्धालुओं को भोजन और शीतल जल वितरित किया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसके अलावा बिजुआ क्षेत्र के अन्य धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर भी भंडारे लगाए गए। श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी की विशेष व्यवस्था की गई। पूरे दिन क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा और सेवा कार्यों के माध्यम से लोगों ने सामाजिक एवं धार्मिक एकता का संदेश दिया।

## शराब की दुकान में चोरी का खुलासा, चार तस्कर गिरफ्तार



**मझगई खीरी।** बीते 23/24 मई की रात को मझगई थाना क्षेत्र स्थित एक शराब की दुकान का ताला तोड़कर चोर भारी मात्रा में शराब और बीयर की पेटियां चुरा ले गए थे। इस संबंध में थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम चोरों की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम लियाकतपुरवा के आगे शारदा नदी के सुतिया किनारे घेराबंदी कर चारों अभियुक्तों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमन उर्फ नरेन्द्र सिंह उर्फ काकू (20) निवासी ग्राम तिकोना फार्म, अंकित उर्फ कालू (24) निवासी ग्राम चौखड़ फार्म, नितिन (21) निवासी ग्राम कोठिया और मंदीप सिंह (20) निवासी ग्राम तिकोना फार्म मजरा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 7 पेटी व 70 अदद बीयर कैन (कुल 238 कैन) और 2 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। इसके अलावा चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (यूपी 31 सीसी 3795) भी जब्त की गई है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गौरव सिंह, रामसुमेर साहनी, कांस्टेबल रवि गंगवार, रोबिन सिंह और हिमांशु गौतम शामिल रहे। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## मैलानी में लगा 'शासन आपके द्वार' शिविर

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** नगर पंचायत मैलानी में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार की पहल पर 'शासन आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग, कार्यक्रम विभाग, अग्रणी जिला प्रबंधन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर आमजन की समस्याएं सुनीं और मौके पर समाधान सुनिश्चित किया। साथ ही पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई की गई। सीडीओ अभिषेक कुमार के पहुंचने से पहले ही 100 से अधिक लोगों ने विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीकरण कराया, जिससे शिविर में लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी की मौजूदगी में पात्र लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ प्रदान किया गया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने कहा कि लंबे समय बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के मैलानी पहुंचने से स्थानीय समस्याओं के समाधान और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम समाज की भूमि से हटा अवैध कब्जा

**मोहम्मदी-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** तहसील मोहम्मदी के उपजिलाधिकारी के आदेश पर गठित टीम ने ग्राम बेला परछिया में कार्रवाई करते हुए लगभग तीन एकड़ ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवा दिया। नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव, लेखपाल सहित अन्य राजस्व कर्मियों ने जेसीबी एवं अन्य संसाधनों की मदद से भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के बाद ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर पुनः सरकारी अभिरक्षा में ले लिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### बड़े मंगल पर बजाज इकाई में भंडारा

**पलिया कलां-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** बड़े मंगल के पावन अवसर पर बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की आसवनी इकाई में पूजा-अर्चना, सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आसवनी इकाई के यूनिट हेड उदय प्रताप सिंह ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। भीरा रोड स्थित आसवनी गेट पर राहगीरों एवं श्रद्धालुओं के लिए बूंदी, चना, हलवा, पूड़ी-सब्जी सहित अन्य प्रसाद की व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई। इससे पूर्व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में आसवनी हेड गोला सहदेव सिंह, दीपक मिश्रा, गिरेंद्र नाथ सिंह, संजय दत्ता, मनीष श्रीवास्तव एवं वैभव सिंह मौजूद रहे। वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने प्रसाद वितरण एवं भंडारे के संचालन में सहयोग किया। आयोजन का माहौल पूरे दिन भक्तिमय बना रहा।

### बड़े मंगल पर जंगबहादुरगंज में विशाल भंडारा

**जंगबहादुरगंज-खीरी।** जेष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर कस्बा जंगबहादुरगंज में आईसीआईसीआई बैंक के निकट बालाजी महाराज के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंगलवार को दोपहर 12 बजे शुरू हुआ यह भंडारा शाम 7 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बालाजी महाराज के पूजन-अर्चन, वंदन और आरती के साथ हुआ। इसके बाद भगवान को भोग अर्पित किया गया तथा परंपरा के अनुसार सबसे पहले कन्याओं को भोजन कराया गया। तत्पश्चात भंडारे का शुभारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी, हलुआ सहित अन्य प्रसाद वितरित किया गया। नेशनल हाईवे-30 पर आयोजित भंडारे में राहगीरों के लिए शीतल जल की भी विशेष व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं और यात्रियों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों के सेवा भाव की सराहना की। भंडारे के सफल आयोजन में सुनील गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, राजू गुप्ता, विपुल गुप्ता, गोलू सिंह, विमलेश गुप्ता, संजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, राकेश गुप्ता, अतुल गुप्ता, अमीरु, आनंद गुप्ता, सुमित गुप्ता, अनंतराम गुप्ता, अखिलेश किराना, दासू गुप्ता, मनीष कबड्डी, सुधीर गुप्ता, आशीष प्रधान, दिलीप गुप्ता, विशाल गुप्ता, सोहित गुप्ता, श्याम गुप्ता और सत्य प्रकाश गुप्ता सहित अनेक भक्तों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

## पंच कुण्डीय यज्ञ में दिखा भक्तिमय वातावरण

**धौरहरा-खीरी।** धौरहरा क्षेत्र के कलुआपुर गांव के गायत्री नगर मजरे में देवी स्थान परिसर में आयोजित पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। यज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने वेद मंत्रों के बीच आहुतियां अर्पित कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। वही महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ, जिसमें महिलाओं ने सरयू नदी से पवित्र जल लाकर यज्ञ स्थल पर स्थापित किया। इससे पूर्व रात्रि बेला में गायत्री परिवार के परिव्राजकों ने प्रज्ञा पुराण की कथा का श्रवण कराते हुए नैतिक मूल्यों और संस्कारों का संदेश दिया।



इस दौरान गायत्री परिवार के परिव्राजक बृजेन्द्र त्रिपाठी, राम सजीवन, प्रहलाद शर्मा, व जमुना प्रसाद जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु भारतीय पारंपरिक परिधानों में नजर आए, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। साथ ही परिव्राजकों ने समाज को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का संदेश देते हुए सभी को नशा मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने का संकल्प दिलाया। मुख्य यजमान रामगोपाल राजपूत ने यज्ञ में महती भूमिका निभाई। आयोजन में राम सिंह मौर्य, ओमकार मौर्य, भारत प्रसाद राजपूत, बाबूराम राजपूत, हरिनाम राजपूत, परमानन्द राजपूत, ईश्वरदीन भार्गव, वकील कुमार, नेवरतन लाल, सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।


## ग्राम पंचायतों में भुगतान की जांच तेज, संसारपुर में मिलीं अनियमितताएं

**लखीमपुर खीरी।** ग्राम प्रधानों के कार्यकाल की समाप्ति से पहले ग्राम पंचायतों में हुए बड़े पैमाने पर भुगतानों की जांच शुरू हो गई है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने मई माह में हुए भुगतान की समीक्षा कराई, जिसमें कई ग्राम पंचायतें जांच के दायरे में आ गईं। इसी क्रम में उन्होंने मंगलवार को ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत संसारपुर और ग्रांट डोटपुर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संसारपुर ग्राम पंचायत में मई माह में 32.13 लाख रुपये के भुगतान का मामला सामने आया। जांच में पाया गया कि कई कार्य अधूरे होने के बावजूद उनका भुगतान कर दिया गया। करीब 5.81 लाख रुपये की लागत से कराए गए मरम्मत कार्यों में भी गंभीर खामियां मिलीं। मौके पर देखे गए कार्यों की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई, जिस पर सीडीओ ने निर्माण सामग्री के नमूने लेकर उन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिए। प्रथम दृष्टया भुगतान और कार्यों में अनियमितता पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए तकनीकी टीम गठित कर दी गई है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जांच में यदि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों से धनराशि की वसूली भी कराई जाएगी। इसके बाद सीडीओ ने ग्राम पंचायत ग्रांट डोटपुर का निरीक्षण किया। यहां विकास कार्य संतोषजनक मिले, हालांकि ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति और पाइपलाइन लीकेज की समस्या बताई। इस पर जल निगम अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए गए। साथ ही डीपीआरओ को गांव की स्वच्छता व्यवस्था और साफ-सफाई बेहतर कराने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि पंचायतों में कार्यों और भुगतानों की जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सड़क किनारे टहलता दिखा बाघ

**पलिया खीरी।** दुधवा-गौरीफंटा मार्ग पर देर शाम सड़क किनारे एक विशालकाय बाघ आराम से टहलता हुआ नजर आया। इस दौरान वहां से गुजर रहे कार सवारों ने इस रोमांचक पल को अपने मोबाइल में कैद कर लिया,जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।मिली जानकारी के अनुसार, दुधवा टाइगर रिजर्व के बीच से गुजरने वाले इस मुख्य मार्ग पर अचानक एक बाघ जंगल से निकलकर सड़क पर चलने लगा।बाघ को सामने देख कार सवारों ने गाड़ी की रफ्तार धीमी कर ली और सुरक्षित दूरी बनाकर उसका वीडियो रिकॉर्ड किया।



बाघ बिना किसी को नुकसान पहुंचाए सड़क किनारे चलता रहा और फिर शांत अंदाज में घने जंगल की ओर लौट गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों के पहिए थम गए और लोग दूर से ही इस नजारे को देखते रहे। वन विभाग ने इस पर संज्ञान लेते हुए राहगीरों से अपील की है कि जंगल के रास्तों से गुजरते समय सतर्कता बरतें।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा चलाएगी विशेष अभियान

- 5 से 21 जून तक जिलेभर में होंगे जनसंपर्क, सेवा, पर्यावरण और योग कार्यक्रम

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में बैठक आयोजित कर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक चलने वाले विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर सरकार की उपलब्धियों और विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

अभियान की शुरुआत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण कार्यक्रम से होगी, जिसके संयोजक जिला उपाध्यक्ष आशू मिश्रा बनाए गए हैं। 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत स्वच्छता, वृक्षारोपण और प्रगति पथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अनुराग मिश्रा, जिला महामंत्री अमित सिंह, गणेश शंकर गौतम, संजय गुप्ता, राम भरोसे वर्मा और शौर्य सक्सेना को जिम्मेदारी सौंपी गई है। 14 से 18 जून तक प्रत्येक विकासखंड पर जनकल्याण शिविर आयोजित होंगे, जिनके लिए जिला महामंत्री राजेश सिंह और जिला मंत्री संगीता पुरी को दायित्व दिया गया है। 17 जून को जिला पंचायत सभागार, लखीमपुर में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन होगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला कोषाध्यक्ष सुदीप निगम और व्यावसायिक प्रकोष्ठ संयोजक आशीष गुप्ता को दी गई है। इसी दिन विलोबी मैदान में प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जिसके संयोजक संजय मिश्रा और डॉ. अखिलेश वर्मा होंगे। 12 जून को प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल की मौजूदगी में जिला स्तरीय मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं 18 और 19 जून को प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला होगी, जिसके लिए अंकित अवस्थी, अभिषेक अवस्थी और अचल मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल स्तर पर कार्यक्रम होंगे। संपूर्ण अभियान के जिला संयोजक रामजी मौर्य तथा सहसंयोजक संतोष कुमारी, अमित सिंह और शरद मिश्रा बनाए गए हैं।

## प्रधानमंत्री और देश के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत

**मैलानी-खीरी।** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी वाला वीडियो वायरल करने के मामले में मैलानी पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में मामले को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को मैलानी कस्बे के एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में प्रधानमंत्री और भारत के प्रति आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किए जाने का आरोप लगाया गया। मामला सामने आने पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति भवानी शंकर महेश्वरी समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने मैलानी थाने पहुंचकर तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा संख्या 123/2026 दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में आरोपी मुबारक खान पुत्र इजरायल, निवासी वार्ड संख्या-5, कस्बा मैलानी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1), 353(2) तथा आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मामला दर्ज किया गया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को तिकुनिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह, कांस्टेबल दिनेश कुमार, अरुण कुमार और प्रशान्त मलिक शामिल रहे। पुलिस ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

## समाजसेवी के सोशल मीडिया अभियान से सुधरी बिजली व्यवस्था

**निघासन।** सीमावर्ती और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया था। भीषण गर्मी और उमस के बीच ग्रामीणों को दिन-रात परेशानी झेलनी पड़ रही थी। बच्चे, बुजुर्ग और किसान सबसे अधिक प्रभावित थे। बिजली विभाग के चक्कर लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा था। ऐसे में टेंगनाहिया गांव निवासी समाजसेवी विमल मिश्रा ने बिजली संकट के खिलाफ अनोखा अभियान शुरू किया। उन्होंने धरना-प्रदर्शन या सड़क पर उतरने के बजाय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) का सहारा लिया। विमल मिश्रा ने लगातार बिजली कटौती की स्थिति को उजागर करते हुए विभागीय अधिकारियों, जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार के जिम्मेदार लोगों को टैग कर ट्वीट किए।



उनके लगातार प्रयासों का असर जल्द ही दिखाई दिया। मामले ने अधिकारियों का ध्यान खींचा और बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए कार्रवाई शुरू हुई। इसके बाद निघासन और आसपास के कई गांवों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। विमल मिश्रा का यह प्रयास ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग का उदाहरण बनकर सामने आया है। उन्होंने दिखाया कि बिना किसी विरोध-प्रदर्शन या राजनीतिक हस्तक्षेप के भी तकनीक और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाकर व्यवस्था को जवाबदेह बनाया जा सकता है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## तीन महीने

तीन महीने से धधक रहा पश्चिम एशिया क्षेत्र व्यापक रूप से अशांत बना हुआ है, खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं, खुद ईरान व्यापक तबाही झेलने के बाद जबर्दस्त पलटवार करता जा रहा है, वहीं पहली बार यह भी साबित हो गया है कि खाड़ी क्षेत्र की सबसे बड़ी संपदा तेल और गैस पर पूरी दुनिया कितनी अधिक निर्भर करती है। इस क्षेत्र के देशों को भी अपने रणनीतिक महत्व का एहसास हो चला है। इनमें ईरान भी शामिल है जिसे खूब पता था कि उसके द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने का दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं पर कितना गंभीर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे तेल की किल्लत होनी थी और दाम बढ़ने ही थे। साथ ही ईरान ने होर्मुज पर जब अपनी पकड़ सख्त की तो अमेरिका भी झटका खाकर सकते में आ गया। अब ईरान के इस कदम का अमेरिका के पास कोई जवाब नहीं है। यह पहली बार हुआ जब ईरान ने घोषित किया कि जो भी जहाज होर्मुज पार करके जाएंगे, उन्हें शुल्क अदा करना पड़ेगा। जबकि अभी तक यह माना जाता था कि होर्मुज सबका है और उससे होकर आने-जाने में किसी को कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। दूसरी ओर मैदान-ए-जंग में भी ईरान उन्नीस नहीं पड़ा। अमेरिका जैसी दुनिया की ऐसी शक्ति जिसका मुकाबला करने की कोई सोच भी नहीं सकता, को भी ईरान तीन महीने से जीत नहीं हासिल करने दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्ध से पहले अगर यह सोचा रहा हो कि ईरान के शीर्ष नेतृत्व को मिटा देने से उनकी राह आसान हो जाएगी तो वह भी नहीं हुआ। ईरान ने बता दिया कि अपनी छोटी मिसाइलों और ड्रोन टेक्नोलॉजी के बल पर भी वह लंबे समय तक दो-दो हाथ करने का दम रखता है। अमेरिका का नुकसान इसी आंकड़े से साफ हो जाता है कि युद्ध में अब तक वह 2.7 अरब डॉलर से अधिक फूंक चुका है और चालीस एयरक्राफ्ट नष्ट हो चुके हैं। यह बहुत बड़ा नुकसान है जिसे ट्रंप भी समझ रहे हैं। प्रेक्षकों का यह मानना गलत नहीं है कि इसीलिए युद्ध विराम को लेकर अमेरिका ज्यादा उत्सुक है। लेकिन घूम फिरकर सवाल वहीं आ जाता है कि अगर जंग जारी रही तो भारत समेत दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाओं का कितना विघटन होगा। अच्छे-खासे सुरक्षित रास्ते पर अचानक तूफान जैसा बदलाव बड़ी चिंता की बात है। इससे निपटने का एक ही रास्ता ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश का है। इस पर काम हो रहा है लेकिन उसमें जितना विलंब होगा, उतना ही नुकसान सभी देशों को उठाना पड़ेगा।

## स्वास्थ्य सेवाएं

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सटे क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की काफी दयनीय स्थिति सब कुछ दुरुस्त होने के दावों की हकीकत बयां कर देती है। स्पष्ट है कि इन सेवाओं के लिए समानता और संतुलन की जरूरत पर ध्यान नहीं दिया गया है। एक रिपोर्ट बताती है कि उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र के लखनऊ समेत छह जिलों में तीन हजार से ज्यादा अस्पतालों की कमी है। इसमें सबसे खराब स्थिति हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की है जबकि आधारभूत स्वास्थ्य सेवा के लिए ये दोनों ही बहुत जरूरी हैं क्योंकि अधिकांश लोगों के लिए यही सबसे सुलभ होते हैं। इसे यों समझें कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा और जांच की पहली कड़ी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ही होते हैं। उनकी कमी का सीधा असर गांव में बसे लोगों पर पड़ेगा। यह हाल शुरू भी हो चुका है क्योंकि उनका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है और मरीज लखनऊ रेफर किया जा रहे हैं। इस संबंध में एक सर्वेक्षण के मुताबिक यूपीएससीआर के लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, बाराबंकी और हरदोई क्षेत्र में इन अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या आबादी और भौगोलिक जरूरत के लिहाज से काफी कम है। रिपोर्ट का कहना है कि अगले कुछ बरसों में स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव कुछ और बढ़ेगा क्योंकि तब स्थानीय जनसंख्या और बाहर से आकर बसने वाले लोगों की संख्या काफी बढ़ चुकी होगी। इस समय की स्थिति के अनुसार बड़े मेडिकल संस्थान और विशेषज्ञ अस्पताल लखनऊ में ही केंद्रित हैं। ऐसे में अगर जिला और तहसील स्तरों पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ न हो सकीं तो आने वाले समय में लखनऊ के अस्पतालों में स्थिति स्वाभाविक रूप से गंभीर हो जाएगी। लखनऊ चूंकि राजधानी है तो ज्यादातर सुविधाओं को यहीं केंद्रित कर दिया गया। हकीकत यह है कि चिकित्सा सुविधाओं की जरूरत हर जगह के लोगों को पड़ती है। अगर स्थानीय स्तर पर यह उपलब्ध न हो तो निकटतम सुलभ बेहतर अस्पतालों में जाएंगे ही। इस दृष्टि से स्वास्थ्य विभाग के लिए यह बड़ी चुनौती है। यूपीएससीआर में चिकित्सा सुविधाओं को इस तरह विकसित किया जाए जिससे लोगों को दूसरी जगह जाने के बारे में सोचना भी न पड़े।

## काँव-काँव

♦♦♦

**नीट परीक्षा में बदलाव अभी संभव नहीं-कोर्ट**
तुगलकी फैसलों का रिकॉर्ड कैसे बनेगा हुजूर?
**प्रतिभाशाली छात्राओं से प्रेरणा लें छात्र - योगी**
लंबे बाल, कानों में बालियों से शुरुआत हुई है!
**आपरेशन सिंदूर से बढ़ा भारतीय हथियार मार्केट**
पहलगाम में मरे भारतीयों का खून काम आया!
**जनसमस्याओं का समाधान समय पर करें-योगी**
चार साल समस्याएं, चुनाव से पहले समाधान!
**कामर्शियल गैस सिलेंडरों के दाम फिर बढ़ाये गये**
पढ़े लिखे बेरोजगार पकौड़े भी नहीं तल पायेंगे?
**पीएम स्वनिधि से जुड़े हैं पचपन लाख स्ट्रीट वेंडर**
लेकिन इनकी नागरिकता का परीक्षण बाकी है!

♦♦♦

# इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत

**- अनिरुद्ध गौड़**

हमारे देश के वनों में गर्मियों के दिनों में आग लगना एक लगातार सिलसिला है। अप्रैल का महीना शुरू हुआ कि आग से जंगल धधकने लगते हैं। जंगल की आग पर्यावरण की दृष्टि से तो खतरनाक है ही जनजीवन और बायोडायर्वसिटी की दृष्टि से भी हानिकारक है। ऐसे समय में जब जंगलों में आग लगती है तो देखा गया है कि उसकी तैयारी में सरकार विफल रही है।

देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी - वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई। 1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी।

वहीं 1 नवम्बर, 2023 से 2024 में बड़ी आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में आंध्र प्रदेश में 860, मध्य प्रदेश में 719, तेलंगाना 688, महाराष्ट्र में 547 और छत्तीसगढ़ में 527 बार आग लगी, जबकि वर्ष 2022-2023 में तो पूरे देश के वनों में 12562 आग की घटनाएं हुई। जंगल की आग से वनों का क्षरण तो होता ही है बहुमूल्य वन संपदा और कार्बन भी नष्ट हो जाते हैं। वनों का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह देखा गया है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार जंगल की आग को मॉनिटर करने के लिए भारत में 2004 से शुरू सेटेलाइट की रिमोट सेंसिंग मोडिस अर्थात मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर सेंसर और 2017 से भारतीय सेटेलाइट से सम्पूर्ण भारत में एसएनपीपी-वीआईआईआरएस अर्थात सुओमी-नेशनल पोलर आर्बिटिंग पार्टनरशिप-विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट के साथ जीआईएस टूल्स की मदद से वनों की आग को मॉनिटर किया जा रहा है। देश का कुल 32,87,469 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र है।


नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार-बार आग लगती रहती है। देश के करीब 4 प्रतिशत वन क्षेत्र में अधिक तो 6 प्रतिशत भाग में सबसे अधिक खतरा पाया गया है। ग्लोबल फॉरेस्ट वाच के अनुसार विश्व स्तर पर आग से वर्ष 2001 से 2022 के बीच 126 मिलियन हेक्टेयर वनों का नुकसान हुआ। इनमें वर्ष 2016 ऐसा वर्ष रहा जिसमें आग से सबसे अधिक 9.63 मिलियन हेक्टेयर वन आवरण का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में आग की घटनाओं को देखें तो 2001 से 2022 के बीच भारत में आग की घटनाओं से 35.9 हेक्टेयर वृक्ष आवरण को नुकसान और 2.15 मेगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण का नुकसान अन्य कारणों से हुआ। इसमें भी 2008 में आग से सबसे अधिक कुल 3.5 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान हुआ।

अगर 12 अप्रैल 2021 से 8 अप्रैल 2024 के बीच आज की घटनाओं की बात की जाए तो 5,29,248 वीआईआईआर के माध्यम से बड़ी आज की घटनाएं रिपोर्ट की गई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व में हर वर्ष करीब 7 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र आग लगने की घटनाओं से प्रभावित होता है। इससे बड़े स्तर पर पर्यावरणीय और आर्थिक क्षति होती है। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार विश्व में सन 2010 में 3.92 गीगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण था जो पृथ्वी के 30 प्रतिशत से अधिक भू-भाग में फैला हुआ था, लेकिन 2023 में विभिन्न कारणों से 28.3 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण कम हो गया। सन 2001 से 2023 तक वैश्विक स्तर पर 488 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण की हानि हुई जो 2000 के बाद से वृक्ष आवरण में 12 प्रतिशत की कमी के बराबर है, जबकि सन 2002 से 2023 के बीच कुल 76.3 मिलियन हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन कम हो गया।

भारत की बात करें तो सन 2010 में 31.3 मिलियन हेक्टर प्राकृतिक वन थे जो कि इसकी कुल भूमि का 11 फीसद था, लेकिन वर्ष 2023 में 134 किलो हेक्टेयर आद्र प्राकृतिक वन की हानि हो गई। वर्ष 2002 से 2023 के बीच भारत में 414 हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन खो दिए। इस तरह भारत में कुल 4.1 प्रतिशत वन क्षेत्रफल कम हो गया। जिसमें 2016 और 2017 में अधिक हानि हुई। वनों में आग लगने से बड़े पैमाने पर मानवीय, पर्यावरण और आर्थिक हानि होती है। इसलिए आग फैलने से रोकना बहुत ही जरूरी है। वनों की आग को नियंत्रित करने में वही पुराने साधन और संसाधनों से आग काबू पाने के लिए राज्यों के महकमे लगे हुए हैं। तकनीक से हम बेहतर तरीके से मॉनिटर कर पा रहे हैं, लेकिन विकसित देशों की तरह वनों की आग को काबू पाने के इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत है।




## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

सत्, असत् और उनसे भी परे अक्षर अर्थात् अक्षय स्वरूप आप ही हैं। अर्जुन ने अक्षय स्वरूप का प्रत्यक्ष दर्शन किया था। केवल बौद्धिक स्तर पर कल्पना करने या मान लेने मात्र से कोई ऐसी स्थिति नहीं मिलती, जो अक्षय हो। अर्जुन का प्रत्यक्ष दर्शन उसकी आन्तरिक अनुभूति है। उसने सविनय कहा-

त्वमादिदेवः पुरुषः पुराण-सिपल स्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्। वेत्तासि वेद्यं च परं च धाम हाम त्वया ततं विश्वमनन्तरूप ।। 38 ।।

आप आदिदेव और सनातन पुरुष हैं। आप इस जगत् के परम आश्रय और जाननेवाले हैं, जानने योग्य हैं तथा परमधाम हैं। हे अनन्तस्वरूप ! आपसे यह सम्पूर्ण जगत् व्याप्त है। आप सर्वत्र हैं।

वायुर्यमोऽग्निर्वरुणः शशाङ्कः प्रजापतिस्त्वं प्रपितामहश्च । नमो नमस्तेऽस्तु सहस्त्रकृत्वः पली पुनश्च भूयोऽपि नमो नमस्ते ।। 39 ।।

आप ही वायु, यमराज, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा तथा प्रजा के स्वामी ब्रह्मा और ब्रह्मा के भी पिता हैं। आपको हजारों बार नमस्कार है। फिर भी बार-बार नमस्कार है। अतिशय श्रद्धा और भक्ति के कारण नमन करते हुए अर्जुन को तृप्ति नहीं हो रही है। वह कहता है-

नमः पुरस्तादथ पृष्ठतस्ते नमोऽस्तु ते सर्वत एवं सर्व। काग अनन्तवीर्यामितविक्रमस्त्वं
सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्वः ।।40 ।।

हे अत्यन्त सामर्थ्यवाले! आपको आगे से और पीछे से भी नमस्कार हो। हे सर्वात्मन् ! आपको सब ओर से ही नमस्कार हो; क्योंकि हे अत्यन्त पराक्रमशाली ! आप सब ओर से संसार को व्याप्त किये हुए हैं, इसलिये आप ही सर्वरूप और सर्वत्र हैं। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**कःकालः कानि मित्राणि को देशः कौ व्ययागमौ।**
**कश्चाहं का च मे शक्तिरचि चिन्त्यं मुहुर्मुहुः।।**

बुद्धिमान् व्यक्ति को निरन्तर यह विचार करते रहना चाहिए कि मेरा समय कैसा चल रहा है, मेरे मित्र कितने हैं और कौन-कौन हैं, मेरा निवासस्थान कैसा है, मेरी आय और व्यय कितना है, मैं कौन हूं तथा मेरी शक्ति कितनी है?

♦♦♦

# शिक्षण संस्थानों में सुनिश्चित हो नैतिकता

शिक्षा एक ऐसा आभूषण है जो मनुष्य के व्यक्तित्व को उत्कृष्ट चारित्रिक आयामों तक पहुंचाता है। यदि यह कहा



**- शिशिर शुक्ला**

जाए कि नैतिकता एवं चरित्र की सरिता का उद्गम शिक्षालय ही होता है, तो इसमें लेशमात्र भी संदेह नहीं है। किंतु हाल की खबरें इस अटूट सत्य एवं विश्वास पर एक कठोर आघात करती हुई प्रतीत होती हैं। हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग के एक शिक्षक के द्वारा परीक्षा के प्रश्नपत्र आउट करने के बदले में एक छात्रा पर व्यक्तिगत रूप से मिलने हेतु दबाव बनाने का मामला प्रकाश में आया है। ऐसा कोई एक ही मामला नहीं है, अपितु अनेक ऐसे मामले प्रकाश में आकर गुरु शिष्य संबंध की पवित्रता को कलंकित करते रहते हैं। कुछ दिन पूर्व मध्य प्रदेश के रीवा से भी एक ऐसी ही घटना प्रकाश में आई थी, जिसमें शिक्षक के द्वारा छात्रा को अश्लील एवं धमकाने वाले संदेश भेजे गए थे। इसी तरह का एक मामला कुछ माह पूर्व दिल्ली विश्वविद्यालय से भी सामने आया था जिसमें छात्रा ने प्रोफेसर पर उत्पीड़न एवं धमकी देने का आरोप लगाया था। विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय वस्तुतः समाज के ऐसे केंद्र होते हैं जहाँ युवा पीढ़ी अपने व्यक्तित्व, दृष्टिकोण और संस्कारों को आकार एवं दिशा देती है। शिक्षक को हमारी भारतीय परंपरा में ईश्वर के समतुल्य माना गया है क्योंकि वह एक अध्यापक के साथ साथ पथप्रदर्शक की भूमिका का भी निर्वहन करता है। ज़रा कल्पना कीजिए कि जब वही शिक्षक अपने पद, प्रभाव और अधिकार का दुरुपयोग करने लगेगा, तो शैक्षिक परिदृश्य किस स्तर तक विषाक्त होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि कतिपय चरित्रहीनों की शर्मनाक गतिविधियों की वजह से सम्पूर्ण शिक्षा जगत को समाज के उपेक्षित दृष्टिकोण का शिकार होने पर विवश होना पड़ता है। परीक्षा एवं अंको का लालच देकर विद्यार्थियों बल्कि विशेषतः छात्राओं से अभद्रतापूर्ण व्यवहार निश्चित रूप से संबंधित शिक्षक के पतित चरित्र एवं निम्न मानसिक स्तर का परिचायक है। ये घटनाएं कहीं न कहीं इस बात को इंगित करती हैं कि आज गुरु शिष्य संबंध विश्वास, सम्मान एवं पवित्रता के आवरण से बाहर निकलकर भय, असुरक्षा एवं संदेह के घेरे में प्रविष्ट हो चुका है।कहीं न कहीं इसके पीछे संस्थागत विफलता दृष्टिगोचर होती है।प्रायः विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में आंतरिक शिकायत समितियाँ तो गठित हो जाती हैं, किंतु अधिकांश मामलों में उनकी सक्रियता केवल कागज़ों तक सीमित रहती है। छात्राएँ अक्सर शिकायत दर्ज कराने से डरती हैं क्योंकि उन्हें बदनामी, प्रताड़ना या शैक्षणिक क्षति का भय सताता है। कई बार आरोपी शिक्षक का प्रभाव इतना अधिक होता है कि पीड़ित पक्ष स्वयं को असहाय महसूस करता है, नतीज़तन अनेक घटनाएँ सामने आने से पहले ही दबा दी जाती हैं।

आज शिक्षण संस्थानों का परिवेश भी शनैःशनैः नैतिक केंद्रों की अपेक्षा प्रतिस्पर्धी और व्यावसायिक ढाँचों में बदलते जा रहे हैं। शिक्षक और छात्र के बीच संवाद का स्वरूप भी परिवर्तित हुआ है। डिजिटल माध्यमों और सोशल मीडिया ने संपर्क को निस्संदेह आसान बनाया है, किंतु शिक्षक व शिक्षार्थी के मध्य की सीमारेखा को धुंधला कर दिया है। इन घटनाओं का सबसे गंभीर प्रभाव छात्राओं की मनःस्थिति पर पड़ता है। उनकी दृष्टि में शिक्षण संस्थान असुरक्षा एवं भय का प्रतीक बन जाते हैं, परिणामतः उनका आत्मविश्वास प्रभावित होता है और कई बार वे



अवसाद, तनाव तथा आत्मग्लानि जैसी स्थितियों का सामना करती हैं। व्यक्तित्व एवं चरित्र को गढ़ने के लिए मन का स्वच्छंद एवं निर्भीक होना अनिवार्य है। किंतु शिक्षक का चरित्र ही जब परिवेश को दूषित करने लगेगा, तब विद्यार्थी स्वयं को असहाय एवं असहज महसूस करेगा। आवश्यकता है इस माहौल को बदलने की ताकि शैक्षिक उन्नयन की प्रक्रिया निर्बाध रूप से गतिमान रह सके। शिक्षकों का भी सतत शैक्षिक एवं चारित्रिक मूल्यांकन पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए ताकि वे अपने विषय के साथ निरंतर गतिमान रह सकें। एक शिक्षक अपने विद्यार्थी के लिए आदर्श होता है, अतः उसका चारित्रिक उज्ज्वलता, मानवीय संवेदनाओं, अनुशासन एवं नैतिक संतुलन से ओतप्रोत होना अनिवार्य है ताकि वह राष्ट्र के लिए गुणवत्तापूर्ण भविष्य का निर्माण कर सके। विद्यार्थियों का अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक होना भी नितांत आवश्यक है। अक्सर सामाजिक दबाव अथवा करियर खराब हो जाने का भय छात्राओं की आवाज़ को दबा देता है। शिक्षण संस्थानों को ऐसा वातावरण देना होगा जहाँ पीड़ित अथवा पीड़िता बिना भय के शिकायत कर सके और साथ ही उसे न्याय मिलने का भी पूर्ण भरोसा हो। समाज और अभिभावकों की सहयोगात्मक भूमिका भी यहाँ पर बेहद अहम है। यह भी आवश्यक है कि हम पूरे शिक्षक समुदाय पर संदेह का दृष्टिपात न करें। आज भी अनेक शिक्षक अत्यंत ईमानदारी और समर्पण से अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। वे विद्यार्थियों के जीवन को सकारात्मक दिशा दे रहे हैं और समाज को बेहतर बना रहे हैं। किंतु जिस प्रकार एक मछली पूरे तालाब को गंदा करती है, उसी तरह कुछ लोगों का अनैतिक आचरण पूरे शिक्षक समाज की गरिमा को आहत करता है। इसलिए सर्वाधिक आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षक स्वयं आत्ममंथन करें एवं समझें कि समाज व राष्ट्र को उनकी किस छवि की आवश्यकता है। दोषियों के लिए कठोर दंड व कार्यवाही का प्रावधान होना चाहिए किंतु मात्र दोषियों को दंडित कर देना ही समस्या का हल नहीं है। चूंकि डिजिटल माध्यमों का शिक्षा में दखल बढ़ चुका है, अतः शिक्षक एवं शिक्षार्थी के मध्य संवाद हेतु एक स्पष्ट आचार संहिता होनी चाहिए। देर रात निजी संदेश, अनावश्यक व्यक्तिगत संपर्क एवं अधिकारों के दुरुपयोग पर संस्थागत निगरानी नितांत आवश्यक है।

विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, कानूनी संरक्षण एवं शिकायत प्रक्रिया के प्रति भलीभांति जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वे ऐसी किसी भी घटना से भयभीत हुए बिना अन्याय के प्रति खुलकर मुखरित होकर अपनी शिकायत दर्ज कर सकें। शिक्षालय केवल ईंटों से निर्मित भवन नहीं होते, अपितु वे समाज के भविष्य की सर्वोत्तम प्रयोगशाला होते हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### जीवन की कुंजी

एक राजा था। बड़ा पुरुषार्थी था। अपने पुरुषार्थ से उसने राज्य को दूर-दूर तक फैला दिया। उसकी प्रजा बड़ी सुखी थी।

धीरे-धीरे राजा पर बुढ़ापा छाने लगा। उसे चिन्ता होने लगी कि उसने राज्य को चलाने के लिए योग्य उत्तराधिकारी न हुआ तो उसके किये-कराये पर पानी फिर जायगा। उसके एक लड़का था। उसी को गद्दी पर बैठना था, लेकिन वह बड़ा प्रमादी था। हाथ-पैर हिलाना उसे पसंद न था। बहुत सोच-विचार के बाद राजा उसे लेकर एक साधु के पास गया और उन्हें सारी बात बताकर लड़के को आश्रम में छोड़ आया। साधु बड़े तेजस्वी थे। उन्होंने राजकुमार से कहा, वत्स, यहां से चार कोस पर एक जंगल है। तुम सवेरे ही वहां जाओ और फूलों के पौधे लाकर आश्रम के अहाते में लगाओ।''

राजकुमार को बड़ा बुरा लगा। अरे, यह काम तो नौकरों के करने का है, उसका नहीं, वह तो यहां राज्य-व्यवस्था के बारे में शिक्षा लेने आया है, लेकिन उसके पिता कह गये थे कि साधु जो कहें, वह करना। मन मारकर अगले दिन से वह उस काम में लग गया। उसने जंगल से लाकर पौधे लगाये, साधु के आदेश पर उन्हें सींचा और जानवरों से बचाने के लिए उनकी रात-दिन रखवाली की। फिर क्या था! कुछ ही दिनों में सारा आश्रम तरह-तरह के रंग-बिरंगे फूलों से लहलहा उठा। राजकुमार की खुशी का ठिकाना न रहा। साधु ने उसे शाबाशी दी। कहा, ''वत्स, लाखों की एक बात हमेशा याद रखना। जो सोता है, उसका भाग्य सोता है, जो बैठता है, उसका भाग्य बैठता है और जो चलता है, उसका भाग्य चलता है। इसलिए हमारे धर्मग्रंथों ने कहा है, चलते रहो, चलते रहो। देखो, सक्रियता से आश्रम का रूप ही बदल गया है।''

राजकुमार को शासन की ही नहीं, जीवन की भी कुंजी मिल गई।

## आपका पत्र मिला

### आरक्षण का मुद्दा गरमाया

चुनाव प्रचार में इन दिनों आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आरक्षण को सबसे निचले वर्गों की जातियों को आर्थिक तथा राजनीतिक संबल प्रदान करने के लिए वैधानिक तौर पर आरक्षण प्रदान किया गया था। बाद में आरक्षण का विस्तार होता गया और इसमें नये-नये जाति समूह शामिल होते चले गए।आरक्षण प्राप्त करने के लिए जाट और मराठा जैसे शक्तिशाली समूहों को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ी। दरअसल, जो आरक्षण निचली पायदान पर खड़े जाति समूहों के उत्थान के लिए था, वह सभी जाति समूहों के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने का हथियार बन गया। कहने की जरूरत नहीं है कि आज आरक्षण भारतीय समाज के एक बहुत बड़े वर्ग में असंतोष और चिंता का कारक बना हुआ है। हिन्दू समाज के अनारक्षित जाति समूह मानते हैं कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसी सूरत में एक ऐसे आर्थिक ढांचे पर बल दिए जाने की जरूरत थी जिसमें बिना आरक्षण की सीढ़ी के सभी निचले वर्ग के लोगों को उत्थान के अवसर प्राप्त हों और जातीय आग्रह सामाजिक विग्रह के कारण न बनें लेकिन अब आरक्षण की नीति एक चिंताजनक मोड़ पर ले आई है। एक ओर जहां कांग्रेस के नेता विशेषकर राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी हर सभा में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने आरक्षण को मुस्लिम तुष्टिकरण का नया औजार बना लिया है।

संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लेकिन कांग्रेस ने चोर दरवाजे से कर्नाटक में आरक्षण देकर जो कदम उठाया है, उसके दुष्परिणाम समझ नहीं पा रही। बेशक, भाजपा को विरोध का बड़ा चुनावी मुद्दा मिल गया है।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
***E-mail : swatantrabharat77@gmail.com***

# पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने की स्टेप-बाई-स्टेप गाइड, समझें पूरी प्रक्रिया




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए री-इवैल्यूएशन पोर्टल 2 जून 2026 से सक्रिय कर दिया है। छात्र अब अपने अंकों के पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्र लंबे समय से पोर्टल शुरू होने का इंतजार कर रहे थे, क्योंकि यह 1 जून को शुरू होने की उम्मीद थी। पोर्टल में देरी होने के बाद कई छात्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी चिंता भी जताई थी। इस वर्ष 4 लाख से अधिक छात्रों ने लगभग 11 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की कॉपी एक्सेस करने के लिए आवेदन किया है। सीबीएसई ने कहा है कि सुबह 7 बजे के बाद पोर्टल में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या की सूचना नहीं मिली और पोर्टल सामान्य रूप से काम कर रहा है।

**छात्रों के सवालों का जवाब दे रहा सीबीएसई-** सीबीएसई लगातार छात्रों के सवालों का जवाब अपने आधिकारिक एक्स हैंडल के जरिए दे रहा है। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस बार आधार सत्यापन को अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के तौर पर लागू किया गया है। इसके अलावा बोर्ड ने प्रक्रिया को आसान बनाते हुए छात्रों को एक ही आवेदन में कई सेवाओं के लिए आवेदन करने की सुविधा दी है। अब अलग-अलग प्रक्रिया के लिए अलग आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी।

**ऐसे करें री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन-** छात्र नीचे दिए गए आसान स्टेप्स को फॉलो करके री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकते हैं-

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट postresult.cbseit.in पर जाएं।

रोल नंबर या यूजर आईडी की मदद से लॉगिन करें।

आधार से संबंधित जानकारी दर्ज करके "Sign In" पर क्लिक करें।

डैशबोर्ड पर "Re-evaluation of Marks" विकल्प चुनें।

जिन विषयों की उत्तर पुस्तिका उपलब्ध है, उनकी सूची स्क्रीन पर दिखाई देगी।

संबंधित प्रश्न संख्या, सब-सेक्शन, पेज नंबर, दिए गए अंक, अपेक्षित अंक और री-इवैल्यूएशन का कारण दर्ज करें।

छात्र एक से अधिक प्रश्नों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

"Save and Continue to Preview" पर क्लिक करें।

सभी जानकारी ध्यान से जांच लें।

"Freeze and Proceed to Payment" पर क्लिक करें।

फीस जमा करें और आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

आवेदन फॉर्म डाउनलोड करें और स्टेटस ट्रैक करें।

सीबीएसई ने साफ किया है कि एक बार आवेदन फ्रीज होकर भुगतान के लिए सबमिट हो जाने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा।

# सीजी व्यापम ने जारी किया प्री-बीएड एंट्रेंस एग्जाम का एडमिट कार्ड

**11 जून को परीक्षा**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर ने प्री-बीएड एंट्रेस एग्जामिनेशन 2026 के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर जाकर अपना हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पासवर्ड की आवश्यकता होगी।

**कब होगी सीजी व्यापम प्री-बीएड एंट्रेस की परीक्षा?**

आधिकारिक सूचना के अनुसार प्री-बीएड एंट्रेस एग्जाम का आयोजन 11 जून 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में आयोजित होगी। परीक्षा का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT), छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया जा रहा है।

**परीक्षा केंद्र पर दो घंटे पहले पहुंचने की सलाह**

सीजी व्यापम ने उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से कम से कम दो घंटे पहले पहुंचने की सलाह दी है। बोर्ड के अनुसार पहचान सत्यापन और फ्रिस्किंग प्रक्रिया के लिए अतिरिक्त समय रखा गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि एडमिट कार्ड में दिए गए समय के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# इंटरव्यू को करना है क्रैक तो ऐसे छोड़ें अपनी छाप



आप फ्रेशर हैं या ऐसे पेशेवर हैं, जो नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हैं। तो यह आपके लिए थोड़ा असहज भरा और तनावपूर्ण हो सकता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि इंटरव्यू लेने वालों को प्रभावित करने के लिए आपके पास बेहद कम समय होता है। यह दबाव आपको अस्वाभाविक या औपचारिक व्यवहार करने के लिए मजबूर कर सकता है, जिससे आपका असली व्यक्तित्व छिप जाता है। साक्षात्कारकर्ता से लंबे समय तक जुड़े रहने और दूसरों से अलग दिखने के लिए सही बातें कहने के बजाय प्रामाणिक होना महत्त्वपूर्ण है। इससे न सिर्फ आप इंटरव्यू लेने वाले पर एक अपनी छाप छोड़ेंगे, बल्कि खुद को टीम के लिए एक अच्छे उम्मीदवार के रूप में भी प्रस्तुत कर पाएंगे।

**आत्म जागरूकता से शुरुआत करें : -**

इंटरव्यू में अपने असली व्यक्तित्व को पेश करने के लिए अपने व्यक्तित्व को समझना शुरू करें। इस बारे में सोचें कि आप ज्यादा मिलनसार हैं या ज्यादा संकोची, रचनात्मक या विश्लेषणात्मक। यह आत्म जागरूकता आपको अपने जवाबों को अपनी शैली के अनुसार ढालने में मदद करती है। यदि आपके व्यक्तित्व के ऐसे पहलू हैं, जिन्हें किसी साक्षात्कार में कम महत्व दिया जा सकता है, तो आप अपनी प्रामाणिकता से समझौता किए बिना इन पहलुओं को बदलने का प्रयास करें।

**बॉडी लैंग्वेज को पहचाने आपकी बॉडी लैंग्वेज :-**

आपके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब होती है। आप अपनी प्राकृतिक प्रवृत्तियों के प्रति ईमानदार रहें। इसके लिए आपकी बॉडी लैंग्वेज और चेहरे के भाव अच्छे और प्रभावी होने चाहिए। शीशे के सामने या किसी ऐसे व्यक्ति के समक्ष इंटरव्यू का अभ्यास करें, जिनके सामने खुद को सहजता से व्यक्त कर सकें। शांत और विचारशील भाव रखने की कोशिश करें। ऐसा करने से आपको चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से निकलने और बातचीत को प्रामाणिक बनाए रखने में मदद मिलती है।

**संपर्क बनाने की योजना बनाएं :-**

इंटरव्यू लेने वाले के साथ एक अच्छा संबंध बनाने और आपकी बातचीत प्रामाणिक और पेशेवर, दोनों बनी रहे, इसके लिए, पहले से योजना बनाना महत्वपूर्ण है। अपने साक्षात्कारकर्ता के बारे में शोध करें। अपने अनुभवों को साझा करना या कंपनी के मूल्यों के बारे में बेझिझक सवाल पूछना, जैसे कि सामाजिक जिम्मेदारी पर इसका ध्यान आदि आपको सामान्य आधार खोजने और बातचीत को सार्थक बनाने में मदद कर सकता है। ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए ऑनलाइन साक्षात्कार देते समय एक आरामदायक और परिचित स्थान चुनें, जहां आप सहज महसूस कर सकें। हालांकि, आपको विपरित परिस्थितियों के लिए भी तैयारी करनी चाहिए। इस बारे में सोचें कि यदि साक्षात्कार में आपका ध्यान भटकता है, तो आप स्वाभाविक रूप से कैसे प्रतिक्रिया देंगे। इन सभी कारकों पर विशेष रूप से काम करें।

## कॅरियर अलर्ट

### UPSSSC लोअर पीसीएस भर्ती 2026

यूपी में सरकारी नौकरी पाने की बढ़िया अपॉर्चुनिटी है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लोअर पीसीएस के 2516 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा के जरिए निदेशालय कोषागार, सहकारी समितियां, कृषि उत्पादन मंडी, नगर निकाय निदेशालय,परिवार कल्याण महानिदेशालय समेत विभिन्न विभागों में भर्ती की जाएगी। जिन भी उम्मीदवारों के पास ग्रेजुएशन की डिग्री और पीईटी 2025 स्कोरकार्ड है, वो इस भर्ती में अप्लाई कर सकते हैं। हालांकि पदानुसार अलग-अलग योग्यता भी तय की गई है। इस वैकेंसी में आवेदन की प्रक्रिया 29 मई से 18 जून 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट upsssc.gov.in पर चलेगी।

### एसएससी सीजीएल 2026

स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने एसएससी सीजीएल वैकेंसी की भी घोषणा कर दी है। इस साल 12256 पदों पर रिक्तियां निकली हैं। जिसके लिए ग्रेजुएट कैंडिडेट्स एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर लास्ट डेट 22 जून 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं। वहीं एप्लिकेशन फीस 23 जून 2026 तक भरी जा सकेगी। सीजीएल टियर I अगस्त/सितंबर 2026 में आयोजित किया जा सकता है। वहीं इस साल से सीजीएल के एग्जाम में सेक्शनल टाइमिंग लागू होगी। टियर में हर सेक्शन के लिए 15 मिनट का समय मिलेगा।

### UPSSSC टेक्निकल असिस्टेंट भर्ती

उत्तर प्रदेश में ग्रुप सी टेक्निकल असिस्टेंट के 2759 पदों पर बड़ी भर्ती निकली हुई है। जिन भी उम्मीदवारों ने मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीएससी एग्रीकल्चर/हॉर्टिकल्चर/होमसाइंस/कम्युनिटी साइंस/फॉरेस्ट्री या बी.ई/बीटेक इंजीनियरिंग की डिग्री एग्रीकल्चर में हासिल की है और उनके पास पीईटी-2025 का स्कोरकार्ड भी है, वो इसमें अप्लाई कर सकते हैं। लास्ट डेट 11 जून 2026 तक आवेदन जारी रहेंगे। इस अवधि के दौरान आप कभी भी ऑनलाइन ऑफिशियल वेबसाइट upsssc.gov.in पर फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

# कॅरियर स्विच करने का बना रहे हैं प्लान तो ध्यान रखें ये बातें

कई बार ऐसा होता है कि लोग कॅरियर में स्विच करते हैं। जिस फील्ड को लोग चुनते हैं, उसको छोड़कर अन्य किसी इंडस्ट्री के साथ कनेक्ट हो जाते हैं। हालांकि ऐसा फैसला विभिन्न परिस्थितियों में लिया जाता है। कई बार प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए तो कभी अपनी पसंद की प्रोफेशन में जाने के लिए लोग कॅरियर स्विच करते हैं। ऐसे में अगर आप भी संबंधित फील्ड को छोड़कर कॅरियर स्विच करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कॅरियर स्विच करने से पहले कुछ जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आप भी कॅरियर स्विच करने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले इस बात पर गौर करें कि आप अपने इस फैसले को लेकर कितना श्योर हैं। क्योंकि प्रोफेशन लाइफ में कदम रखने के बाद आप यह बहुत अच्छे से समझ सकते हैं कि इस मोड़ पर कॅरियर स्विच करना कैसा होगा। ऐसे में क्या आप इस फैसले के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। आप चाहें, तो संबंधित फील्ड के अनुभवी और एक्सपर्ट लोगों से सलाह ले सकते हैं। उनकी राय आपको सही फैसला लेने में मदद करेगी। आप जिस भी फील्ड में जाना चाहते हैं, वहां पर कॅरियर के क्या ऑप्शन हैं, आपका फ्यूचर कितना सिक्योर है और आगे कहां तक प्रोफेशनल ग्रोथ कर पाएंगे। इस सारी बातों पर भी ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। इसलिए यह फैसला जल्दबाजी में न लें। बल्कि सोच-समझकर आगे बढ़ें।



# पायलट बन चमकाएं अपना भविष्य, मिलेगा अच्छा वेतन

*वर्तमान समय में एविएशन इंडस्ट्री में तेजी से ग्रोथ हो रही है। साथ ही इस फील्ड में अवसरों की भरमार है। ऐसे में आप इस फील्ड में कॅरियर बनाकर अपने भविष्य को एक नई दिशा दे सकते हैं। अक्सर आसमान में उड़ते हवाई जहाज को देखकर लोगों के मन में आसमान मापने का सपना होता है। अधिकतर लोग पायलट बनकर आसमान में ऊंची उड़ान भरने का सपना देखते हैं। हालांकि आज के समय में कॅरियर के लिहाज से युवाओं के पास कई तरह के ऑप्शन होते हैं। जिसमें वह डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर आगे बढ़ सकते हैं। तो वहीं कई युवा ऐसे में हैं, जो पायलट बनने का ख्वाब देखते हैं।*

अगर आपका लक्ष्य क्लियर होता है, तो आपको सिर्फ इस ओर बढ़ने की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आप भी पायलट बनकर अपना भविष्य चमकाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस फील्ड में बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। वर्तमान समय में एविएशन इंडस्ट्री में तेजी से ग्रोथ हो रही है। साथ ही इस फील्ड में अवसरों की भरमार है।

**ऐसे करें पायलट बनने की तैयारी**

पायलट बनने के लिए आपको 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्य के साथ कम से कम 50 फीसदी अंको से पास होना चाहिए। जिसके बाद आपको किसी एविएशन संस्थान में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम पास करना होगा। फिर आपको इंटरव्यू और मेडिकल टेस्ट में पास होना होता है। सभी प्रोसेस में सफल होने के बाद संस्थान में एडमिशन मिलता है। जहां पर आपको प्लेन से जुड़ी बारीकियां सिखाने के साथ प्लेन उड़ाने की पूरी ट्रेनिंग दी जाएगी।

**एयरफोर्स में बनें पायलट**

अगर आप इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने का ख्वाब देख रहे हैं, तो आपको 12वीं पास करने के बाद एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट, एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम एग्जाम और यूपीएससी एनडीए एग्जाम क्लियर करना होगा। जिसके बाद इंडियन एयरफोर्स कैंडिडेट्स को ट्रेनिंग देती है। वहीं इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने के लिए आप कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज एग्जाम भी दे सकते हैं। हालांकि इस एग्जाम के लिए आपको साइंस स्ट्रीम से 12वीं या फिर बीई/बीटेक की डिग्री होनी चाहिए।

**कमर्शियल पायलट**

बता दें कि 12वीं की पढ़ाई के बाद आप एविएशन संस्थान से ट्रेनिंग लेकर बतौर कॉमर्शियल पायलट अपना कॅरियर बना सकते हैं। इसके लिए ट्रेनिंग पीरियड 18-24 महीने का होता है।

फिर कमर्शियल पायलट के लिए आपको रिटेन एग्जाम और फिटनेस टेस्ट देना होता है। इन दोनों चीजों को क्लीयर करने के बाद आपको कमर्शियल पायलट बनने की योग्यता हासिल हो जाती है।

## अभ्यास

1. निम्न में से किस दिन हर साल अंतर्राष्ट्रीय यौनकर्मी दिवस मनाया जाता है?
(क) 30 मई
(ख) 31 मई
(ग) 1 जून
(घ) 2 जून
**उत्तर-(घ)**

2. हाल ही में चर्चा में रहा ब्यूफोर्ट किला किस देश में स्थित है जिस पर इजराइल ने कब्जा कर लिया है?
(क) जॉर्डन
(ख) ईरान
(ग) लेबनान
(घ) सीरिया
**उत्तर-(ग)**

3. निम्न में से किसने भारत का पहला स्वदेशी स्ट्रैटोस्फेरिक सुपर प्रेशर बैलून (SPB) विस्टा लॉन्च किया है?
(क) टाटा डिफेंस
(ख) रेड बैलून एयरोस्पेस
(ग) स्काईरूट
(घ) अशोक लेलैंड
**उत्तर-(ख)**

4. पद्म भूषण से सम्मानित सुमन कल्याणपुर का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कौन थीं?
(क) गायिका
(ख) भूवैज्ञानिक
(ग) इतिहासकार
(घ) पत्रकार
**उत्तर-(क)**

5. निम्न में से किस देश का 64 वां स्वतंत्रता दिवस 1 जून 2026 को मनाया गया?
(क) सेशेल्स
(ख) ओमान
(ग) अल्जीरिया
(घ) समोआ
**उत्तर-(घ)**

# कॅरियर 'डिटॉक्स' करना भी है जरूरी सफल होने की राह में सबसे अहम

व्यस्त जीवन में अपने भविष्य और कॅरियर पर विचार करने के लिए भी समय निकालना जरूरी है। अगर आप ऐसा नहीं कर रहे हैं, तो हो सकता है आप गलत दिशा में बढ़ रहे हों। यह विशेष रूप से आपके कॅरिअर पर लागू होता है। इसलिए हर तीसरे महीने कॅरिअर डिटॉक्स करना महवत्पूर्ण हो जाता है। इसमें मुख्य रूप से तीन चरण शामिल होते हैं। पहले चरण में खुद से कुछ प्रश्न करें, जो इस बात पर केंद्रित हो कि क्या आप अभी भी अपनी वर्तमान स्थिति से खुश हैं? दूसरा चरण आपके मूल्यों को बताता हो और तीसरा चरण, जो आपने सीखा है, उसे अपने कॅरिअर के साथ संरेखित करने के लिए है। जीवन में संतोषजनक परिणाम पाने के लिए अपनी कार्यशैली या कॅरिअर में आवश्यक जोड़-घटाव का अभ्यास करना जरूरी हो जाता है। आत्म-जागरूकता है जरूरी : अधिकांश लोग अपने कार्यों के रिपोर्ट कार्ड के लिए स्व-मूल्यांकन के बजाय दूसरों पर निर्भर रहते हैं। ऐसा करना ठीक नहीं है। पहले खुद से खुद का मूल्यांकन करें, उसके बाद दूसरों की प्रतिक्रियाएं लें। कॅरिअर में संतोषजनक शुरुआत आत्म-नेतृत्व और आत्म-जागरूकता से ही होती है। इसका कारण यह है कि आपको आपसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता। इसके लिए अपनी भावनाओं, सोच और ऊर्जा के स्तर पर विचार करें। किसी विशेष परियोजना या लक्ष्य को पाने की यात्रा में आप जो भी सीखते हैं या उनमें आने वाली चुनौतियों पर भी विचार करें। जोड़-घटाव को समझें : आपके मूल्य ही आपको सबसे ज्यादा प्रेरित करते हैं और सर्वाधिक मायने रखते हैं। वे आपके कार्यों के पीछे के 'क्यों' होते हैं। काम के संदर्भ में आपके मूल्यों में नेतृत्व, पारदर्शिता और अर्थ की भावना आदि शामिल होती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 3 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे ततृीया तिथौ बुध वासरे 21/22/ पूर्वा आषाढ़ नक्षत्रे 25/00/ शुभ योग 08/13/ वणिज करणे 08/13/ धनु राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं.08 मि. 13 से घं.12 मि.22 तक। संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी।

**मेष :** परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यों पर व्यय होगा।

**वृश्चिक :** सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा।

**कर्क :** परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**मकर :** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थति में सुधार होगा।

**सिंह :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले

# बेहतर कॅरियर चाहिए तो इन बातों का रखें ध्यान कामयाबी चूमेगी कदम

*एक अच्छा कॅरियर ऑप्शन बेहतर भविष्य की सीढ़ी की तरह होता है। अच्छे परफॉर्मेंस की रेस और बोर्ड परीक्षा में स्कोर करने के लिए एक छात्र को कितनी मेहनत करनी पड़ती है, इसका फल तभी मिलेगा जब वह सही करियर का रास्ता चुने, लेकिन इसे कैसे किया जाए, यह एक बड़ा सवाल बन जाता है। आइए आज हम आपको ऐसे जरूरी टिप्स के बारे में बता रहे हैं जो 12वीं क्लास पास करने के बाद एक बेहतर करियर विकल्प चुनने में आपकी मदद कर सकते हैं।*



**सोचकर रिसर्च करें**

12वीं क्लास के बाद अपना करियर चुनने से पहले अपनी रूचि पर ध्यान दें। अब जब आपकी बोर्ड परीक्षा खत्म हो चुकी है, तो उस विशेष विषय के बारे में सोचें जो आपको सबसे ज्यादा पसंद हो। आप साइंस स्ट्रीम, कॉमर्स या ह्यूमैनिटीज में हो सकते हैं लेकिन एक ऐसा विषय होना चाहिए जिसे आप खुद से पढ़ते हों, उस एक विषय को ढूंढते हैं और जानकारी जुटाते हों। सबसे पहले उस विषय के बारे में सोचें और तब भविष्य में उस ऑप्शन के स्कोप पर विचार करें और रिसर्च करें।

**सलाह भी जरूरी है-** अगर आप किसी खास विषय में करियर बनाने का मन बना रहे हैं। उस विषय में आगे बढ़ने से पहले अपने माता-पिता, दोस्तों, आस-पड़ोस के शिक्षित लोगों और अपने टीचर से बात करें। उनकी सलाह ले सकते हैं। जो भी डाउट्स हैं उन्हें क्लियर करें और तब करियर का चुनाव करें।

**कोर्स से जॉब तक के लिए मार्केट रिसर्च करें-** कॅरियर का चुनाव करने से पहले मार्केट रिसर्च अच्छा ऑप्शन है।आप जिस फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं, उसके बारे में पूरी जानकारी ले लें जैसे उसकी पढ़ाई कहां-कहां से हो सकती है, कहां कितनी फीस ली जा रही है, उस कोर्स के बाद क्या और कहां जॉब ऑप्शन्स हैं, फ्यूचर में इसका कितना स्कोप है आदि।

**भेड़ चाल से बचें-** अकसर छात्र दोस्तों या परिवार के किसी सदस्य से इन्फ्लुएंस होकर भेड़ चाल यानी दोस्तों के पीछे-पीछे बेहतर कॅरियर की तलाश में निकल पढ़ते हैं। कई बार ये आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है लेकिन इससे अच्छा है कि आप खुद पर विश्ववास रखें और अपनी योग्यता, क्षमता, रूचि और ज्ञान के आधार पर सही करियर का चुनाव करें।

**पसंद-नापसंद की लिस्ट बनाएं-**उन चीजों की लिस्ट बनाएं जिन्हें आप पसंद और नापसंद करते हैं। उदाहरण आपको कौन से विषय सबसे ज्यादा पसंद हैं, क्या आप आर्ट्स में रुचि रखते हैं, क्या आप साहसी हैं, क्या आप कंप्यूटर और प्रोग्रामिंग आदि में रुचि रखते हैं।अपनी पसंद और नापसंद के आधार पर अपने लिए सही कॅरियर चुनें।

# गौआश्रय स्थलों पर बेहतर व्यवस्थायें करायी जायें-डा. राजागणपति आर.

## ग्राम पंचायत कसावां की अस्थाई गौआश्रय स्थल पर अव्यवस्था पाये जाने पर डीएम ने नोटिसें जारी करने के दिये निर्देश

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। विकास खण्ड सिधौली की ग्राम पंचायत कसावां की अस्थाई गौआश्रय स्थल का जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी से गौवशों की संख्या एवं केयर टेकरों की जानकारी प्राप्त की। केयर टेकरों से वार्ता करते हुये गौवशों को दिये जाने वाले आहार के बारे में जानकारी लेते हुये केयर टेकरों द्वारा बताया गया कि हरा चारा, साइलेज आदि गौवशों को दिया जाता है। गौआश्रय स्थल पर गौवंशों के पीने हेतु पानी, बैठनें की व्यवस्था, अत्यन्त कमजोर पशु होने की स्थिति एवं अत्यन्त गंदगी पायी गयी, जिस पर ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल निलम्बित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने रजिस्टरों का अवलोकन करते हुये कमियां मिलने व महत्वपूर्ण अभिलेख उपलब्ध न पाये जाने पर वी०ओ०पर अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। भूसा भण्डारण कक्ष को देखते हुये ग्राम विकास अधिकारी से जानकारी ली कि गौवंशों के उपचार हेतु क्या व्यवस्थाएं की जाती हैं, जिस पर स्पष्ट जवाब न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये खण्ड विकास अधिकारी द्वारा मानीटरिंग सही ढंग से न किये जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। साथ ही गौआश्रय स्थल पर लगे सी०सी०टी०वी० का गहनतापूर्वक अवलोकन किया। प्रधान द्वारा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से वार्ता करते हुये उनके द्वारा गौआश्रय स्थल की सही ढंग से मानीटरिंग न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सिधौली उपस्थित रहे।



# दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत पात्रो को लाभान्वित किया जाये-राजकुमार

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज कुमार ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी –विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में रूपया १५०००.०० व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रूपया २००००.०० तथा युवक व युवती दोनो के दिव्यांग होने की दशा में रूपया ३५०००.०० की धनराशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि पात्रता की शर्तों के अनुसार शादी के समय युवक की आयु २१ वर्ष से कम तथा ४५ वर्ष से अधिक न हों युवती की उम्र १८ वर्ष से कम एवं ४५ वर्ष से अधिक न हो। दम्पति में कोई आयकरदाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांग प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता ४० प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। ऐसे दिव्यांग दम्पति पात्र होगें जिनका विवाह विगत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो। इस योजना के लिए शादी विवाह का रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य होने की आध्यता समाप्त कर दी गयी है। दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति जिनका विवाह वर्तमान वित्तीय वर्ष एवं विगत वित्तीय वर्ष (०१ अप्रैल २०२५ से आज तक) में सम्पन्न हुआ हो, ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार अनुदान प्राप्त करने हेतु वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। आनलाइन आवेदन करते समय आवेदक दम्पति के द्वारा दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, आय व जाति प्रमाण पत्र, युवक एवं युवती का आयु का प्रमाण (जिसमे जन्म तिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र एवं युवक, युवती का आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र आनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर अपलोड करते हुए आवेदन करें। साथ ही आनलाइन सबमिट आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति एवं अपलोड किये गये वांछित प्रपत्रों की स्वप्रमाणित हार्डकापी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, में जमा करने का कष्ट करें, अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में दूरभाष नं० ०५८६२३५६१२६ पर सम्पर्क जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# विधायक निधि से प्रत्येक वार्ड में एक-एक सोलर लाइट सार्वजनिक स्थान पर लगेगी-आशा मौर्या

**( स्वतंत्र भारत )**

महमूदाबाद, सीतापुर। रमुआपुर अंत्येष्ठि स्थल में हो रहे जलभराव की समस्या से समाधान के लिए नगर पालिका द्वारा दो ट्राली पंप की खरीद की जाएगी। तालाब संरक्षण के लिए योजना बनाकर उनके सौंदर्यीकरण किए जाने की योजना को भी बैठक में मंजूरी मिल गई। विधायक निधि से प्रत्येक वार्ड में एक-एक सोलर लाइट सार्वजनिक स्थान पर लगेगी। मंगलवार की सायं साढ़े तीन बजे नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में विधायक आशा मौर्या की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित हुई। विधायक ने २५ वार्डों के निर्वाचित सभासदों के साथ पांच नामित सभासदों को विधायक निधि से एक-एक सोलर लाइट दिए जाने की घोषणा की। ईओ ने गत कार्रवाई पढ़कर सुनाई। उन्होंने बताया कि रमुआपुर अंत्येष्ठि स्थल के सौंदर्यीकरण, जल निकासी के लिए दो ट्राली पंप की खरीद करने के साथ जल निकासी के स्थाई समाधान के लिए योजना बनाने पर विचार हुआ। सभासद आसिफ सईद ने कहा कि स्ट्रीट लाइटें वहां लगाई जा रही हैं जहां पहले से लगी हैं जबकि जरूरत वाले स्थानों पर लाइट नहीं लग रही हैं। उमेश वर्मा ने कहा कि जिन विकास कार्यों को टेंडर प्रकाशन के लिए चिन्हित किया जाता है उसकी जानकारी सभासदों को नहीं दी जाती है, जिसके समाधान के लिए निर्माण समिति बने। सभासद संघ अध्यक्ष ने कहा कि नगर में बिना दाखिल खारिज कराए बड़े पैमाने पर आवास निर्माण हो रहे हैं जिनकी जांच कराई जाए तथा बिना दाखिल खारिज बनाए जाने वाले मकानों के निर्माण पर रोक लगाई जाए। सभासद रामकुमार ने कहा कि स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए छह माह पूर्व स्टीमेट पास हुआ था किंतु अभी तक लाइटें नहीं लग सकी हैं। विधायक ने कहा कि नगर के विकास के लिए उनके द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। विधायक द्वारा शवों को रखे जाने के लिए एक डीप फ्रीजर खरीदने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया। विधायक ने तालाब-पोखर संरक्षण योजना के तहत नगर के प्रमुख तालाबों व पोखरों के सौंदर्यीकरण, संरक्षण एवं विकास कार्य कराने की बात कही।



बैठक में सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया। इस मौके पर अध्यक्ष आमिर अराफात, वरिष्ठ लिपिक अकरम काजमी, अखिलेश कुमार, शिवांगी सक्सेना, बदर अहमद, आशुतोष वाजपेयी, कालिका प्रसाद श्रीवास्तव, मो. सैफ मो. इस्लाम, राशिद कामरीन, सुनील मौर्य, मोहिनी श्रीवास्तव, बीना गुप्ता सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

# मेले में झूलों और बाजार का लोगों ने उठाया आनंद

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। सांस्कृतिक मंच की सजावट और कार्यक्रम प्रबंधन संभाल रहे संदीप इवेंट्स और ए एम मीडिया एंड इवेंट्स की ओर से भी मंच से विशेष घोषणा की गई। आयोजकों ने बताया कि जो बच्चे सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुति दे रहे हैं और यदि उनके परिवार अपने घरों में सोलर पैनल लगवाते हैं तो उन्हें विशेष छूट और आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। इस घोषणा के बाद लोगों में पर्यावरण संरक्षण और सौर ऊर्जा को लेकर भी उत्सुकता दिखाई दी। आयोजकों ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देना भी उनका उद्देश्य है। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं और शिक्षण संस्थानों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सिटी लाइफ हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर, लखनऊ की ओर से बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। वहीं श्रीकृष्णा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट, नैपालपुर सीतापुर द्वारा मंच पर प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रवेश लेने पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई। इस पहल को लेकर अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने आयोजकों की सराहना की। लोगों का कहना था कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में शिक्षा, कला और सामाजिक जागरूकता के प्रति रुचि बढ़ती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ मेले में लगे मनोरंजन साधनों और बाजारों में भी लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। बच्चों और युवाओं ने रशियन जलपरी, टावर झूला और रेंजर झूले का जमकर आनंद उठाया। देर रात तक झूलों के आसपास लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। मेले में लगे विभिन्न स्टालों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। खाने-पीने के स्टालों पर भी भीड़ उमड़ती रही जहां लोगों ने अलग-अलग व्यंजनों का स्वाद लिया। चाट, फास्ट फूड, मिठाइयों और पारंपरिक व्यंजनों की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ नजर आई। सांस्कृतिक मंच संयोजक अतुल कृष्ण पांडेय, संदीप अग्निहोत्री और अलीशा मेराज खान ने संयुक्त रूप से बताया कि यह मंच पूरी तरह से सभी लोगों के लिए खुला है। कोई भी व्यक्ति अपना नाम दर्ज कराकर मंच पर अपनी प्रस्तुति दे सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सीतापुर की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच देना है।आयोजक गिरीश मिश्रा ने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करें।



# पनारा तोड़ने से मना करने पर हुई मारपीट में एक ही परिवार के छः लोग घायल

**( स्वतंत्र भारत )**

महमूदाबाद-सीतापुर। पनारा तोड़ने से मना करने पर हुई मारपीट में एक ही परिवार के छह लोग गंभीररूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बिसवां ले जाया गया जहां से जिला अस्पताल और वहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल पति-पत्नी की हालत नाजुक बताई जा रही है। चार के खिलाफ केस दर्ज करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है सदरपुर के बेनी माधवपुर के मौजीलाल व सोहनलाल के घरों के बीच छतों में पनारा लगा था। सोमवार को थानाध्यक्ष ने मौका देख निस्तारण की बात कही थी। मंगलवार की सुबह सोहनलाल अपने १५-२० साथियों संग आ गए और पनारा तोड़ने लगे। विरोध करने के साथ वीडियो बनाने पर हमलावरों ने लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी। मारपीट में मौजीराम (५२), मौजीराम की पत्नी सरला देवी (४८), बेटा सुजीत (२१), सुरेश कुमार (४५), नीरज (२७), रामेंद्र (२५) घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बिसवां ले जाया गया जहां से मौजीराम व सरला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत में मौजीराम को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जबकि सरला देवी का इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा ने बताया कि गंभीर घायल के पुत्र प्रदीप की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ धारा ३०८ के तहत केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है। घटना के नामजद दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# रामचरितमानस व सुंदरकांड पाठ के पश्चात मन्दिरों में हुये विशाल भण्डारे

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। संकट मोचन हनुमान जी को प्रिय ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगलवार को रामकुंड चौराहा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर भोर चार बजे से देर रात तक भक्तों का भारी जन सैलाब देखने को मिला। यहां बड़े मंगल के अवसर पर सुंदरकांड के पाठ का आयोजन समिति द्वारा किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर रामचरितमानस व सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। मंगलवार की सुबह चार बजे से ही बजरंगबली के भक्तों ने मंदिर पहुंचकर पूजन व भोग लगाया। क्षेत्र के समस्त हनुमान मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। रामकुंड चौराहा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में नगर के रामकुंड चौराहे पर नगर पालिका द्वारा आयोजित विशाल भंडारे का उद्घाटन विधायक आशा मौर्या चेयरमैन आमिर अराफात, ईओ पवन किशोर ने सभासदों की उपस्थिति में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जाफरपुर में बने हनुमान मंदिर में पूर्व प्रधान राकेश पांडेय व समाजसेवी विनोद पांडेय द्वारा, मां संकटा देवी धाम के मुख्य द्वार के सामने विशाल मोबाइल व महाकाल डीजे, मोतीपुर चौराहे पर सुभाष वर्मा के द्वारा व बसावनपुर स्थित मंशाकेवी मंदिर पर शिक्षक अजय कुमार, बिसवां मार्ग स्थित सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में शिक्षक मनोहर लाल गुप्त द्वारा आयोजित भंडारे का शुभारम्भ मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने हनुमान जी को भोग लगाकर किया। नगर के पैंतेपुर मार्ग पर इंडियन बैंक के सामने, मोतीपुर चौराहा, शारदा नहर पुल के निकट, बन्नी स्थित बाबा परमहंस मंदिर सहित क्षेत्र के सैकड़ो स्थान पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धा व भक्ति के साथ लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



## कूड़ा कलेक्शन वाहनों का विधायक ने किया लोकार्पण

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। आदर्श नगर पालिका परिषद महमूदाबाद द्वारा मंगलवार को पांच नए डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों का लोकार्पण महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या एवं नगर पालिका अध्यक्ष आमिर अरफात ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी पवन किशोर मौर्य व समस्त सभासदगण मौजूद रहे। नगर पालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशा मौर्या ने कहा कि नए वाहनों से नगर के सभी वार्डों में घर-घर से नियमित कूड़ा उठान होगा, जिससे स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी। पालिकाध्यक्ष आमिर अरफात ने बताया कि नगर को कचरा मुक्त बनाने के लिए पालिका लगातार संसाधन बढ़ा रही है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि लोकार्पण के तुरंत बाद पांचों वाहनों को वार्डों में संचालन के लिए भेज दिया गया। उन्होंने नागरिकों से कूड़ा सड़क पर न फेंककर केवल पालिका वाहन में ही डालने की अपील की।

# शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाईकिल बरामद

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा जनपद में लूट, चोरी, नकबजनी, छिनैती व अन्य जघन्य अपराधों में संलिप्त/वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही हेतु कड़े निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी सिधौली विशाल गुप्ता के निर्देशन थाना कोतवाली सिधौली पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना सिधौली पुलिस टीम द्वारा जनपद लखनऊ के थाना तालकटोरा क्षेत्र से चोरी की गई एक अदद होंडा साइन मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त ज्ञानू उर्फ ज्ञानेन्द्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बरामदगी के आधार पर थाना सिधौली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह मौका पाकर शहरी या भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से मोटर साइकिलें चोरी कर लेता था। चोरी करने के बाद वह वाहनों को कुछ दिनों तक छिपाकर रखता था और फिर उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में ले जाकर भोले-भाले लोगों को औने-पौने दामों में बेच देता था। बरामद मोटर साइकिल उसने लखनऊ के थाना तालकटोरा क्षेत्र से चोरी की थी। इसी प्रकार क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन तथा थाना कोतवाली देहात पुलिस के प्रयास के क्रम मे प्राप्त शिकायतो के क्रम मे ०४ मोबाइलो को रिकवर करते हुये जिनकी कीमत करीब ४५,०००/ - रुपये है। रिकवरशुदा ०४ अदद मोबाइलो को मोबाइल स्वामियो को नियमानुसार सुपुर्द किया गया मोबाइल स्वामियों द्वारा मोबाइल प्राप्त कर पुलिस के इस सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।




# प्रांतीय मंत्री के पद पर मनोनीत हुये वीरेन्द्र गुप्ता

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। विकासखंड परसेंडी में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी वीरेंद्र गुप्ता को ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने प्रांतीय मंत्री के पद पर मनोनीत किया है। यह नियुक्ति संगठन के विस्तार के तहत की गई है। एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडे और महामंत्री नरेंद्र प्रधान ने वीरेंद्र गुप्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी। प्रांतीय अध्यक्ष ने वीरेंद्र गुप्ता के संघर्षशील कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे संगठन को और मजबूती मिलेगी। इसी क्रम में, ३१ मई, २०२६ को लखनऊ में ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की सर्वोच्च परिषद एवं कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई थी।



इस बैठक में प्रादेशिक सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ए.के. सिंह और महामंत्री चंदन देव पांडे ने भी भाग लिया। बैठक में ग्राम विकास अधिकारियों की वेतन विसंगति, सेवा संबंधी समस्याएं और पदोन्नति जैसे प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। इन समस्याओं के समाधान के लिए कई प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजे गए हैं। साथ ही, भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में कर्मचारियों के उत्तरदायित्व पर भी विचार-विमर्श किया गया। जनपद के जिला अध्यक्ष रहे वीरेंद्र गुप्ता को प्रांतीय मंत्री पद पर मनोनीत करने का उद्देश्य संगठन को और सशक्त बनाना तथा कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करना है।

# कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने मनायी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। राष्ट्र गौरव, लोकमाता वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर जी की ३०१ वीं जन्म जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम एवं शोभा यात्रा का लोक माता अहिल्या बाई होल्कर समारोह समिति द्वारा आँख अस्पताल अहिल्याबाई चौक पर किया गया। जिसमें बड़े धूम धाम से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की शोभा यात्रा पूरे नगर में निकाली गई । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही जी, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा राकेश त्रिपाठी , नि० जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, समिति के अध्यक्ष रामनरेश पाल, रामेश्वर दयाल गप्पू (भइया),कमलेश पांडेय,संजय मिश्रा,सागर गुप्ता सहित सम्मानित जनप्रतिनिधि गण,पाल समाज के वरिष्ठ जन एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के मध्य कार्यक्रम का कुशल संचालन विश्राम सागर राठौर द्वारा किया गया ।






# मंडलीय समीक्षा में कमिश्नर सख्त, फार्मर रजिस्ट्री और स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर

### आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, राजस्व वसूली बढ़ाने और निर्माण कार्य समय से पूरा करने के निर्देश

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में गेहूं खरीद, स्वास्थ्य सेवाएं, राजस्व वसूली, निर्माण कार्य, आईजीआरएस शिकायतों और विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

मंडलायुक्त ने गेहूं खरीद की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री और फैमिली आईडी अभियान में तेजी लाने पर जोर दिया। समीक्षा में बताया गया कि मंडल में 80.16 प्रतिशत लोगों की फैमिली आईडी बन चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान संचारी रोगों की रोकथाम के लिए फॉगिंग कराने, आयुष्मान कार्ड और एचपीवी टीकाकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और मरीजों व तीमारदारों के साथ बेहतर व्यवहार करने को कहा गया। उन्होंने अस्पतालों से मरीजों का फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए। बैठक में निराश्रित गौवंश, वृक्षारोपण अभियान और मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की योजनाओं की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा कर हैंडओवर करने के निर्देश दिए। राजस्व समीक्षा में पीलीभीत को राज्यकर वसूली में सर्वश्रेष्ठ तथा बरेली को स्टांप एवं पंजीकरण में प्रथम बताया गया। पांच वर्ष से अधिक पुराने लंबित राजस्व वादों व आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम अविनाश सिंह, शाहजहांपुर,बदायूं व शाहजहांपुर के डीएम उपस्थित रहे।

# अपराध रोकने को तैयार हो पुलिस, समीक्षा बैठक में डीआईजी का फरमान



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** अपराधियों पर शिकंजा कसने और कानून व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए मंगलवार को बरेली परिक्षेत्र कार्यालय में डीआईजी रेंज अजय कुमार सहनी ने चार जिलों के पुलिस कप्तानों की जमकर क्लास ली। मासिक समीक्षा गोष्ठी में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर की पुलिसिंग का रिपोर्ट कार्ड खंगाला गया और अपराध नियंत्रण को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए। बैठक में हत्या, लूट, महिला अपराध, लंबित विवेचनाओं और संवेदनशील मामलों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। डीआईजी ने साफ शब्दों में कहा कि अपराधियों के प्रति किसी भी स्तर पर नरमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने और जन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस आधुनिकीकरण की समीक्षा करते हुए डीआईजी ने तकनीक आधारित पुलिसिंग को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि कानून व्यवस्था में लापरवाही या ढिलाई सामने आने पर जवाबदेही तय की जाएगी। डीआईजी ने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और पुलिस की सक्रियता हर हाल में दिखाई देनी चाहिए। बैठक में एसएसपी अनुराग आर्य, एसएसपी बदायूं अंकिता शर्मा, एसपी पीलीभीत सुकीर्ति माधव मिश्रा व एसपी शाहजहांपुर सौरभ दीक्षित मौजूद रहे।

# 'मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन' विषय पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फरीदपुर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 'मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन' विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट की प्राचार्य दीप्ति वार्ष्णेय एवं वरिष्ठ प्रवक्ता मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित व सरस्वती वंदना के साथ किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं एवं शिक्षकों में मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं विद्यालय वातावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना था।इस अवसर पर संस्थान की मासिक बुलेटिन का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरबीएसके की काउंसलर रुचि देवी ने किशोरियों में मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की चिकित्सक डॉ. विशाखा ने मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों, स्वच्छता प्रबंधन तथा स्वास्थ्य संबंधी मिथकों और भ्रांतियों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। डॉ.कृष्ण कुमार,प्रवक्ता,डीआईईटी फरीदपुर ने जया ठाकुर प्रकरण के संदर्भ में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा तथा संवेदनशीलता के विषय में जानकारी साझा की तथा जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। डॉ.फहमीना, प्रवक्ता, डीआईईटी फरीदपुर ने स्वच्छ गरिमा विद्यालय÷ विषय पर प्रस्तुतीकरण देते हुए विद्यालयों में सुरक्षित, समावेशी एवं गरिमापूर्ण वातावरण के निर्माण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में यूनिसेफ के मंडलीय सलाहकार शांतनु, डी.सी. वॉश, राजीव कुमार, दिनेश कुमार सिंह, श्रीकांत मिश्रा, महेंद्र पाल, अर्चना, सूर्य प्रताप सिंह, विनोद कुमार , राजेश कुमार सहित डी.एल.एड. सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के प्रशिक्षुओं तथा संस्थान के समस्त प्रवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने विषय विशेषज्ञों से संवाद कर मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। अंत में सभी ने किशोरियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सम्मानजनक वातावरण को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता प्रसार का संकल्प लिया।

# अपराधियों पर सख्ती बढ़ी, वांछितों की धरपकड़ को विशेष अभियान शुरू

### एसएसपी ने गूगल मीट के जरिए लिया सभी थानों का रिपोर्ट कार्ड

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने गूगल मीट के जरिए सभी पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपहरण और व्यपहरण के लंबित मामलों, न्यायालयीय आदेशों के अनुपालन, वारंटियों की गिरफ्तारी और यक्ष ऐप की प्रगति पर कड़ी समीक्षा की गई।

एसएसपी ने साफ निर्देश दिए कि अपहरण से जुड़े लंबित मुकदमों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और कोर्ट के आदेशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो। उन्होंने वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चार दिवसीय विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि गिरफ्तारी वारंट, सम्मन, जमानती और गैर-जमानती वारंटों के निष्पादन में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में हिस्ट्रीशीटरों, गैंगस्टरों और सक्रिय अपराधियों पर लगातार निगरानी रखने, फास्ट ट्रैक कोर्ट के मामलों में प्रभावी पैरवी करने तथा यक्ष और त्रिनेत्र ऐप पर अपराधियों का डेटा अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। एसएसपी ने कहा कि तकनीक आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देकर अपराधियों की डिजिटल ट्रैकिंग और लोकेशन मॉनिटरिंग को और प्रभावी बनाया जाए।उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनशिकायतों के निस्तारण, विवेचनाओं और न्यायालयीय कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय की जाएगी।

# भारतीय पशु विज्ञान समागम कार्यक्रम का समापन

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** आईसीएआर-भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान और विज्ञान भारती (ब्रज प्रांत) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय समागम भारतीय पशु विज्ञान समागम का समापन हो गया। इस गरिमामयी समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महात्मा ज्योतिबा फुले (एमजेपी) रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के.पी. सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर संस्थान के आयोजन सचिव प्रोफेसर राघवेंद्र सिंह ने समागम की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि दो दिनों के भीतर कुल 6 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में 22 आमंत्रित व्याख्यान हुए। देश भर के युवा वैज्ञानिकों द्वारा 40 मौखिक प्रस्तुतियाँ और 41 पोस्टर प्रस्तुतियाँ दी गई। इस प्रकार कुल 100 से अधिक उच्च स्तरीय शोध पत्र पढ़े गए। कार्यक्रम में डॉ. मनीष कुमार चेतली (निदेशक, केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान - सीआईआरजी, मखदूम), डॉ. अशोक मोहंती (निदेशक, केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान -सीआईआरसी, मेरठ), संयुक्त निदेशक (शोध) डॉ. एस. के. सिंह, विज्ञान भर्ती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री आशुतोष सिंह ने संबोधित किया। डॉ. संध्या अग्रवाल (महासचिव, ब्रज प्रांत, विज्ञान भारती)। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ हिमानी धांजे द्वारा किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ प्रवीण सिंह द्वारा किया गया इस अवसर पर संस्थान एवं विज्ञान भर्ती के पदाधिकारीगण मौजूद रहे ।

# ज़मीं पर नए ख्वाबों के बसेंगे शहर, 445 करोड़ से दो नई टाउनशिप सजेंगी

### भविष्य के बरेली की नींव रखने की तैयारी, विकास को मिलेगा नया आयामः डॉ. ए मनिकंडन

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंडन की रणनीति से शहर के विकास को नई गति देने के लिए दो बड़ी टाउनशिप योजनाओं पर काम तेज कर दिया है। पहली आवासीय टाउनशिप दिल्ली-लखनऊ बड़ा बाईपास और बरेली-पीलीभीत हाईवे के किनारे विकसित की जाएगी। इसके लिए नौ गांवों की 267.19 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है। बीडीए अब तक 424.36 करोड़ रुपये खर्च कर 78 हेक्टेयर जमीन खरीद चुका है। योजना में 45 और 30 मीटर चौड़ी सड़कें, 18 मीटर की आंतरिक सड़कें, 132 केवी विद्युत केंद्र, एम्यूजमेंट पार्क और कम्युनिटी सेंटर जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।दूसरी ओर मुख्यमंत्री के निर्देश पर दिल्ली रोड से सटी औद्योगिक टाउनशिप विकसित की जा रही है। इसके लिए 126.30 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है, जिसमें से 10 हेक्टेयर भूमि 20.91 करोड़ रुपये में खरीदी जा चुकी है। यहां उद्योगों के लिए चौड़ी सड़कें, भूमिगत बिजली नेटवर्क, जलापूर्ति, सीवरेज, ड्रेनेज, ई-चार्जिंग स्टेशन, गैस लाइन, कॉमन पार्किंग, फायर स्टेशन और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बीडीए दोनों परियोजनाओं में अब तक 445.27 करोड़ रुपये खर्च कर 88 हेक्टेयर भूमि खरीद चुका है, जबकि 38 हेक्टेयर ग्राम समाज और सरकारी भूमि के पुनर्ग्रहण की प्रक्रिया जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

# पुलिस उपाधीक्षक के बेटे ने उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा में मारी बाजी, बने राज्य कर अधिकारी

**भुता/बरेली।** आंवला क्षेत्र के गांव अतरछेड़ी निवासी मुनेश कुमार शर्मा (हाल निवासी गणेशपुरम बरेली) के होनहार पुत्र शशांक पाठक ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा उत्तीर्ण कर राज्य कर अधिकारी (स्टेट टैक्स ऑफिसर) पद पर चयनित होकर परिवार एवं जिले का नाम रोशन किया है। शशांक की इस सफलता से परिजनों, मित्रों में हर्ष का माहौल है। शशांक पाठक के पिता मुनेश कुमार शर्मा उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं और वर्तमान में एडीजी कार्यालय गोरखपुर में तैनात हैं। उनकी माता ग्रहणी है। वहीं उनके छोटे भाई चिकित्सा क्षेत्र में एमबीबीएस के बाद एमडी (बाल रोग विशेषज्ञ) की पढ़ाई कर रहे हैं । शशांक की इस उपलब्धि पर परिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। शशांक की सफलता को उनकी मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम बताया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस सफलता से परिवार क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# आकाशवाणी बरेली में हुआ कवि सम्मेलन और मुशायरा




**बरेली।** आकाशवाणी के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी बरेली में कवि सम्मेलन और मुशायरा हुआ। जिसमें रामकुमार कोली, मनोज सक्सेना, डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता, ऋषि कुमार शर्मा, सत्यवती सिंह सत्या, कमलकांत श्रीवास्तव, अंजली वर्मा ने अपनी काव्य रचनाओं से श्रोताओं को भाव विभोर किया। शायरों में मुख्तार अहमद, शुजात हुसैन, आरफीन जहां, अलीम हुसैन, शाकिर हसन, अफसर अली, अनवर अली ने अपने कलाम से मुतासिर किया। इस अवसर पर अतुल सक्सेना, संदेश सक्सेना, ठाकुर दास, अमृता सिंह, क्षमा सक्सेना, सोनी सागर, अनुप्रीता सिंह, संदेश सक्सेना, ठाकुर दास, पंकज सक्सेना, अशोक कुमार, अशोक कुमार झा, देवेन्द्र रावत, डॉ.रविन्द्र कुमार, मोहम्मद परवेज, राकेश शर्मा, सुरेन्द्र पाल, शीशपाल, शाकिर, राजेंद्र, संदीप अवस्थी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार प्रकट किया।

# बरेली के साईकिल बाबा ने घूम ली साईकिल से आधी दुनिया

### तीन जून अंतर्राष्ट्रीय साईकिल दिवस पर विशेष

-स्वतंत्र भारत-





**सेंथल।** राजेन्द्रनगर के गुलमोहर पार्क के 55-56 वर्षीय संजीव जिंदल घुमक्कड़ी प्रवृति के हैं। प्रकृति को करीब से देखने की इच्छा को पूरा करने के लिए दस ग्यारह वर्ष पूर्व हैंडल थामा तो भारत नेपाल इंडोनेशिया सहित कई देशों की यात्रा साईकिल से ही कर डाली। इसके साथ ही शहर के सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों लोगों को साईकिल से जोड़ा इनमें बड़ी संख्या युवाओं व बालको की थी और उन बच्चों ने उन्हें साईकिल बाबा के नाम की उपाधि प्रदान कर दीं। सजीव जिंदल ने कहा साईकिल तो मेरी जिन्दगी बन चुकी है,साईकिल ने मेरी जिंदगी को बदल दिया,घर में कार, मोटरसाईकिल आदि सब है, लेकिन जो आनन्द साईकिल में है, वह किसी अन्य वाहन में नहीं। सब से मिलना, बोलना, उनकी सुनना, विशुद्ध, आक्सीजन, शुद्ध, पर्यावरण के और स्वस्थ शरीर का राज भी। संजीव ने बताया कि उन्हें प्रतिदिन तीस से चालीस किलोमीटर साईकिल चलाने की आदत है। उनके पास 75 हजार से लेकर 1.50 लाख रूपये तक की साईकिलें है। संजीव जिंदल पुणे के उल्हास जोशी को अपना साईकिल गुरूजी मानते है। साईकिल से घूमने पर मिलने वाले अनुभवों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म विशेषकर फेसबुक पर प्रेषित करते है। लोगों की क्रिया प्रतिक्रिया पर विशेष नजर रखना,वर्तमान परिस्थितियों पर टिप्पणी करना,समय समय पर स्कूल कॉलेज में जाकर फिटनेस मंत्र भी बच्चों व शिक्षको को देते है। बच्चों से मिलना, बातें करना, घूमना नये-नये व्यंजन बनाकर खाना खिलाना, लिखना व पढ़ना उनके जीवन का प्रमुख लक्ष्य है। कोरोना कॉल में इनके द्वारा की गयीं सेवार्थ कार्य लोगों के लिए अनुकरणीय बन गयीं थी। अपने जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 40 से पचास यूनिट थैलीसीमिया के मरीजों के लिए रक्तदान कराना विशेषकर नवीन युवाओं से, खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना, समय-समय पर उनकी अपील पर बरेली के सम्पन्न वर्ग द्वारा जरूरतमंदो की मदद कराना,उनकी कलाओं को निखारने को हमेशा प्रयासरत। सिर पर हेलमेट व गले में कैमरा प्रत्येक पल को अपने कैमरे में कैद करने को हमेशा प्रयासरत रहते है। हमेशा एक ही मंत्र गुनगुनाते रहते है।कि सब रोगों की एक दवाई हँसना सीखो मेरे भाई

55-56 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके संजीव जिंदल आज भी बच्चों में बच्चें व युवाओं में युवा बनकर उनके दिलों को जीत रहें है।

# समस्याओं का समाधान न होने पर किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** भारतीय किसान यूनियन ने क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर कई बार ज्ञापन एसडीम फरीदपुर को दिए थे मगर आज तक समस्या का समाधान न होने पर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह के नेतृत्व में किसानों ने फरीदपुर तहसील पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन दिया।

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह की नेतृत्व में किसानों की एक बैठक फरीदपुर तहसील परिसर में हुई। बैठक में क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर कई बार तहसील प्रशासन को ज्ञापन दिए गए थे मगर अभी तक किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर बैठक में मौजूद किसानों ने नाराजगी जताई और तहसील में धरना प्रदर्शन कर एसडीम राम जनम यादव को ज्ञापन दिया। एसडीएम को दिए ज्ञापन में छुट्टा घूम रहे पशुओं से किसानो की फसल हो रहे नुकसान से निजात दिलाने, डीएपी यूरिया खाद को समय पर उपलब्ध कराने, किसान सम्मन निधि सभी पात्र किसानों को दिलाने की व्यवस्था सुगम बनाने, पात्र लोग राशन कार्ड बनवाने के लिए आपूर्ति कार्यालय में भटक रहे हैं उसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराने, किसानों की खतौनी में अंश निर्धारण समय से ठीक कराने, बिजली सप्लाई समय पर न मिलने से टियूब वेल बंद होने से किसानो की फसल की सिंचाई समय पर नहीं हो पा रही है इस समस्या को दूर कराने आदि समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। एसडीएम फरीदपुर ने किसांने की सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए एक माह के अंदर उनका समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह, जिला महासचिव चौधरी सत्येंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष सतपाल गंगवार, जिला मंत्री चौधरी विजय पाल सिंह ,फरीदपुर तहसील अध्यक्ष सुनील यादव, फरीदपुर ब्लॉक अध्यक्ष ब्रह्म स्वरूप मौर्य, भुता ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम प्रधान, राधेश्याम, हनीफ मुल्लाजी ,भूप राम, जयवीर यादव, सत्येंद्र यादव, वसीम शेख, ओम प्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# ईशान ग्वाल ने शिवपुरी चौराहा पर शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया




**फरीदपुर।** फरीदपुर 122 विधान सभा में मंगलवार को भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए विधायक रहे स्वर्गीय प्रोफेसर डॉ. श्याम बिहारी लाल के पुत्र ईशान ग्वाल द्वारा ग्राम शिवपुरी चौराहा पर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों एवं आम नागरिकों को ठंडा शरबत वितरित कर गर्मी से राहत प्रदान की गई। ईशान ग्वाल ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान लोगों की सेवा करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और ऐसे सामाजिक कार्य आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा इस जनहितकारी पहल की सराहना की। उपस्थित लोगों ने ईशान ग्वाल के इस प्रयास को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। शरबत वितरण के दौरान लोगों को गर्मी से बचाव और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने का संदेश भी दिया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक सेवा और जनकल्याण की भावना को समर्पित रहा,जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला। इस दौरान कार्यक्रम में ग्रामीण जन एवं पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चोरों ने दुकानों पर बोला धावा, लगातार हो रही चोरियों से सेंथल में दहशत

**सेंथल।** बीती रात चोरों ने सेंथल मुख्य चौराहे पास टीन की दुकानों को अपना निशाना बनाया और ताले तोड़ हजारो का माल उड़ा लिया। सेंथल के सर्वाधिक व्यस्त मुख्य चैराहे पास टांडा रोड पर टीन की बनी किराना की दुकान एवं सैलून हैं बीती रात चोरो ने इन्हीं दुकानों को अपना निशाना बनाया। अनीस अहमद की किराना की दुकान के ताले तोड़कर 2600 रुपये और काजू बादाम के पैकिट रईस अहमद की सैलून की दुकान से 650 रुपये और शाहिद अहमद की दुकान से 920 रुपये नकदी चुरा ली। घटना की तहरीर सेंथल चौकी पर दी गयी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

# ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने का विरोध, डीएम से शिकायत

**फरीदपुर।** तहसील के ग्राम पंचायत गोविन्दपुर के पंचायत सदस्यों ने ग्राम प्रधान को प्रशासक बनाए जाने का विरोध करते हुए जिलाधिकारी बरेली को शपथ पत्रों के साथ प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। सदस्यों का आरोप है कि वर्ष 2022 से 2026 तक ग्राम पंचायत में कोई भी प्रस्ताव पंचायत सदस्यों द्वारा पारित नहीं कराया गया और न ही विकास कार्यों में उनकी सहमति ली गई। पंचायत सदस्यों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान द्वारा मनमाने ढंग से कार्य किए गए हैं तथा पंचायत की कार्यप्रणाली में सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की गई। उन्होंने मांग की है कि ग्राम प्रधान को प्रशासक नियुक्त न किया जाए तथा ग्राम सभा की बैठक बुलाकर नियमों के अनुसार प्रशासक का चयन किया जाए। साथ ही सदस्यों ने पूर्व में कराए गए विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कराए जाने और यदि कोई अनियमितता पाई जाए तो संबंधित लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग भी की है। पंचायत सदस्यों का कहना है कि ग्राम पंचायत में पारदर्शिता और जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को मामले की गंभीरता से जांच करनी चाहिए।

# मुर्गों की लड़ाई पर लग रही थी बाजी, छह जुआरी गिरफ्तार

### सात लड़ाकू मुर्गे और 2910 रुपये बरामद, मुख्य आयोजक समेत कुछ आरोपी मौके से फरार

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** भोजीपुरा थाना पुलिस ने मुर्गों की लड़ाई पर रुपये की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से सात लड़ाकू मुर्गे और 2910 रुपये नकद बरामद किए हैं। मामले में जुआ अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार एक जून को गांव सैदपुर प्यारेलाल के पास आम के बाग में कुछ लोग मुर्गों को लड़वाकर उनकी हार-जीत पर रुपये की बाजी लगा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने छापा मारा और छह आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। हालांकि, जुआ खिलाने का आरोपित राजा और उसके कुछ साथी पुलिस को देखकर फरार हो गए।

गिरफ्तार आरोपियों में मकसूद खां, अख्तर खां, साजिद, पप्पू मौर्य, तेजपाल और भुलईया शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सैदपुर प्यारेलाल निवासी राजा मुर्गों की लड़ाई पर जुआ करवाता है और वे लोग वहां जुआ खेलने पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस पहुंच गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2910 रुपये नकद और सात लड़ाकू मुर्गे बरामद किए हैं। इस संबंध में भोजीपुरा थाने में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी साजिद के खिलाफ पहले भी मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का मुकदमा दर्ज है।

# फ़िज़िक्सवाला ने जेईई एडवांस्ड 2026 में बरेली के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उत्सव मनाया

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शिक्षा कंपनी फ़िज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2026 में अपने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन का जश्न मनाया। बरेली से फ़िज़िक्सवाला के उच्च प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में अनुराग सिंघल (एआईआर 1452) सहित कई अन्य छात्र शामिल रहे। परीक्षा आयोजित करने वाले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) द्वारा जारी ऑफिशियल प्रेस रिलीज़ के अनुसार, जेईई एडवांस्ड 2026 के पेपर 1 और पेपर 2 में कुल 1,79,694 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 56,880 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए।

अलख पांडे, शिक्षक, संस्थापक एवं सीईओ, फिज़ि क्सवाला (पीडब्ल्यू) ने कहा, 'मैं उन सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देना चाहता हूँ जिन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जिन विद्यार्थियों को आज अपने मनचाहे परिणाम नहीं मिले हैं, उनसे मैं कहना चाहूँगा कि यह एक परीक्षा आपकी क्षमताओं या आपके भविष्य की सफलता को निर्धारित नहीं करती। सीखने की प्रक्रिया जीवनभर चलती है, और यह उसका केवल एक पड़ाव है। इसलिए आत्मविश्वास बनाए रखें, निरंतर प्रयास करते रहें और आगे आने वाले अवसरों के लिए तैयार रहें।

फ़िज़िक्सवाल देशभर में ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म, हाइब्रिड केंद्रों और ऑफलाइन कोचिंग संस्थानों के माध्यम से जेईई एवं नीट सहित विभिन्न कम्पेटिटिव एग्ज़ामिनेशन्स की तैयारी के साथ-साथ स्कूली शिक्षा के लिए भी शैक्षणिक सहायता प्रदान करता है। शहर में संचालित इसके ऑफलाइन विद्यापीठ केंद्र विद्यार्थियों को सुव्यवस्थित परीक्षा तैयारी, नियमित शैक्षणिक मूल्यांकन तथा डाउट रेज़ोल्यूशन जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराते हैं।

# ससुराल में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**फरीदपुर।** एक सप्ताह पहले अपनी पत्नी के साथ ससुराल में आए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका सब गौसगंज रेलवे फाटक के आगे लिफ्ट के पेड़ के नीचे गले में फांसी का फंदा लगा हुआ पड़ा मिला प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का माना जा रहा है। हालांकि युवक का शव पेड़ के नीचे जमीन पर औंधे मुंह पड़ा मिला और उसके गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक ने पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगाई, लेकिन वजन के कारण रस्सी टूट गई। गले में फंदा कसा होने से उसकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान पिंटू यादव, निवासी ग्राम धोरेरा थाना सिरौली के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पिंटू की शादी दो माह पूर्व फरीदपुर के जय गुरुदेव गोटिया निवासी युवती से हुई थी और वह पिछले 15 दिनों से अपनी पत्नी के साथ ससुराल में रह रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा कांटा और उसके ससुरालयों पर उसकी हत्या का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर क्राइम चमन सिंह भडाना ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।



# ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में हुई घपलेबाजी को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका

स्वतंत्र भारत



**हरपालपुर।** ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में घपलाबाजी को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई थी। कोर्ट के आदेश पर सोमवार को जिला समाज पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने करीब डेढ़ घंटे तक स्थलीय सत्यापन किया हरपालपुर विकास क्षेत्र के मुर्चा रामनगर ग्राम पंचायत में गुरुमुखी ग्राम प्रधान है। गांव के ही योगेंद्र कुमार व सर्वेश कुमार ने उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में करीब बीस लाख रुपए की घपलेबाजी का आरोप लगाते हुए जनहित याचिका दायर की थी। डबल बेंच के विद्वान जज मंजीवे शुक्ला व राजन राय ने जिला मजिस्ट्रेट को प्रकरण की गंभीरता को लेते हुए स्थलीय सत्यापन के आदेश दिए थे। सोमवार को जिला समाज पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विनय कुमार तिवारी तथा जिला नलकूप अभियंता की संयुक्त टीम ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम पंचायत में 16 इण्डिया मार्का-2 हैंडपंप के रिबोर व मरम्मत के नाम पर 1345068 रुपए का गवन किया गया है। तथा गौशाला में चार टीन शेड का निर्माण दर्शाया गया है। जबकि मौके पर दो शेड ही पड़े हैं। हालांकि पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है।

# गल्ला मंडी मार्ग का टेंडर निकालने के बाद भी निर्माण कार्य बाधित

स्वतंत्र भारत

**पाली ।।** कस्बे से गल्ला मंडी जाने वाला मार्ग टूट चुका था । वही इस मार्ग को बनाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन की तरफ से टेंडर निकाला गया वहीं टेंडर निकालने के बाद सड़क मार्ग पर कुछ कार्य किया गया वहीं बीच में ही कार्य बंद कर दिया गया वह सड़क मार्ग लोगों के लिए जी का जंजाल बन चुकी है इस सड़क मार्ग पर आने जाने पर राहगीरों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जबकि इस सड़क मार्ग पर कई गांव के लोगों का आना-जाना बराबर बना रहता है इस मार्ग पर गंदगी का अंबार लगे होने के कारण लोगों को बदबूदार पानी से भी गुजरना पड़ रहा है जिससे बीमारी फैलने का भी खतरा बना रहता है इसकी मुख्य वजह है जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है इसी वजह से लोग गंदे पानी पर चलने को मजबूर हैं मोहल्ले वासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से अति शीघ्र सड़क निर्माण कराए जाने व जल निकासी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है अगर अति शीघ्र सड़क निर्माण पर कार्य नहीं कराया गया तो मोहल्ले वासी जिला अधिकारी के सामने अपनी सड़क की गंभीर समस्या रखेंगे

# विद्यालय निर्माण हेतु वयोवृद्धा ने दान कर बढ़ाया हाथ

स्वतंत्र भारत



**बेनीगंज (हरदोई)।** जनपद हरदोई में ब्लॉक कोथावां के उमरारी में स्वामी सर्वेश्वरा नंद सरस्वती शिशु मंदिर के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर निवासी 90 वर्षीय वयोवृद्धा श्रीमती कमल कुमारी सिंह ने 11000 रूपये दान कर विद्यालय निर्माण में सहयोग राशि देकर विशाल इमारत बनाने का आशीर्वाद दिया।

यह जानकारी प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव ने देते हुए बताया कि जल्द ही विद्यालय के निर्माण हेतु भूमि पूजन करा कर अविलंब कार्य कराया जाएगा। जिससे ग्रामीण आंचल में भी शिक्षा की अलख जगाई जा सके और भारत के भविष्य नौनिहाल बालक एवं बालिकाओं का निर्माण हो सके। इसी क्रम में प्रधानाचार्य श्री यादव जी ने आम जनमानस से अनुरोध करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति इस पुनीत कार्य विद्यालय निर्माण में तन मन और धन का सहयोग एवं दान कर सकते हैं। दान करने वाले व्यक्ति को इस बात का ध्यान अवश्य रखना पड़ेगा कि वह विद्यालय समिति से दान रूपी रसीद अवश्य प्राप्त कर लें। जिससे कि दान विद्यालय निर्माण में लग सके। उक्त विद्यालय प्रबंधक महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रानू भइया ने कहा कि इस विद्यालय निर्माण से गांव सहित समूचे क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने भी क्षेत्रीय सम्मानित जनों से अपील करते हुए कहा कि मन्दिर, कुआं, तालाब एवं विद्यालय सदैव ही निर्माणाधीन रहते हैं और आम जनमानस से ही संभव होते हैं। इसी कड़ी में पुनः कहा कि जल्द से जल्द विद्यालय के निर्माण हेतु कार्य करवाया जाएगा तब तक भूमि चिन्हित कर ली गई है।

# पाँचवे मंगलवार को जगह-जगह पर आयोजित हुए भंडारे



**माधोगंज।** जेष्ठ माह के मंगलवार को हनुमान जी के भक्तों ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार हुए. नगर के मुख्य चौराहे पर बैंक ऑफ इंडिया के सामने शंकरलाल राठौर, शिवम राठौर, हुकुमचंद, बंगाली, रामू एवं रुद्रप्रकाश द्वारा कढ़ी-चावल के प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं बालाजी मेडिकल के सामने दीपू अवस्थी, अभिनव अवस्थी, रामबालक राठौर, रामशंकर कुशवाहा एवं अर्पित कुमार ने पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया। तिकुनिया पार्क स्थित हरदेव राजा मंदिर परिसर में नामित सभासद सीमा अर्कवंशी, कृष्णकुमार अर्कवंशी, हर्षित अर्कवंशी ने भण्डारा आयोजित किया, क्षेत्रीय विधायक माननीय आशीष सिंह आशू सहित क्षेत्र के काफी संख्या मे लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया गौरव कश्यप मनीष तिवारी रामनरेश आर्य सुशील, मुकेश इत्यादि सहयोगियों ने श्रद्धालुओं को छोला चावल का प्रसाद बांटा, ब्लाक के निकट दीपू गुप्ता, सदर बाजार में कई जगह भंडारे हुए. बघौली मार्ग पर दौलत यारपुर तिराहे पर शरबत, सर्वेश्वरानंद आश्रम पर पूड़ी सब्जी, नहर पुल आदि स्थानों पर प्रसाद वितरण किया गया.वहीं ग्राम फिरोजपुर में प्रधान नंदराम गौतम, अखिलेश एवं जय जय राम द्वारा बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया।

भंडारों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया. पूरे दिन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

# बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन, पूजा-अर्चना एवं कन्या भोज के साथ हुआ शुभारंभ



**पाली।** जेष्ठ माह के पावन बड़े मंगलवार के अवसर पर नगर पाली के मोहल्ला सुलह सराय में मोहल्ला वासियों द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ भाजपा पाली मंडल अध्यक्ष राकेश रंजन त्रिवेदी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। इसके उपरांत कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया गया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस दौरान बजरंगबली के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। भंडारे में पूरे दिन श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया और लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

# जन सुनवाई से प्राप्त शिकायतों का समय से करें निस्तारण



**हरदोई।** आज कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 60 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण ससमय और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई मे अतिरिक्त मजिस्टेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी अयोध्या में हरदोई से शिक्षक हुए सम्मानित




**हरदोई।** राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी का आयोजन रविवार को शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ. प्र. द्वारा मारवाड़ी भवन अयोध्या, उ. प्र. में किया गया। जिसमें जनपद अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गनाइजेशन के महासचिव सी.एल.रोज़, नेशनल कॉन्टेक्ट मेम्बर एआईएफटीओ माधुरी रोज, शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ. प्र. के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह एवं नेशनल वूमेन कमेटी सदस्य डॉ पूर्णिमा गोस्वामी की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभिन्न प्रदेशों के साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये प्रतिभागियों द्वारा नवाचार पर अपने विचार प्रस्तुत किये गए। बच्चों को विभिन्न नवाचारों व गतिविधियों के माध्यम से रुचिपूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने सम्बन्धी कई सुझावों पर मंथन हुआ। जनपद अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी ने आये सभी लोगों का स्वागत करते हुए शिक्षक के विचारों से सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी नवाचारी शिक्षक धन्य है जो नई विधियों से सिखा रहे हैं। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी के विचारों को एक से बढ़कर एक बताया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इस तरह की कार्यशाला को समय-समय पर किये जाने के लिए प्रेरित किया गया। वास्तव में इस तरह के आयोजनों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। संगोष्ठी समापन के समय जनपद हरदोई के प्राथमिक विद्यालय हरीपुर ग्रंट, टड़ियावां के शिक्षक अभिषेक मिश्र व संविलियन विद्यालय कछौना के शिक्षक चन्द्रकेश यादव को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महसचिव ऑल इण्डिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गनाइजेशन सी.एल. रोज ने शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रति वर्ष राष्ट्रीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है ताकि देश भर के शिक्षक आपस में अपने नवाचार साझा कर सके।

# जिलाधिकारी ने कछुआ तालाब का किया निरीक्षण



**हरदोई।** आज जिलाधिकारी अनुनय झा ने बिलग्राम तहसील के ककराखेड़ा गांव में स्थित कछुआ तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तालाब में बढ़ती गंदगी, जलकुंभी और कछुओं के प्राकृतिक आवास को हो रहे नुकसान का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तालाब के पानी में प्लास्टिक कचरा व गंदगी पाई गई, जिससे पानी दूषित हो रहा है। तालाब में रहने वाले कछुओं और अन्य जलीय जीवों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, जिलाधिकारी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तालाब की सघन साफ़-सफ़ाई और जलकुंभी हटाने के साथ ही आस पास में लगी झाड़ी के निर्देश दिए। उन्होंने तालाब के सौंदर्यीकरण और कछुओं के संरक्षण के लिए तालाब के किनारों को दुरुस्त करने और पानी को स्वच्छ रखने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कछुआ तालाब की पृष्ठभूमि, पर्यावरणीय महत्व, जलवैज्ञानिक स्थिति और मौजूदा जलीय जैव विविधता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कछुआ तालाब के आसपास जल गुणवत्ता में गिरावट, सीवेज और नालियों के प्रवाह, ठोस और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रदूषण, जलकुंभी के फैलाव, दुर्गंध और अतिक्रमण से संबंधित आकलन करें। उन्होंने कहा कि तालाब को जाने वाली सड़क को इण्टर लाकिगं कराया जाये। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित किया कि तालाब के सौदर्यीकरण के सम्बन्ध मे डिजाइन बनाकर जल्द प्रस्तुत करे। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी, उपजिलाधिकारी बिलग्राम, परियोजना निदेशक, जिला पंचायतराज अधिकारी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, फाउण्डेशन इण्डिया से शैलेन्द्र, एचसीएल के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# राजमार्ग पर अवैध पार्किंग एवं शहर में अतिक्रमण की समस्या, जिलाधिकारी ने की समीक्षा

स्वतंत्र भारत




**हरदोई।** आज स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग, सड़क किनारे अतिक्रमण तथा इनके कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात को बाधित करने वाले सभी अवैध अतिक्रमणों एवं अनधिकृत पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क किनारे खड़े भारी वाहन, अवैध पार्किंग तथा शहर के अंदर अतिक्रमण दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनते हैं। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस, परिवहन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा स्थानीय निकायों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की व्यवस्था की जाए। अवैध पार्किंग करने वाले वाहन स्वामियों एवं अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित स्थानों पर ही वाहन खड़े करें तथा सड़क एवं राजमार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। सभी के सहयोग से ही सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध गौतम, सहायक संभागीय अधिकारी अरविंद कुमार सिंह संहिता अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे

# जल जीवन मिशन की बैठक में खराब प्रगति पर जिलाधिकारी सख्त




**हरदोई।** आज स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेऊट में जिलाधिकारी अनुनय झा ने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजनाओं की धीमी गति और तय समय-सीमा में कार्य पूरा न होने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। कार्य में शिथिलता और खराब प्रगति को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने एनसीसी व सम्बन्धित जेई को कड़ी फटकार लगाई, तथा सम्बन्धित जेई की खराब प्रगति पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने संतोषजनक प्रगति न पाए जाने पर अधिशासी अभियंता, जल निगम, को कड़ी फटकार लगाते हुये प्रगति मे सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएम ने कहा कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या लेत-लतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी समीक्षा बैठक तक प्रगति रिपोर्ट में सुधार नहीं दिखा, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा व्याडवाल, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित सभी सम्बन्धित उपस्थित रहें।

# भामिमो अध्यक्ष पर मुकदमे से जनाक्रोश

**कछौना।।** कछौना की ग्राम सभा बाण की ग्राम प्रधान व भारती जनता पार्टी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता पाल पर झूठा मुकदमा लिखा जाने पर आक्रोश प्रधान व समर्थकों ने प्रभारी निरीक्षक कछौना को मंगलवार को निष्पक्ष जांच कर झूठा मुकदमा खत्म करने के विषय में ज्ञापन दिया। दिए गए ज्ञापन में मंडल अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा निवासी पैरा ने बताया गांव के विपक्षी गणों ने ग्रामीणों के सामने राजनीतिक विरोध के चलते गाली गलौज किया। विपक्षीगणों की शिकायत पर कछौना पुलिस ने बिना जांच के ग्राम प्रधान गीता पाल व उनके पति पर सिद्ध पाल पर मुकदमा पंजीकृत किया। मंडल अध्यक्ष ने बताया विपक्षीगण काफी दबंग व प्रभावशाली हैं। घटना ग्राम पंचायत बाण के संविलियन विद्यालय



पैरा की है, जहां कृषि आवंटन (पट्टा) हेतु खुली बैठक चल रही थी। जिसमें ग्राम सभा के ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। राजस्व कर्मी भी मौजूद थे। लाभार्थियों ने अपना अपना आवेदन प्रस्तुत किया, इसी दौरान गांव के कुछ विपक्षीगण राजनीतिक विरोध के चलते माहौल खराब किया। महिला ग्राम प्रधान के साथ अभद्रता की, उलटे कछौना पुलिस ने विपक्षियों की शिकायत पर बिना जांच व साक्ष्यों के महिला ग्राम प्रधान व उसके पति सिद्धपाल पर मुकदमा पंजीकृत किया। पीड़ित महिला प्रधान गीता पाल ने ज्ञापन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच व झूठा मुकदमा खत्म करने की मांग की है।

# अंधेरे में पंचायत भवन और 50 परिवार शिकायतों के बावजूद नहीं सुधरी बिजली व्यवस्था

**हरदोई।** विकास खंड शाहाबाद के विद्युत उपकेंद्र आलमनगर से पोषित ग्राम पंचायत ररी में बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार 33/11 विद्युत उपकेंद्र आलमनगर से जुड़ी एलटी लाइन पिछले 9 दिनों से टूटकर नीचे पड़ी हुई है, जिसके कारण पंचायत भवन सहित लगभग 50 उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बताया गया कि मामले से शाहाबाद खंड के अधिशासी अभियंता को भी अवगत कराया गया, बावजूद इसके विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। लगातार 9 दिनों से बिजली न मिलने के कारण पंचायत भवन के कार्य प्रभावित हो रहे हैं, वहीं भीषण गर्मी में ग्रामीणों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों से तत्काल क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

# नए आरएम ने ज्वाइन करते ही किया निरीक्षण

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के हरदोई क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने मंगलवार को आधिकारिक रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। हालांकि, दफ्तर में कुर्सी संभालने से ठीक पहले नए आरएम सीधे ऐक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने डिपो परिसर का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसके बाद क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचकर विधिवत जॉइनिंग की। सुबह हरदोई पहुंचते ही क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा सीधे हरदोई डिपो परिसर में दाखिल हुए। उनके औचक निरीक्षण से डिपो में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद एआरएम (सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक) भुवनेश्वर कुमार ने डिपो में उपलब्ध बसों की स्थिति, साफ-सफाई और यात्री सुविधाओं से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं की बिंदुवार विस्तृत जानकारी दी। नए आरएम ने डिपो की कार्यप्रणाली को गहराई से समझा और यात्रियों को बेहतर से बेहतर सफर का अनुभव देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** क्षेत्र के कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक परिसर में मंगलवार मिशन शक्ति टीम के प्रभारी रमाशंकर सिंह व कांस्टेबल राजेश मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला सशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर ( आईजीआरएस) - 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108 गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कैंप का आयोजन, युवाओं ने लिया हिस्सा



**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** विकास खण्ड हलिया के सभागार में मंगलवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान 2.0 के तहत आयोजित शिविर कैंप में युवाओं की भीड़ उमड़ी। हलिया ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम की है। शिविर कैंप आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया है।शिविर में अधिकारियों द्वारा युवाओं को 5 लाख रुपये तक के ब्याज रहित ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में उद्योग विभाग के कर्मचारियों द्वारा पोर्टल पर 19 आवेदन का ऑनलाइन किया गया है।शेष युवाओं को नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र से कराने का आश्वासन दिया है। कैंप का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।नोडल अधिकारी विजयेश कुमार ने बताया की शिविर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लिए 19 युवाओं के आवेदन को ऑनलाइन किया गया है इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी कृषि नरेंद्र कानापुरिया,सहायक विकास अधिकारी सुशील सिंह, सीएम फेलो गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आने से महिला हुई अचेत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के हथिया बांध गांव निवासी मीना देवी 56 वर्ष रात्रि साढ़े नौ बजे मीना नें फर्रटा पंखा का प्लग बोर्ड में लगा रही थी तभी वह करेंट की चपेट में आ गई और अचेत होकर गिर गई घर वाले घबरा गए और 108 एम्बुलेंस को सुचना दिया मौके पर 108 के इएमटी संतोष भारतीय पायलट दिलीप यादव के साथ मौके पर पहुंचे।


# पंचायत सहायकों ने बहिष्कार की चेतावनी दी 15 जून को लखनऊ में धरना प्रदर्शन का ऐलान




**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** हलिया विकास खण्ड के पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया है। पंचायत सहायक अध्यक्ष विनीत कुमार पाण्डेय द्वारा मंगलवार को सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपेश श्रीवास्तव , हलिया को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 15 जून 2026 से सभी पंचायत सहायक कार्य बहिष्कार करेंगे। 01 जून से प्रदेश के समस्त पंचायत सहायकों ने मोबाइल एप्लिकेशन से संबंधित कार्यों और ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार किया था।यदि आगामी दो माह में पंचायत सहायकों का मानदेय वृद्धि, सेवा नियमावली का निर्माण, मोबाइल फोन और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने पर सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तो 15 जून 2026 से सभी पंचायत सहायक गोमती तट, लखनऊ में

# मैजिक वाहन व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की हुई मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव में मंगलवार की शाम मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है पुलिस दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी 28 वर्षीय मोनू कोल बाइक से अपने रिश्तेदार कवलझर गांव निवासी 30 वर्षीय सुनील के साथ बाइक से पिपरा बाजार की तरफ से लौट रहा थे की बाइक जैसे ही मुड़पेली गांव में पहुंची की सामने



से आ रहे मैजिक वाहन से आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंचे एसआई कृष्ण कुमार सिंह व पीआरवी 112 पुलिस मामले की जांच पड़ताल करते हुए दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसा इतना भीषण था की बाइक मैजिक वाहन में जाकर फंस गई इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की मौत होने की सूचना मिली है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दिया गया है।

## बाइक सवार दम्पति गिरकर घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी खुर्द गांव में मंगलवार की शाम बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से बाइक सवार पति पत्नी घायल हो गए मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस कर्मियों ने दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी 36 वर्षीय संतोष पाल बाइक से अपनी पत्नी 30 वर्षीय निरफला के साथ घर से हलिया बाजार बाइक की किस्त जमा करने आ रहे थे की जैसे ही अहुगी खुर्द गांव में पहुँचे की तेज हवा चलने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क पर गिरकर बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर एम्बुलेंस चालक प्रवीण पाल ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विमल कुमार द्वारा दोनों घायलों का उपचार कर रहे है पत्नी बिहोशी की हालत में है।


## सिटी कालेज
सम्बद्ध डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

सिटी कालेज लक्षबर बजहा प्रतापगंज बाराबंकी में प्रवक्ता एम0एस0–सी. एजी0 (1. एग्रोनामी 02, जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग 03, एन्टोमोलॉजी 04, एग्रीकल्चर केमेस्ट्री एण्ड स्वाइल साइंस) प्रत्येक में चार–चार पद।

योग्यता अर्हता एवं वेतनमान–यू0जी0सी0 एवं डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के परिनियमानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने बायोडाटा, आवेदन–पत्र समस्त अर्हता संबन्धित प्रपत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रतियाँ एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ महाविद्यालय को डाक, व्हाट्सएप, ईमेल अथवा स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध करायें। साक्षातकार में बुलाये जाने हेतु किसी प्रकार का देय नहीं होगा।

लक्षबर बजहा प्रतापगंज बाराबंकी
मो0 : 8177001081
E-Mail : citycollegebbk@gmail.com


## सार्वजनिक सूचना

मैं श्वेता सोनी निगम पुत्री शिव बालक सोनी पत्नी दुर्गेश निगम नि. म.न.1 /176, विराट खंड-1, गोमतीनगर लखनऊ मेरे पति द्वारा मेरे मूल दस्तावेज जानकीपुरम से घर लाते समय रास्ते में गिर गए हैं जिसमें मूल पासपोर्ट (संख्या H0347924), हाई स्कूल मार्कशीट न. TX3393468, हाई स्कूल सर्टिफिकेट न. TX6380695, इंटरमीडिएट मार्कशीट न. BE1265429 इंडेक्स न. B/8358/116, B.SC मार्कशीट (तीनों साल) रोल न. 3410884, प्रो. ग्रेजुएशन डिग्री न. A868 रोल न. 3410884, एम.बी.ए. सभी सेमेस्टरस मार्कशीट रोल न. 63050, प्रोविजनल पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री रोल न. 63050, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र व JAIIB & CAIIB सर्टिफिकेट जिस किसी को मेरे दस्तावेज मिले कृपया मेरे मो. न. 9918742628 पर सूचित करे किसी के द्वारा इन दस्तावेजों का दुरुपयोग किया जाता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सी.आर.-426/ L

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम अन्शु ओझा (ANSHU OJHA) पुत्री उमापति ओझा है जो मेरे आभिलेखों में अंकित है त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड 5312 25404136 में मेरा नाम कुमारी पूजा (KUMARI PUJA) अंकित हो गया है। जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम अन्शु ओझा (ANSHU OJHA) पुत्री उमापति ओझा के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं।

**अन्शु ओझा पुत्री उमापति ओझा**
**ग्राम - बाठा**
**पोस्ट - कनुवान**
**जिला - गाजीपुर उ0प्र0**

सी.आर.-427/ D

## हेतु संदर्शित करने की सूचना
**(साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश क.स.-2 प्रयागराज**
**वाद स0- 1268 सन् 2025**

1.महजबीन बानो पत्नी चाँद अहमद पुत्री मोहम्मद शाहिद निवासी ग्राम- सम्हई थाना नवावगंज पो0 मन्सूरा बाद तह0 सोरांव जिला- प्रयागराज

2.हिवा मन्सूरी पुत्री चाँद अहमद उम्र लगभग 2 साल निवासी-ग्राम सम्हई थाना नवावगंज पो. मंसूराबाद तह.सोरांव जिला-प्रयागराज..... वादी

बनाम

चाँद अहमद पुत्र जमील अहमद उम्र 34 वर्ष निवासी-ग्राम बहरिया मजरे रहवाई थाना एवं तहसील कुन्डा जिला-प्रतापगढ़....विपक्षी

अंतर्गत धारा 144 BNSS थाना नवाबगंज -- जि0 प्रयागराज

चूँकि ऊपर नामोकित ने इस न्यायालय से आवेदन किया है कि ....अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2026 के 06 के 06 दिवस को दो बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।

**नियत तिथि - 06/06/2026**

**न्यायाधीश**

सी.आर.- 427/D-CN


स्वतंत्र भारत
# वर्गीकृत


## सूचना

मैंने अपने पुत्र हिमांशु सिंह व उसकी पत्नी गुड़िया उर्फ भारती को उनके गलत आचरण के कारण उनसे सम्बन्ध-विच्छेद कर समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। जगदीश सिंह पुत्र राम खेलावन सिंह, पता-नि.- 473/132 रूपपुर खदरा, लखनऊ।

सी.आर.-425/ L-50

## NOTICE

It is hereby informed to the General Public that I have Changed my Name from NIZAMUDDIN KHAN S/o SHAUKAT ALI KHAN to NIZAMUDDIN, In the future, I shall be known and recognized by the NIZAMUDDIN S/o SHAUKAT ALI, Address: VILL.-DHAWARIYA, POST-BANKUIYA, BANSI, SIDDHARTHNAGAR, UP

सी.आर.-429/ L-25

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र मो.जायद को गलत चाल चलन के चलते समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दी हूं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। हसीना बानो पत्नी मो मुसाफिर नि.-कजियाना टॉवर, अलीगंज न.प.मानिकपुर प्रतापगढ़।

सी.आर.-428/ D-30

## संबंध विच्छेद

मैंने पुत्र अरुणकुमार यादव के दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद करलिए है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। राजकुमारयादव नि.मो. तारीनटिकली, सदर, शाहजहांपुर।

सी.आर.-430/ D-25

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र मनप्रीतसिंह, पुत्रवधू पवनप्रीतकौर को दुर्व्यवहार के चलते चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। बलजिन्दर सिंह पुत्र गुरदयालसिंह नि.ग्रा. गुलौली, पुवायां-शाहजहांपुर।

सी.आर.-430/ D-27

## सूचना

मेरा बैनामा स्थित ग्राम रूस्तमपुरचक पर. व तह. जलालाबाद जिला शाहजहांपुर दिनांक 28-07-2015 वही प्रथम खण्ड 4268 पृष्ठ 223/238 क्रमांक 6829 जो वास्तव में खो गया है। संजयकुमार त्रिपाठी पुत्र जयप्रकाशत्रिपाठी नि. कठघर तह. शाहगंज - बिजनौर Mo,8726942972

सी.आर.-430/ D-30

## सूचना

मेरी पुत्री का आधारकार्ड में नाम असिया (Asiya) अंकित हो गया जो गलत है सही नाम इसरा (Isra) है, भविष्य में पुत्री को इसी नाम से जाना जाए। तस्लीम पुत्र शराफतअली नि. सिकंदरपुरअफ़ग़ानान, जलालाबाद शाहजहांपुर।

सी.आर.-430/ D-26

## लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन/दुकान संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्रीमती पुष्पा देवी व श्री टिका प्रसाद | भूखण्ड संख्या-एस-711 | उदयन-2 शारदा नगर योजना रायबरेली रोड, लखनऊ | श्री टिका प्रसाद की मृत्यु दिनांक-11.07.2018 | श्रीमती पुष्पा देवी | 1. श्री विनीत चौधरी (पुत्र) 2. श्री नितिन चौधरी (पुत्र) 3. श्रीमती कोमल कनौजिया (पुत्री) | पत्नी |
| 2. | स्व० डी०पी० सिंह | भू० सं०-ए-1/21 | सेक्टर-बी, अलीगंज | 06.02.2024 | श्रीमती विद्यावती सिंह, श्रीमती मीरा सिंह, श्रीमती पूर्णिमा सिंह एवं श्रीमती रमा सिंह वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार | श्री महेन्द्र सिंह, श्री राहुल सिंह, श्री अभिजीत सिंह, श्री अभिमन्यु सिंह एवं सुश्री मांडवी सिंह | वारिसान |
| 3. | श्री अमर चन्द्र गुप्ता एवं श्रीमती राधा रानी गुप्ता | भ० सं०-सी-47/3 | पेपर मिल कालोनी योजना निशातगंज | 10.01.2021 | 1. श्री अमर चन्द्र गुप्ता | 1. श्री संजय गुप्ता, 2. श्री प्रवीन गुप्ता, 3. श्री सचिन गुप्ता | पति/पुत्रगण |
| 4. | स्व० हेमलता जोशी (मृतक) | भूखण्ड संख्या-डी-67 | कुतुबपुर इरादतनगर | 08.12.2022 | श्री मनोज जोशी एवं श्री दीपक जोशी पुत्रगण स्व. हेमलता जोशी व श्रीमती सुनीता जोशी-पत्नी, श्री नीलाभ जोशी-पुत्र एवं श्री कुशाग्र जोशी-पुत्र स्व० हिमांशु जोशी | - | पुत्र/पुत्री/पत्नी |
| 5. | स्व. डा. महिपतराम झा (मृतक) | भूखण्ड संख्या-बी-164 | कुतुबपुर इरादतनगर | 03.06.2019 | श्री संजीव झा-पुत्र, श्रीमती संगीता त्रिवेदी-विवाहित पुत्री, श्रीमती वसुधा झा-विवाहित पुत्री, श्रीमती डा०रागनी टंडन-विवाहित पुत्री एवं श्रीमती मंजरी सोढ़ी-विवाहित पुत्री पुत्र/पुत्री स्व०डा०महिपतराम झा | - | पुत्र/पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

## उत्तर रेलवे
### ई– ऑक्शन सुचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि स० | MKG-SMU |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at MKG Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27-05-2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि ( समस्त लाट ) | 13-06-2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 13-06-2026 at 11:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MANAK NAGAR | Catg-LKO-MKG-SMU-93-24-1 | MKG/PF-1/41/ADDL | 13-06-2026 at 11:30 hrs | SMU | SC(WOMEN) |

No: C-285-Letter of award /E-auction/2024/JSM Dt:-02-05-2026 1864/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय नगरपालिका परिषद गौरा बरहज, जनपद-देवरिया

पत्रांक– मेमो/2026 न0पा0परि0 (2026–27) दिनांक– 01.06.2026

### अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

इससे सम्बन्धित सभी फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गौरा बरहज देवरिया द्वारा कार्यालय जिलाधिकारी, देवरिया के पत्र संख्या–1288/एल0बी0सी0–2026, दिनांक– 13 मार्च 2026 के क्रम में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक–10.03.2026 को "राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित नाला सफाई कार्यो के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरा बरहज से कार्यालय समय एवं दिवस में जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 02.06.2026 09.00 AM |
| 2. | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 02.06.2026 10.00 AM |
| 3. | ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 02.06.2026 10.00 AM |
| 4. | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 08.06.2026 03.00 PM |
| 5. | ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 08.06.2026 04.00 PM |

**(निरुपमा प्रताप)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज**
**देवरिया**

**(श्वेता जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज**
**देवरिया**

## उत्तर रेलवे
### निविदा रद्द करने की सूचना

प्रशासनिक कारणो से "कैरेज वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में आर.एस.पी.; विधि किताब संख्या 719/24-25 के अन्तर्गत बी.जी. कोचों के ए.आर.टी./ए.आर.एम.ई. कोचों में परिवर्तित करने का कार्य। निविदा सूचना सं. विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/222/2026-27 दिनांक: 27.05.2026 रद्द की जाती है।

सूचना संख्या: विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/222/2026-27 दिनांक: 02.06.2026 1863/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## Sanjay Gandhi Postgraduate Institute of Medical Sciences
Raebareli Road, Lucknow-226014 (U.P.)
Ph.: 2668004-8, 2668700, 2668800, 2668900

Applications are invited for one (1) post of Project Research Scientist I, in an ICMR-funded research project at the Department of Medical Genetics, SGPGIMS, Lucknow. The details are on the institute website: (www.sgpgims.org.in). For enquiry, please email asrivastavapgi@gmail.com.

Dr. Anshika Srivastava
(Principal investigator)

Advt. No. R/09/2026-27 DIRECTOR

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51265213 | "Wheel Press- 500 Ton as per specification attached (Cost of basic machine only). | 1 Nos. | 30.06.2026 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं: 51265213 दिनांक: 01.06.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1845/26

## उत्तर रेलवे
### ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | सी.ए.एम.सी. (विथ मटेरियल) ऑफ़ इलेक्ट्रिक अनलिंग फर्नेस एंड इलेक्ट्रिक नोरमलीज़िंग फर्नेस फॉर (03) इयर्स (क्वार्टरली बेसिस) ऑफ़ (02) मशीन्स। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 33,11,237.22/- मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 66,200/- मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 वर्ष |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक– 23.06.2026 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 09 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 10 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं. 2026–ए.एम.वी.– सी एंड डब्लू–ईनिविदा–24 दिनाँक: 01.06.2026 1854/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

